बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयदशमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-53 मूल्य 3.00 ₹

## विजयदशमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

असत्य पर सत्य का विजय पर्व विजयदशमी की समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों, संवाददाताओं, हाकरों को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पायनियर परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पायनियर कार्यालय में 12 अटूबर को दशहरा पर्व पर अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक आपको 14 अक्टूबर को प्राप्त होगा।

- संपादक

श्री रावतपुरा सरकार
ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

## सांस्कृतिक संबंध मजबूत बनाएंगे भारत लाओस

वार्ता ◄ वियेनतिएन
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिफांडोन के साथ पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय बैठक की और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए मिल कर काम करने का संकल्प लिया। सूत्रों के अनुसार, मोदी ने 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए लाओस के प्रधानमंत्री को बधाई दी। दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-लाओस सभ्यतागत और समकालीन संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे विकास साझीदारी, क्षमता निर्माण, आपदा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, विरासत बहाली, आर्थिक संबंध, रक्षा सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री सिफांडोन ने टाइफून यागी के बाद लाओस को प्रदान की गई भारत की बाढ़ राहत सहायता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भारतीय सहायता के तहत यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, वट फू की चल रही बहाली और संरक्षण द्विपक्षीय संबंधों को एक विशेष आयाम प्रदान करता है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। सिपांडोन ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका का समर्थन किया। भारत ने 2024 के लिए आसियान की अध्यक्षता के लिए लाओस का पुरजोर समर्थन किया है। बैठक के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, प्रसारण, सीमा शुल्क सहयोग और मेकांग-गंगा सहयोग के तहत तीन त्वरित प्रभाव परियोजनाओं के क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों/समझौते का आदान-प्रदान किया गया। ये क्यूआईपी लाओ रामायण की विरासत के संरक्षण, रामायण से संबंधित भित्ति चित्रों के साथ वाट पाकिया बौद्ध मंदिर की बहाली और चंपासक प्रांत में रामायण पर छाया कठपुतली थिएटर को समर्थन देने से संबंधित हैं। तीनों क्यूआईपी में से प्रत्येक को लगभग 50 हजार अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता देने का प्रस्ताव है। भारत लाओ पीडीआर में पोषण सुरक्षा में सुधार के लिए लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता भी प्रदान करेगा। भारत संयुक्त राष्ट्र विकास साझीदारी निधि के माध्यम से यह सहायता, दक्षिण-पूर्व एशिया में निधि की पहली ऐसी परियोजना होगी।

## नोएल नवल टाटा बने टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com



स्वर्गीय रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उन्हें टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष भी नामित किया गया है। टाटा ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टों के ट्रस्टियों ने एक संयुक्त बैठक की। उन्होंने टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन एन. टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया और न केवल टाटा समूह बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई सेवाओं को याद किया। इसके तुरंत बाद आयोजित अलग-अलग बैठकों में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टों का अध्यक्ष नियुक्त करने और उन्हें टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष नामित करने का निर्णय लिया गया। टाटा ट्रस्ट ने एक बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस अवसर पर नोएल नवल टाटा ने कहा मैं अपने साथी ट्रस्टियों द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी से बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं। मैं रतन एन. टाटा और टाटा समूह के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। एक सदी से भी अधिक समय पहले स्थापित, टाटा ट्रस्ट सामाजिक भलाई के लिए एक अनूठा माध्यम है। इस पवित्र अवसर पर, हम अपने विकासात्मक और परोपकारी पहलों को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि 1892 से, भारत की सबसे पुरानी परोपकारी संस्था, टाटा ट्रस्ट, समुदायों के बीच स्थायी प्रभाव पैदा करने में सबसे आगे रही है। हमारे संस्थापक, जमशेदजी टाटा के दूरदर्शी परोपकार में निहित, ट्रस्ट परिवर्तनकारी बदलाव को उत्प्रेरित करने और देश भर में समुदायों को ऊपर उठाने वाली प्रगति का नेतृत्व करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा नवाचार, समावेशिता और स्थिरता के लिए हमारी स्थायी प्रतिबद्धता हमारे काम में अंतर्निहित है। हमने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, जल, स्वच्छता और सफाई, आजीविका, शहरी आवास, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और ऊर्जा, कौशल विकास, खेल और कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ठोस और सतत विकास को बढ़ावा दिया है।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। साय ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि विजया दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। यह हमें सत्य के मार्ग पर चलने का साहस देता है, हमें विश्वास दिलाता है कि सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है।

### हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 15 को पंचकूला में!

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार प्रचंड जीत हासिल की थी। तमाम अनुमानों को झुठलाते हुए पार्टी ने 48 सीटें हासिल की हैं। नायब सैनी का सीएम बनना तय है। हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 15 अक्तूबर को पंचकूला में होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव ने समारोह की तैयारी के लिए 10 सदस्य कमेटी गठित कर दी है। शपथ समारोह में पीएम मोदी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। नायब सैनी का सीएम बनना तय है। वहीं उनके साथ 10 से 11 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं।

तीन निर्दलीय भी भाजपा के साथः भाजपा बहुमत में है हालांकि तीन निर्दलीय विधायकों सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के पक्ष में अब 51 सदस्य हो गए हैं। सरकार को समर्थन की घोषणा करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों में से एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मु के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर, दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देशानुसार राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एन. आई. टी. रायपुर, आई. आई. टी. भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भेंट कर नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## मथुरा में होगी आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक


पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक होगी। 25 और 26 अक्टूबर को होने वाली ये बैठक परखम गांव में होनी है। हर साल ये बैठक इन्हीं दिनों में दीपावली से पहले होती है। इस बैठक में संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाह और अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुखों सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहेंगे। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के मुताबिक, बैठक में देश के समसामयिक मुद्दों पर चर्चा होगी। विजयादशमी पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के विचारों और संबोधन के महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी। मार्च 2024 में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा और संघ कार्य के विस्तार की जानकारी ली जाएगी। मोहन भागवत ने अपने संबोधन में लोगों को बताया कि जिंदगी कैसे जिएं। उन्होंने कहा, हमको अच्छा बनना है। देश को अच्छा बनाना है। हमको जागना है और देश को जगाना है। यह हमारे सामने काम है, उसी के लिए पढ़ाई है और उसी के लिए जीवन है।

## अप्रत्याशित और आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहे सेना : राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को मौजूदा और अतीत की वैश्विक घटनाओं से सीख लेते हुए सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर भविष्य की रणनीति बनाने तथा विभिन्न तरह की आकस्मिक स्थितियों से निपटने के लिए सदैव तैयार रहने को कहा है। सिंह ने सिक्किम के गंगतोक में सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी स्तर पर बातचीत जारी रहेगी। उन्होंने सेनाओं के आधुनिकीकरण पर भी बल दिया। रक्षा मंत्री ने खराब मौसम को देखते हुए सेना के सुखना बेस से वर्चुअल माध्यम से कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने विश्व की वर्तमान जटिल और अस्पष्ट स्थिति पर जोर देते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। भविष्य में युद्ध के अलग-अलग स्वरूप होंगे और यह बात दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी सैन्य संघर्षों से भी स्पष्ट है। इसके लिए सशस्त्र बलों को रणनीति और योजना बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा हमें वैश्विक घटनाओं, वर्तमान और अतीत में हुई घटनाओं से सीख लेते रहना चाहिए ताकि नुकसान को रोका जा सके। हमारे लिए जरूरी है कि हम सतर्क रहें, नियमित रूप से आधुनिकीकरण करें और विभिन्न आकस्मिक स्थितियों से निपटने के लिए लगातार तैयार रहें।

## सड़कों को बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रही सरकार : आतिशी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि यहाँ के लोगों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसे पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। आतिशी ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ सड़कों के मरम्मत की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि, सरकार के रूप में हमारी प्राथमिकता दिल्ली के लोगों को बेहतर सड़कें देना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी एजेंसियाँ युद्धस्तर पर काम कर रही है और शहर की सड़कों को बेहतर बना रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हमनें निरीक्षण में पाया कि दिल्ली में कई सड़कें जर्जर हाल में है और जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों की यहां ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़कों को ठीक करने की दिशा में सभी एजेंसियाँ ने जिस तरह मिलकर काम किया है वो सराहनीय है। उम्मीद है हम दीपावली तक सभी दिल्लीवालों को गड्ढामुक्त सड़कें देंगे।

Shri Balaji
Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का
श्री बालाजी
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज




अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर पाए स्पेशलिटी विभागों में ओ.पी.डी
सारे जांच प्रचिलित मार्केट दरो से आधी कीमत (50%) पर
गंभीर से गंभीर बीमारियों का आयुष्मान कार्ड से इलाज
ICU भर्ती आयुष्मान कार्ड से*
सारे ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से**
निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए निः शुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)
ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02

### साईबर अपराधों से बचाव व जल संरक्षण के लिए सजगता से करने होंगे प्रयास-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

## साईबर सुरक्षा व जल संरक्षण के उपायों को लेकर जागरूकता व उसे अमल में लाना बेहद जरूरी-सुप्रीम कोर्ट जस्टिस प्रशांत मिश्रा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



साईबर सुरक्षा और जल संरक्षण को लेकर रायगढ़ नगर निगम ऑडिटोरियम में गुरुवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों में साईबर सुरक्षा और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, जिला न्यायालय से सभी न्यायाधीश, जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि साईबर जागरूकता एवं जल संरक्षण यह दो ऐसे विषय है जो के समय में हम सभी के जीवन से सीधे तौर से जुड़े हुए है। साईबर अपराधों से बचाव के लिए इसके बारे में जागरूक होना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। आज टेक्नालॉजी तेजी से विकसित हो रही है। ऐसे में स्वयं को अपडेट रखना और साईबर अपराधों से जुड़ी जानकारी व उससे बचाव के तरीकों को अमल में लाकर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने अपने आसपास के वाकये बताते हुए कहा कि साईबर ठग लोगों को ज्यूडशरी से जुड़े लोगों के नाम पर भी ठगने का प्रयास करते है। ऐसे मामलों में सतर्कता व सुझबुझ से काम लेना जरूरी है। उन्होंने जल संरक्षण को लेकर कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है। जागरूकता के साथ ही जल संरक्षण के उपायों को अमल में लाकर ही हम अपने आसपास एक बेहतर वातावरण निर्मित कर सकते है। इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेकर अपने आसपास दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि साईबर अपराधों का दायरा जिस तेजी से बढ़ा है, लोगों के बीच सतर्कता का स्तर उसी अनुरूप बढ़ाना आवश्यक है। आज के डिजीटल युग में अगर समझदारी से काम न लिया जाए तो एक क्लिक में आदमी अपनी सारी जमा पूंजी गंवा सकता है। उन्होंने बताया कि चोरी जैसे अपराधों के मुकाबले अब साईबर ठगी से लोगों को कही ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। शासन-प्रशासन अपने स्तर पर ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने व अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कार्य कर रही है।

# थाना लवन पुलिस द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल लवन में चोरी करने वाले 03 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



प्रशांत देवांगन निवासी प्रज्ञा भवन राइस मिल रोड कसडोल द्वारा 11.10.2024 को थाना लवन में लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया कि, स्वामी आत्मानंद स्कूल लवन में अतिरिक्त कक्ष भवन निर्माण का काम कर चल रहा है, जहां स्कूल के एक कमरे में निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले समान को ताला बंद करके रखते है। कि दिनांक 09.10.2024 को रोज की तरह शाम 06.00 बजे कमरा का ताला बंद करके चला गया था दिनांक 10.10.2024 को दोपहर करीबन 03.00 बजे स्कूल जाकर कमरा को देखा तो, कमरे का ताला कब्जा सहित टुटा हुआ था तथा अंदर में रखे समान को चेक करने पर कुल 10,000 कीमत मूल्य का, कमरा में कपलाक पाईप 12 नग, बेसिंग पाईप 12 नग एवं प्लाई कटर 01 नग नही था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 419/2024 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में थाना लवन से प्रधान आरक्षक विनोद बांधे, आर. अमिर राय, प्रवीण यादव की पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पताशाजी करते हुए संदेही पवन कुर्रे को हिरासत में लेकिन विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें उसने अपने अन्य दो साथियों के साथ आत्मानंद स्कूल लवन में चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी के सामान को दरसू राम निराला कबाडी वाले के पास बेचना बताया। दरसू राम निराला से पुछताछ करने पर उक्त सामान को, अन्य कबाडी दुकान संचालक ललित कुमार घृतलहरे के पास बेचना बताया। प्रकरण में आरोपियों से 11 नग पाईप बरामद किया गया। विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 317(2),3(5) बीएनएस जोडी गई एवं तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण में शामिल अन्य दो आरोपियों की पता तलाश जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

**आरोपियों के नाम**

1. पवन कुमार कुर्रे उम्र 31 साल निवासी लवन थाना लवन
2. दरसू राम निराला उम्र 50 साल निवासी लवन थाना लवन
3. ललित कुमार घृतलहरे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बगबुड़ा थाना लवन

# चीतल के शिकार कर मांस को बोरी में भरकर भाग रहे दो अपराधी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com







बलौदाबाजार के निर्देशानुसार त्यौहार के सीजन के संवेदनशीलता को देखते हुए सभी वनक्षेत्रों में नियमित गस्ती एवं जांच नाकों पर सघन गस्त/निरीक्षण की जा रही है। जिसके तहत आज सामान्य जांच के दौरान जांच नाका पकरीद में एक कार स्वीफ्ट क्रमांक CG 04 DD 0810 जो बेरियर से मुड़कर भाग रहा था जिसका संदेह के आधार पर पीछा किया गया। उक्त कार द्वारा 02 जांच नाकों को तोड़ते हुए कार को ग्राम अल्दा के जंगल में छोड़कर सवार जंगल की तरफ भाग गये जिसे वनमण्डल के संयुक्त टीम द्वारा तुरतुरिया के जंगल में 02 व्यक्ति यों को पकड़ा गया एवं पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ों द्वारा बताया गया कि हम कुल पांच व्यक्ति यों के द्वारा जंगल में चीतल का शिकार कर काटकर बोरी में भरकर ले जा रहे थे। जिसे भागते हुए डर कर रास्ते में फेका गया है। अभियुक्त ों के निशानदेही पर बोरी में भरकर फेके गये वन्यप्राणी चीतल के मांस को बरामत कर जब्त किया गया है एवं वन्यप्राणी अपराध में संलिप्त 02 अभियुक्त ों अनिल चौधरी एवं हेतराम गौतम जिला महासमुन्द से और पूछताछ की जा रही है। वन्यप्राणी अपराध में संलिप्त अन्य अभियुक्त ों की पतासाजी कर वन्यजीव (संरक्षण) 1972 के विभिन्न धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई के दौरान देवपुर,बारनवापारा, कोठारी एवं बल्दाकछार परिक्षेत्र के कर्मचारियों का संयुक्त योगदान रहा।

# जबलपुर में 13 नवम्बर को होगा अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली का आयोजन

**रायपुर।** भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) जबलपुर भर्ती जोन (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) के तत्वाधान में 13 नवंबर, 2024 को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग, जबलपुर के मैदान में सुबह 4.00 बजे से महिला उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली-2024-25 का किया जा रहा है । उम्मी्दवारों को जबलपुर के एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवेश-द्वार पर सुबह 02.00 बजे तक रिपोर्ट करना होगा । रैली में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य की कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) में सभी सफल युवा लड़कियां भर्ती चक्र में सैन्य पुलिस में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी । सभी अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड और रैली नॉटिफिकेशन के अनुसार सभी दस्तावेज और आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) जबलपुर से टेलीफोन नंबर 7247028996 पर संपर्क कर किया जा सकता । भारतीय सेना में चयन पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है, इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अनाधिकृत व्यक्ति यों से सावधान रहें । मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (एमपी और सीजी) सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं देता है।

# विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने मां के नव रुपों की पूजा अर्चना की



**बसना।** शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आज दुर्गा नवमी को विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी सरोज अग्रवाल, बड़े सुपुत्र नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल एवं भाजपा नेता कैलाशचंद्र अग्रवाल के साथ बसना विधानसभा के ग्राम ढाबाखार (भगतदेवरी) स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने आज शारदीय नवरात्रि पर्व के दूर्गा नवमी के पावन अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित नव कन्या पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर कर नव कन्या पूजन कर कन्याओं से आशीर्वाद लिये तथा सभी क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दिए। उन्होंने कहा कि शक्ति की आराधना एवं कन्या पूजन हमारी सांस्कृतिक परम्परा का अभिन्न अंग है।

# विधायक इंद्र साव ने माता मंदिरों और दुर्गा मंडप पहुंच लिया आशीर्वाद



**भाटापारा।** देवी की उपासना का पर्व नवरात्र के अवसर पर सभी माता मंदिरों में जहा लगातार दर्शन करने वालो की भीड़ बढ़ती जा रही है,वही क्षेत्र के विधायक इंद्र साव भी अपने क्षेत्र के माता मंदिरों,दुर्गा पंडाल सहित प्रदेश के अनेक सिद्ध मंदिरों में पहुंच कर क्षेत्र और प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली की कामना कर माता का आशीर्वाद ले रहे है। भाटापारा सिमगा नगर सहित आसपास के अनेक गांव में इस समय देवी की आराधना में भक्तगण डूबे हुए है।अपने अनेक स्वरूप में विराजित माता के दर्शन के लिए अब पंचमी के बाद श्रद्धालु गणों की भीड़ सड़को पर नजर आने लगी है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पंडालों को काफी अच्छी सजावट से सजाया गया है। विधायक इंद्र साव भी अपने परिवार जनों के साथ भाटापारा,सिमगा के अलावा अनेक गांव के दुर्गा पंडालों एवम शक्ति पीठ माता की मंदिरों पर मत्था टेक,चुनरी ओढ़ाकर माता का आशीर्वाद ले रहे है।विधायक इंद्र साव ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर माता के दर्शन करने से कष्ट दूर हो जाते है और शक्ति पीठ मंदिरों में पहुंचने से हर बिगड़े काम भी सुधर जाते है।उन्होंने सभी स्थानों पर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगो की उन्नति,प्रगति,सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए माता जी से आशीर्वाद लिया है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने दी विजयादशमी की शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने असत्य पर सत्य के विजय पर्व विजयादशमी दशहरा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि यह पर्व हमें समाज में व्याप्त आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त कर शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा स्थापित करने का संदेश देता है। यह त्यौहार भारतीय संस्कृति में वीरता और शौर्य का प्रतीक है। डॉ. महंत ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपने अंदर की बुराईयों को समाप्त कर प्रदेश के विकास एवं समृद्धि में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विजयादशमी दशहरा दुर्गा पूजा और नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रि उत्सव के समाप्ति का प्रतीक है। यही वह दिन था जब भगवान श्रीराम ने रावण को परास्त किया था, वहीं मां दुर्गा ने महिषासुर का अंत कर देवताओं और मनुष्यों को उनके अत्याचार से मुक्ति दी थी, विजयदशमी को हथियार (अस्त्र-शस्त्र) पूजने की परंपरा भी है।

# नवरात्र महाष्टमी नवमी पर श्रद्धालुओं ने नवकन्या पूजन भोज कराकर मंगल कामना का आशीर्वाद लिया



**लवन।** शारदीय नवरात्रि का शुक्रवार को महाष्टमी व नवमी दोनो तिथि खास होने के कारण देवी मंदिरों ,दुर्गा पंडालों में हवन पूजन सहित नौ कन्याओं का पूजन व भोज भंडारा का आयोजन श्रद्धालुओं व भक्तों ने विधिवत मन्दिरों, पंडालों व घरों में सम्पन्न कराकर क्षेत्र की सुख समृद्धि हरियाली की कामना किये।

# चिल्फी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: कार से बरामद हुए सवा दो करोड़, 3 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कबीरधाम
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये नकद और एक नीले रंग की मारुति एस-क्रॉस कार तीन संदिग्ध व्यक्तियों से जब्त की है। यह कार्रवाई चिल्फी चेकपोस्ट पर नियमित जांच के दौरान की गई। यह अभियान राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा और कबीरधाम पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में, सीमा पर अवैध गतिविधियों और तस्करी को रोकने के लिए चलाया जा रहा था।

**मामले का विवरण:**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9:30 बजे चिल्फी पुलिस टीम ने एक नीली मारुति एस-क्रॉस कार (वाहन नंबर MP-51 CA-9891) को मण्डला की तरफसे आते हुए देखा। जब पुलिस ने वाहन को रोका और उसमें सवार तीन व्यक्तियों से पूछताछ की, तो उनकी पहचान निम्नलिखित रूप में हुई।

**नवीन ठाकुर, उम्र 25 वर्ष, निवासी हेजा नगर, थाना महराजपुर, मण्डला, म.प्र.**

पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर, कार की डिग्गी में 500-500 रुपये के नोटों की 455 गड्डियां मिलीं। प्रत्येक गड्डी में 50,000 रुपये थे। कुल राशि 2,27,50,000 थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। साथ ही, कार की कीमत 4 लाख बताई जा रही है, जिससे कुल ज़ब्ती की राशि ?2,31,50,000 रुपये हो गई।

**दस्तावेज़ पेश करने में विफल**

पूछताछ के दौरान तीनों व्यक्तियों ने बताया कि यह रकम रायपुर में एक प्रॉपर्टी खरीदने के लिए ले जाई जा रही थी, लेकिन वे इसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने इस मामले में आयकर विभाग को सूचित कर दिया है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर और उनकी टीम के सदस्य उप निरीक्षक राजेश्वर सिंह ठाकुर, आरक्षक जितेंद्र चंद्रवंशी, अमन वाहने, आशु तिवारी, पंकज यादव, संतोष साहू, अजय चंद्रवंशी, पप्पु पनागर, और सुभाष चंद्र सोनकर का सराहनीय योगदान रहा।



# निजी प्रेक्टिस पर बैन नहीं लेकिन अन्य संस्थानों में नहीं दे सकते सेवा

## आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने सीएमओ व निजी क्लिनिकों से मांगा शपथ पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने अपने कार्यालयीन पत्र के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चिकित्सकों का शपथ पत्र मांगा है तथा निजी क्लिनिकों को भी शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं।अब देखना है कि सरकार के आदेश का कितना पालन किया जाएगा और कितने चिकित्सक शपथपत्र दाखिल करने को तैयार होंगे।

प्राप्त जानकारी अनुसार संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ राज्य नोडल एजेंसी चतुर्थ तल. सेक्टर 19. नार्थब्लॉक,अटल नगर नवा रायपुर, पिन-492002 के पत्र क्र /40/SNý/2024/1319 (102) अटल नगर, नवा रायपुर 01/10/2024 के माध्यम से सीएमएचओ को लिखा गया है कि 10 दिवस के भीतर शपथ पत्र भरें जिसका परिपालन बस्तर जिले में होंगा या नहीं उसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के आयुक्त सह संचालक ने विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का पत्र क्रमांक एफ1-76/2024/2024/ सत्रह / एक नवा रायपुर, दिनांक 22.08.2024 व प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय-रायपुर का पत्र क्रमांक 177/सी-30457/ वित्त/ नियम/ चार/2011, रायपुर, दिनांक 02.06.2011 के पत्र के हवाले से जो जारी किया है उसके अनुसार ÷लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सकों को निजी प्रैक्टिस करने की छूट रहेगी। परंतु निजी प्रैक्टिस केवल कर्तव्य की अवधि के बाहर की जा सकेगी एवं नर्सिंग होम या प्रायवेट क्लीनिक में जाकर इस प्रकार की प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी÷। विशेष सचिव के लिखे पत्र 1 में उक्त निर्देशों का कड़ाई से मानने को कहा गया है। विशेष सचिव ने कहा है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनांतर्गत पंजीकृत सभी निजी अस्पतालों से इस आशय का स्व घोषणा / शपथ पत्र प्राप्त किया जावे कि उनके अस्पताल में कोई भी शासकीय चिकित्सक पूर्ण-कालिक या अंश-कालिक या ऑन-कॉल प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं। स्वघोषणा पत्र / शपथ पत्र प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को 10 दिवस के भीतर देने को कहा गया है।

## एएम/एनएस द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा किरंदुल बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कम्पनी (एएम/एनएस) द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा किरंदुल बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 85 आगंतुकों में से 77 मरीजों का उपचार किया गया। उन्हें निःशुल्क दवाइयों के साथ साथ पैथोलॉजिकल जांच की सुविधाएं भी प्रदान की गईं, जिनमें शुगर लेवल,ब्लड प्रेशर, मलेरिया आदि की जाँच शामिल है। एएम/एनएस इंडिया कंपनी लगातार सामाजिक कार्य कर रही है। कंपनी द्वारा वंचितों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही, आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण, युवा उत्थान, स्पोर्ट्स, शिक्षा एवं रोजगार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। कंपनी का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना है, बल्कि समग्र सामाजिक विकास के लिए एक सकारात्मक बदलाव लाना भी है। कंपनी निरंतर अपने सामाजिक कार्यों से ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है।

## रजत दीक्षित 'रजत' को भारतेंदु हरिश्चन्द साहित्य सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जगदलपुर के कवि रजत दीक्षित 'रजत' का काशी हिंदी साहित्यिक संस्थान वाराणसी उत्तरप्रदेश के द्वारा भारतेंदु हरिश्चंद्र साहित्य सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान साहित्य के जगत में सतत और उल्लेखनीय कार्य और हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए दिया गया है। सामाजिक दर्पण के रूप में कविता का महत्व और समरसता की उदघोषणा ही एक नया रूप के समाज का निर्माण करती है, राष्ट्र भाषा के लिए हिंदी और उसके उपयोग में लाने के लिए 'रजत' का अपनापन हिंदी के लिए उनकी कविताओं में झलकता है।

हिंदी के लिए काम करते हुए 'रजत' जी ने कई पुरस्कार प्राप्त किये है और उन्होंने बहुत सारे सांझा संकलनों में भी अपनी कविताओं को शामिल किया है। अनेक कवि सम्मेलन और ऑन लाइन प्रतियोगिता और सम्मेलन में भाग लिया है। यह गर्व की बात है कि रजत जी हमारे शहर जगदलपुर के रहने वाले है और उनकी शिक्षा भी जगदलपुर ओर रायपुर में हुई है।

## किरन्दुल में 56 वर्षों से रावण दहन इस बार 56 फीट के रावण का होगा वध

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com







एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना के स्थापना के समय से अविभाजित मध्यप्रदेश अब छत्तीसगढ़ राज्य के दूर दराज के क्षेत्रों से एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्य करने आये निवासियों के सांस्कृतिक संगठन छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल के तत्वाधान में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के फुटबॉल ग्राउंड में लगातार 56 वर्षो से विजयादशमी के पावन पर्व पर दशहरे के दिन भव्य सार्वजनिक दशहरा उत्सव कार्यक्रम में रावण के पुतले का दहन असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाने के लिए किया जाता हैं।उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल के द्वारा आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम को एवं दहन पश्चात कराई जाती आतिशबाजी को देखने परियोजना क्षेत्र के आस पास के आदिवासी क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में लोग आते हैं ।इस दौरान राम लल्ला की झांकी निकाल पूरे नगर का भ्रमण किया जाता हैं।पी एल साहू सचिव ने शुक्रवार बताया कि छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल संस्था द्वारा परियोजना की स्थापना के समय से भव्य सार्वजनिक दशहरा उत्सव मनाया जाता है।जिसमें परियोजना के कर्मचारियों के साथ साथ आस पास के हजारों ग्रामीण भी शामिल होते हैं। लोकनाथ चुरेन्द्र अध्यक्ष ने बताया कि छ.ग. सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल संस्था द्वारा लगातार 56 वर्षो से दशहरा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसलिए इस बार 56 फिट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

## मर्दापाल में नई एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को जिले के सुदूर क्षेत्र मर्दापाल तहसील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि शासन द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस एम्बुलेंस सुविधा के शुरू होने से निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। यह सेवा न केवल आपातकालीन स्थितियों में बल्कि नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। एम्बुलेंस सेवा के शुरू होने से मर्दापाल क्षेत्र के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिलेगी। ज्ञात हो कि यह एम्बुलेंस कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार डीएमएफ मद से प्रदाय किया गया है।

## महाअष्टमी पूजा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

शुक्रवार महाष्टमी पूजा के अवसर पर बंगाली कैंप दुर्गा मंदिर में पुष्पांजलि देने भक्तों की भारी भीड़ जुटी। सुबह से व्रत रखकर श्रद्धालु ने देवी दुर्गा की उपासना कर पूजा अर्चना की,1964 से चले आ रहे दुर्गा पूजा में बंगीय समाज द्वारा खास तैयारी की जाती है। ऊंचे भव्य पंडाल व आकर्षक मूर्तिया कोलकाता से आए पुजारी व ढाकी तथा आकर्षक साज सज्जा पूजा का मुख्य आकर्षण है। सुबह 06 बजे से पुष्पांजलि प्रारंभ हुआ।महाष्टमी पूजा के अवसर पर दोपहर महा भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामों से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए दावा आपत्ति 18 अक्टूबर तक

**नारायणपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बेनूर अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त आवेदनों की सूची परिशिष्ट चार में तैयार कर, मूल्यांकन समिति के द्वारा सूक्ष्म परीक्षण किया गया। मूल्यांकन उपरांत दावा आपत्ति हेतु प्रावधिक मूल्याकंन सूची जारी किया गया है। प्रावधिक मूल्यांकन सूची बाल विकास परियोजना बेनूर के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। यदि किसी आवेदक को आवेदन अथवा जारी सूची से संबधित किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो संबधित आवेदिका अपना दावा आपत्ति दिनांक 18 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय पर प्रातः 10.30 बजे से सायं 05.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बेनूर में डाक पत्र अथवा स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

## नारायणपुर में बस्तर ओलंपिक का किया जाएगा आयोजन

### प्रतिभागी 20 अक्टूबर तक कर सकते हैं पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परंपरागत खेलों को बढ़ावा देवे के उद्देश्य तथा बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल्य एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खेलों में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ क्षेत्र में शासन एवं जनता के मध्य मजबूत संबंध स्थापित कर यहां के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचनाकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर बिपिन मांझी के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला स्तर पर कलेक्टर एवं संभाग स्तर पर कमिश्नर इसके अध्यक्ष होंगे। बस्तर ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष एवं 17 अधिक आयुवर्ग के युवक-युवतियों भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवादियों का खेल प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित की जावेगी। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी, शील्ड, नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बस्तर ओलंपिक में भाग ले हेतु खिलाड़ी 20 अक्टूबर 2024 तक विकासखण्ड में जनपद पंचायत, नारायणपुर एवं ओरछा, खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणपुर एवं ओरछा नगरपालिका परिषद्, नारायणपुर एवं कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में ऑफ लाईन एवं ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। खेल एवं कल्याण विभाग की वेबसाइट एवं लिंक भी जारी किया गया है, जिसमें पंजीयन कर सकते हैं। इस हेतु प्रतिभागी को अपना सामान्य जानकारी, आधार नंबर एवं कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फोटो, एकाउंट डिटेल की जानकारी एवं पासबुक की छायाप्रति, हस्ताक्षर का फोटो अपलोड करना होगा। एकल खेल विधा के प्रतिभागियों एवं दलीय खेल विधा के प्रतिभागियों को पृथक-पृथक ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन जमा करना होगा। दलीय खेल के प्रतिभागियों को पंजीयन फार्म एक साथ जमा करना अनिवार्य होगा। एकल विधा के खिलाडी स्वयं का नाम, पता, पिता का नाम, बैंक का नाम, बैंक खाता कमांक एवं आईएफएससी कोड अनिवार्य होगा। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता 01 से 10 नवंबर, जिला स्तरीय प्रतियोगित 10 से 22 नवंबर एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 25 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जावेगा। बस्तर ओलंपिक आयोजन के अंतर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड, गोला फेक, तवा फेक, भाला फेक, लबीकूद, उंचीकूद, 4*100 रिले रेस) तीरंदाजी, बैडमिटन (सिन्गल, डबल, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, रस्साकसी, हॉकी, वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

## गांव में शादी जैसा माहौल झूमे नाचे श्रद्धालु

# जोड़ा बेल की पूजा के साथ बेल जात्रा पूजा विधान

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर दशहरे की हर रस्म का अपना अलग महत्व है और जिसमें जोड़ा बेल पूजा विधान का दिलचस्प नजारा देखने को मिलता है। बस्तर राजमहल से जगदलपुर सरगीपाल जाकर जोड़ा बेल रस्म अदायगी किया जाता है जिसमें शादी जैसा माहौल रहता है। बस्तर दशहरा के दौरान अनोखे बेल की पूजा ÷ इस अनोखे बेलवृक्ष और जोड़ी बेल फल की पूजा-अर्चना परंपरा अनुसार की गई। इसी के साथ गुरुवार की दोपहर बेलन्योता विधान संपन्न हुआ।यहां के ग्रामीणों की माने तो इस वृक्ष के अड्डागे और पीछे दो और बेलवृक्ष हैं। लेकिन इनमें केवल एक ही फल लगता है। आमतौर पर बस्तर दशहरा पर्व के प्रमुख विधानों की जानकारी ही आम लोगों तक पहुंचती रही है। बेल पूजा विधान की वास्तविकता के बारे में पता लगाने पर एक रोचक कहानी सामने आई। गांव में उत्सव जैसा रहता है माहौल ÷बेल पूजा विधान रस्म के दौरान सरगीपाल में काफी उत्साह का माहौल बना रहता है। मानो एक शादी का समारोह सम्पन्न किया जा रहा हो। लोग नाचते गाते हैं। बैंड बाजा की धुन में सभी वर्ग के लोग थिरकते हैं। छोटे बच्चे से लेकर सभी वर्ग के लोग इस दौरान शामिल रहते हैं। अपने घरों से निकलकर पूजा स्थल पहुंचते हैं। विदेशी भी बस्तर दशहरे का लेते हैं आनंद ÷विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे को देखने के लिए फ्रांस से पहुंचे पर्यटक लुक ने कहा कि बस्तर में आकर उन्हें काफी अच्छा लगता है। वे इससे पहले भी बस्तर आये हैं। वो बस्तर दशहरा की सभी रस्मों को देख रहे हैं। साथ ही अपने कैमरे में भी तस्वीरों को कैद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फ्रांस में भी कई त्योहार मनाए जाते हैं। लेकिन बस्तर दशहरा पर्व की तरह कुछ मनाया नहीं जाता। यही कारण है कि इस अनोखी परमपरा को देखने के लिए बस्तर आये हैं।

### बस्तर में शराबखोरी से सरकार नाराज उपायुक्त अटैच

**जगदलपुर।** बस्तर में अवैध शराब के फैलते कारोबार और माफियाओं से विभागीय अधिकारियों की सेटिंग की खबर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मामले को गंभीरता से लिया है तथा बस्तर के आबकारी उपायुक्त मंत्रालय अटैच किया गया तो जगदलपुर के जिला आबकारी अधिकारी का तबादला नारायणपुर हो गया है। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में 34 उपायुक्त और सहायक आयुक्त आबकारी समेत बड़ी संख्या में जिला आबकारी विभाग के अधिकारियों के तबादले हुये हैं। लिस्ट में अरविन्द कुमार पाटले उपायुक्त कार्यालय उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग जगदपुर को कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ नवा रायपुर भेजा गया है। नारायणपुर जैसे छोटे जिले में रतन नागेश की पदस्थापना और नारायणपुर में पदस्थ अधिकारी चंद्रहास साहू जिले की कमान संभालेंगे। प्रमोद कुमार नेताम सहायक आयुक्त आबकारी राज्य स्तरीय उड़नदस्ता कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर को कार्यालय जिला आबकारी बेमेतरा यदुनदंन राठौर सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग को कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव भेजा गया हैं।

### कार्यकर्ता सहायिका की रिक्त पद पर दावा आपत्ति 15 अक्टूबर तक

**नारायणपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत छोटेडोंगर हेतु कार्यकर्ता सहायिका की रिक्त पद पर के द्वारा विज्ञापन जारी किया जाकर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, जिसका प्राविधिक मूल्यांकन योग्यता क्रम सूची का प्रकाशन किया गया है। मूल्यांकन योग्यता सूची का प्रकाशन बाल विकास परियोजना छोटेडोंगर एवं जनपद पंचायत कार्याल नारायणपुर के सूचना पलक में चस्पा कर दिया गया है।


**केन्द्रीय रेशम बोर्ड**
वस्त्र मंत्रालय-भारत सरकार, बीटीएम लेआउट, मंडीवाला, बेंगलुरु-560 068, कर्नाटक
फोन: +91 80 26282699 फैक्स: +91 80 26681511 ई-मेल: estab.csb@nic.in

विज्ञापन सं. केरेबो/03/2024 दिनांक : 12/10/2024

**भर्ती सूचना**

**प्रतिनियुक्ति के आधार पर** निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| # | पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त सचिव (तकनीकी) | 3 | समूह-क | लेवल-12 |
| 2 | संयुक्त निदेशक (प्रशासन) | 1 | समूह-क | लेवल-12 |
| 3 | उप निदेशक (वित्त) | 1 | समूह-क | लेवल-11 |
| 4 | उप निदेशक (प्र व ले) | 3 | समूह-क | लेवल-11 |
| 5 | उप निदेशक (राजभाषा) | 1 | समूह-क | लेवल-11 |
| 6 | उप निदेशक (प्रचार) | 1 | समूह-क | लेवल-11 |
| 7 | उप निदेशक (सांख्यिकी) | 1 | समूह-क | लेवल-11 |
| 8 | सहायक निदेशक (प्र व ले) | 2 | समूह-क | लेवल-10 |
| 9 | सहायक निदेशक (सांख्यिकी) | 2 | समूह-क | लेवल-10 |
| 10 | सहायक निदेशक (प्रचार) | 1 | समूह-क | लेवल-10 |
| 11 | सहायक अभियंता | 1 | समूह-ख | लेवल-06 |

विवरण के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड की वेबसाइट www.csb.gov.in देखें।
उपरोक्त पद के लिए आवेदन की हार्ड कॉपी निर्धारित प्रारूप में सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ उचित माध्यम से उपरोक्त पते पर सदस्य सचिव, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलूरु को प्रस्तुत की जानी चाहिए।
**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :** रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर।

CBC : 41109/12/0014/2425

केंद्रीय रेशम बोर्ड

# छठ पूजा में रेल यात्रियों के आरामदायक सफर एवं अधिकाधिक आरक्षित बर्थ की उपलब्धता हेतु अतिरिक्त कोच की व्यवस्था एवं स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विभिन्न ट्रेनों में 04स्थायी एवं 4 अस्थायी अतिरिक्त कोच लगाए गए

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6556 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवेद्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं । यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है । दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6556 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व मेला, दिपावली एवं छठ पूजा में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन के द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा अक्टूबर' 2024 में कुल 04 अतिरिक्त अस्थायी कोच दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2024 को 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में, दिनांक 05 से 13 अक्टूबर, 2024 को 18241 दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में, दिनांक 06 से 14 अक्टूबर, 2024 को 18242 अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में, दिनांक 06 अक्टूबर, 2024 को 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में लगाए जा रहे है । इसके साथ ही साथ दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, दिनांक 13 अक्टूबर, 2024 को 18251/18252 कोरबा ङ्करायपुर ङ्ककोरबा हसदेव एक्सप्रेस ट्रेनों में 04 स्थायी कोच भी लगाए जा रहे। इन सभी कोचों से लगभग 576 से भी अधिक रेल यात्रियों को कनफर्म बर्थ/सीट की सुविधा का लाभ मिला है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर यात्रियों के आरामदायक यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है तथा रेल यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरन्तर कार्यरत है।

### दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

इसी प्रकार दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा प्रदान की गयी है । दिनांक 09 अगस्त, 2024 को एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08893/94 गोंदिया -संतरागाछी ङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन सावन मेला के लिए चलाई गयी थी । इसी प्रकार दिनांक 04 एवं 09 अक्टूबर, 2024 को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08893/94 गोंदिया -संतरागाछी ङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है । दिनांक 03 एवं 04 नवम्बर, 2024 को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08897/98 गोंदिया ङ्कपटनाङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन छठ पूजा के लिए चलाई जा रही है । दिनांक 03 एवं 04 नवम्बर, 2024 को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08895/96 गोंदिया ङ्कछपराङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन छठ पूजा के लिए चलाई जा रही है । दिनांक 30 सितम्बर, 2024 को एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08857 दुर्ग-जम्मू तवी स्पेशल ट्रेन चलाई गयी। दिनांक 07 से 12 अक्टूबर, 2024 को छः जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08766/08767 डोंगरगढ़-रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है, इसी प्रकार दिनांक 07 से 12 अक्टूबर, 2024 को छः जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08764/08765 डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है।

# शिवरतन शर्मा ने भाटापारा विधानसभा में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने मंत्री को लिखा पत्र

## शिवरतन शर्मा के प्रयास से चार स्थानों पर नवीन सोसाइटी भी होगी शीर्घ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आगामी नवंबर माह में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरुआत हो जाएगी। वर्तमान कई क्षेत्रों में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की नितांत आवश्यकता है, ताकि किसान पास में ही अपनी उपज बिना किसी समस्या के विक्रय कर सकें। क्षेत्र के सिंमगा विकासखण्ड के ग्राम केशदा, चौरेंगा, कुकराचुंदा एवं भाटापारा विकासखंड के ग्राम मोपर में नवीन उपार्जन केंद्र खोलने की जरूरत को देखते हुए उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने मंत्री केदार कश्यप एवं कलेक्टर को पत्र लिखा है। शिवरतन शर्मा ने मंत्री एवं कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत के श ा द ा , च ौ र े ं ग ा , कुकराचुन्दा एवं मोपर में किसानों के हित मे नवीन धान उपार्जन केंद्र आवश्यक है। किसानों को वर्तमान में अधिक दूरी तय कर धान विक्रय करने जाना पड़ता है, जिस कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त ग्राम पंचायतो में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खुल जाने से यहां के किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा होगी। अतः किसानों की सुविधा को देखते हुए उक्त ग्राम पंचायतो में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने का आग्रह किया है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के निम्न स्थानों पर नवीन सेवा सहकारी समिति का गठन करने हेतु आग्रह सहृदय स्वीकार कर उन्होंने कहा के सभी स्थानों पर शिवरतन शर्मा के आग्रह पर नवीन सहकारी समिति शीघ्र ही खोले जाएंगे। आने वाले समय में जो किसानों को समस्या आ रही थी वो समस्या का निराकरण मिलेगा। साथ ही चार स्थानों ग्राम खैरी (आर), ग्राम टिकुलीया, ग्राम कोलिहा, ग्राम चौरेंगा में नवीन सोसाइटी भी शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी उक्त स्थानों के लिए भी मंत्री केदार कश्यप ने सहमति प्रदान की है, इन स्थानों में नवीन सोसाइटी खुल जाने से किसानों को सुविधा प्राप्त होगी।

# आर.एस. सी. परिवार द्वारा आयोजित माता का जगराता कार्यक्रम, माता के जगराता कार्यक्रम मे माँ भगवती मंच कोरबा की शानदार प्रस्तुति



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर के हृदय स्थल स्थित रामसप्ताह चौक दुर्गोत्सव समिति के द्वारा माता का जगराता कार्यक्रम का आयोजन 10 अक्टूबर को किया गया था वही माँ भगवती जागरण मंच कोरबा के कलाकार अंचला वेष्णव व अजय शर्मा द्वारा माता का भक्तिमय भजन प्रस्तुत कर आस्था व श्रध्दा का भक्तिमय वातावरण को बनाये रखा व श्रध्दालु जन माता आस्था के जगराता कार्यक्रम मे भावविभोर रहे वही मंगल पाठ गिरधर व्यास के द्वारा प्रस्तुत किया गया गौरतलब है कि आर. एस. सी. परिवार द्वारा दुर्गोत्सव का आयोजन कई वर्षो से किया जा रहा है जहाँ पूरे नवरात्र भर वार्ड वासियों मे माता के आस्था श्रध्दा भक्तियुक्त वातावरण निर्मित रहता है साथ वार्डवासियों के सहयोग से माता के भंडारे भोजन का भी आयोजन किया जाता है।

## उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन 18 अक्टूबर तक

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के तहत ग्राम कानामुका, मंदरौद, चर्रा, चिंवरी, खपरी, सौराबांधा, कल्ले, चिरपोटी, खपरी और बगदेही में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए सहकारी समितिए महिला स्व सहायता

## नवोदय, प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रतियोगी परीक्षा के लिए दिया जा रहा नि :शुल्क कोचिंग

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर नवोदय और प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग छुट्टियों में भी निरंतर जारी है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि कुरूद विकासखण्ड के संकुल केन्द्र भवन मंदरौद में चल रहे इस कोचिंग से क्षेत्र के 14 गाँवो के 87 बच्चें लाभान्वित हो रहे हैं। गौरतलब है कि नवोदय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कक्षा छठवीं हेतु 30 सितम्बर से 17 जनवरी तक सुबह 7:30 से 9 बजे तक चलेगा। इसी तरह प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 9 वीं हेतु 19 जनवरी से जून तक सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक चलेगा। कोचिंग के संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 88895.55008 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# प्रदेश शिक्षक संघ कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न, सुनील कौशिक बने प्रांताध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सुनील कौशिक को सर्वसम्मति से प्रांताध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 अक्टूबर 2024 को स्थानीय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजेंद्रनगर, नेहरू चौक बिलासपुर में सभी स्तर प्रांतीय, संभागीय, जिला, तहसील एवं विकासखंडों व महिला प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुआ जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों मानपुर.चौकी, खैरागढ छुईखदान, राजनंदगांव, सक्ति, जीपीएस, कोरबा, मुंगेली, बिलासपुर आदि जिले से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सचिव संभाग के कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सुनील कौशिक को प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक पूर्व प्रांताध्यक्ष विश्राम निर्मलकर को चुना गया। प्रदेश कार्यकारिणी में सुनील कौशिक प्रांताध्यक्ष, राम नारायण सिंह बघेल राजनांदगांव कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष, काशीराम रजक प्रांतीय महामंत्री, सत्यदेव वर्मा रायपुर उपप्रांताध्यक्ष, श्रीमती आशा लता चौहान बिलासपुर उपप्रांताध्यक्ष, जितेंद्र कनौजे रायपुर कोषाध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव राजनांदगांव प्रांतीय मंत्री, श्रीमती चंद्रकला शर्मा बिलासपुर प्रांतीय मंत्री, अजय श्रीवास्तव छुईखदान प्रांतीय मंत्री, दीपक सिंह ठाकुर धमतरी प्रांतीय मंत्री, भूपेंद्रधर दीवान बिलासपुर कार्यालय मंत्री, बलराम पांडेय प्रांतीय प्रवक्ता के रूप में तथा समस्त संभागीय एवं जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए ।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी धमतरी की प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ

**धमतरी।** जिला रेड ॉस सोसायटी धमतरी के प्रबंध समिति वर्ष 2024.27 के गठन की प्रि या प्रारंभ कर दी गई है। नोडल अधिकारी सह डिप्टी कलेक्टर बी एस मरकाम ने बताया कि इस संबंध में सीईओ सह जनरल से ेटरी भारतीय रेड ॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार गणमान्य नागरिकों को प्रबंध समिति के गठन के लिए रेड ॉस सोसायटी के संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन जिला कार्यालय धमतरी के सूचना पटल के सामने 14 अक्टूबर को किया जाएगा। किसी भी सदस्य को आपत्ति हो तो वह 18 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक अपना दावा.आपत्ति आवेदनमय रसीद सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले दावा.आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

# कुरूद दशहरा महोत्सव में अष्टमी पर किरण शर्मा जगराता की हुई मनभावन प्रस्तुति






पायनियर संवाददाता ‹ कुरूद
www.dailypioneer.com

कुरूद दशहरा महोत्सव में अष्टमी पर किरण शर्मा जगराता कार्य म की मनभावन प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर अतिथि के रूप मे कुरूद बीएमओ डॉ यूएस नवर , चिकित्सक डॉ प्रदीप हिशीकर, डॉ हेमराज देवांगन, डॉ रोहित पांडेय, नेत्र सहायक अधिकारी क्षितिज साहू, डॉ राजेंद्र बजाज, डॉ यशवंत बजाज, मानसिक स्वास्थ्य कार्य म जिला अस्पताल धमतरी से डॉ श्रीकांत चंद्राकर, डॉ प्रीति चाण्डक, दशहरा समितियों के प्रभारियों एवं प्रतिनिधियों में लतेश चंद्राकर, हेमंत सोनी, जितेंद्र चंद्राकर, संतोष बैस, राजकुमार चंद्राकर, किशोर यादव, भोजराज चंद्राकर, खोमन चन्द्राकर, प्रभात निर्मलकर, देवदास ध्रुव, राजू निर्मलकर, दौलत निर्मलकर, पिंटू चन्द्राकर, ज्ञानचंद सिन्हा, कमल शर्मा, गणेश समितियों के पदाधिकारियों में केशव चन्द्राकर, हेमंत चन्द्राकर, जयंत चन्द्राकर, विभिन्न मोहल्लों के प्रतिनिधिगणों सहित नगर के समस्त चिकित्सकों, दशहरा और गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी और प्रतिनिधि मंचासीन थे। सभी अतिथियों और जगराता कार्य म की प्रमुख किरण शर्मा का महोत्सव समिति की ओर से रजत जयंती पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आशीर्वचन के म में प्रीति चांडक, डा नवर , डा प्रदीप हिशीकर चिकित्सकों ने सभी को दशहरा महोत्सव के 25 वें वर्ष रजत जयंती की बधाई दी और कहा कि यह कुरूद का सबसे गौरवमयी क्षण है, जिसके हम सभी गवाह बन रहे है। आज समिति की ओर से जो सम्मान हमें मिल रहा है, उसके लिए हम सभी दिल से शु या अदा करते है। आप सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और इस शानदार पर्व में माता की आराधना के साथ जनसेवा में सहभागी बने। किरण शर्मा ने कहा कि भानु भैया और आयोजन समिति का स्नेह लगातार मिलता रहा है और आप सभी हम कलाकारों को इस मंच तक लाकर हमें जो अवसर दे रहे है, इसके लिए मैं धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। इसके उपरांत मंच पर भव्य आतिशबाजी के साथ जगराता कार्य म का भव्य शुभारंभ हुआ और किरण और उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक माता सेवा गीतों की श्रृंखला की प्रस्तुति से वातावरण में आस्था और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके साथ ही उन्होने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों में सुआ, गौरी गौरा सहित एक से बढ़कर एक मनभावन गीतों से कार्य म का समा बांध दिया और इस भव्य गीतों की इस नायब कड़ी का समापन किया।

# निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन हेतु विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जेल में निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन हेतु विशेषज्ञ समिति द्वारा उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जेल परिसर में निर्धारित बैरक में जाकर जेल में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बंदियों से उनकी आयु, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली। सभी बंदियों के द्वारा उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होने की जानकारी प्रदान की गयी। 18 वर्ष से कम उम्र के संदेहप्रद 3 किशोरों के नाम मुख्य प्रहरी उपजेल बलौदाबाजार को दी गयी है ताकि उनके द्वारा आयु सत्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके। आयु सत्यापन उपरांत 18 वर्ष से कम आयु निर्धारण पर बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह में स्थानांतरित करने तथा प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित करने की कार्यवाही संपादित की जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केंद्र जाटवर द्वारा निर्देश दिया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का चिन्हांकन संदेह होने की स्थिति में त्वरित सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई को दिये जाने हेतु कहा गया ताकि प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित किया जा सकें। प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी ,विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा निरुद्ध बंदियों के दैनिक दिनचर्या, भोजन ,स्वास्थ्य,शिक्षा एवं कौशल विकास के संबंध में जानकारी ली गई। विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य संजय सोनी के द्वारा निरुद्ध बंदियों के मामले के बारे में जानकारी लेते हुये विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के संबंध में चर्चा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केंद्र जाटवर, जेल विभाग से पुष्पेन्द्र पाण्डेय, तिलेश्वर मरावी, सदस्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सोनी, प्रभारी बाल संरक्षण अधिकारी दीपक राय, विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी सुश्री मेघा शर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत उपस्थित थे।

# बाण लगते ही 52 फीट के रावण की आंखों से निकलेंगे आंसू, मुंह से उगलेगा आग

## इस बार 52 फीट ऊंचे रावण का पुतला विशेष आकर्षण होगा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आग लगते ही 52 फीट ऊंचे रावण की आंखों से आंसू निकलेंगे और मुंह से आग उगलेगा। मेले में इस बार रावण दहन और आतिशबाजी का आयोजन 12 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे किया जाएगा. बलौदा बाजार दशहरा उत्सव समिति के द्वारा हर साल रावण का पुतला दहन किया जाता है समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया इस बार रावण आकर्षण रहेगा मौसम साफ होने के कारण भीड़ भी इस साल ज्यादा रहेगी उन्होंने बताया कटक उड़ीसा से आए हुए कलाकार द्वारा आतिशबाजी एवं फटाखे दशहरा मैदान में छोड़ जाएंगे इस बार नगर पालिका द्वारा सुव्यवस्थित रोड के किनारे दुकान एलाट किया गया है समिति द्वारा बाकायदा बैरिकेड लगाए गए हैं रावण दहन के पहले पुरानी बस्ती के कलाकार द्वारा राम बारात मावली माता चौक से होते हुए गौरव पथ दशहरा मैदान में पहुंचेगी हनुमान एवं वानर सेना बाजी में बैठकर दशहरा मैदान आएंगे समिति के सदस्य पनिश केसरवानी मनोज सोनी शिव शंकर सोनी मुरारी मिश्रा दशहरा उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे नगर पालिका द्वारा पेयजल एवं सफाई की व्यवस्था की गई है पुलिस प्रशासन के द्वारा पर्याप्त पुलिस जवान शांति बनाए के लिए उपस्थित रहेंगे।

# विभिन्न दुर्गा पंडालों में दर्शन कर विधायक चातुरी नंद ने लिया मातारानी से आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक चातुरी नंद दुर्गाष्टमी के अवसर पर नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मातारानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विराजे मातारानी का दर्शन कर आशीर्वाद लेना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। नगर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक दुर्गा पंडाल सजे हुए है जिन्हें देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता है। उन्होंने कहा कि माता रानी का आशीर्वाद मेरे क्षेत्र की जनता के ऊपर हमेशा बनी रहे यही मेरी कामना है। इस दौरान विधायक नंद के साथ विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, दीपक साहू, विभिषण चौहान, दुष्यंत साहू, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मोटवानी द्वारा दशहरा मैदान का निगम अधिकारियों के साथ लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम द्वारा दशहरा पर रावण दहन करने की जो परंपरा आ रही है उसमें पोलियो ग्रस्त पतले दुबले रावण जो की चंद मिनट में ही जलकर खाक हो गया जिसकी चर्चा देश ही नहीं विदेशों में भी होने लगी थी जिसके कारण शहर की फजियत सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म पर हुई थी फिर से ऐसी घटना की पूर्नवृत्ति ना हो इसलिए नगर निगम के जागरुक पार्षद विजय मोटवानी ने निगम के स्वच्छता प्रभारी शशांक मिश्रा, उपअभियंता लोमस साहू, मंगलू निर्मल कर सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में आज दशहरा मैदान गौशाला स्थल पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए निगम की जिम्मेदार लोगों से कहा है कि शहर में आयोजित होने वाला प्रमुख विजयदशमी उत्सव अपनी पारंपरिक मान्यताओं एवं प्रथा के कारण पूरे प्रदेश में अलग ही स्थान रखता है लेकिन 138 साल के इतिहास में इस उत्सव को महापर्व का रूप भारतीय जनता पार्टी ने दिया था उसे वर्तमान शासित निगम के जिम्मेदार लोगों के द्वारा रावण दहन में कलंकित किया गया है लेकिन अब फिर से इस गौरवशाली ऐतिहासिक महोत्सव को भारतीय जनता पार्टी नए स्वरूप में शहर में प्रस्तुत कर रही है।

# विधायक चातुरी नंद ने किया साप्ताहिक हाट बाजार का उद्घाटन





पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम लिमगांव में साप्ताहिक हाट बाजार का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक नंद ने सर्वप्रथम शुभ खूंटा एवं ग्राम देवता का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में हाट बाजार खुलने से लिमगांव समेत आस पास के गांवों के लोगों को लंबी दूरी का सफर तय नहीं करना पड़ेगा और गांव में ही विभिन्न प्रकार की सब्जियों समेत दैनिक जरूरत की चीजें हाट बाजार में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक हाट बाजार से गांव के छोटे व्यापारियों समेत सब्जी उत्पादक किसानों को भी व्यापार करने का अवसर मिलेगा और उनकी आमदनी में भी बढ़ोत्तरी होगी। विधायक नंद ने ग्रामीणों की मांग पर साप्ताहिक हाट बाजार के समीप नवीन हैंडपंप उत्खनन करने और बिजली कनेक्शन लगाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद एवं कांग्रेस नेता सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि द्वय भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, सरपंच अक्षय चौधरी, रमेश चौधरी, बालक राम नंद, लोचन चौधरी, मोती लाला चौधरी, राजाराम चौधरी, घनश्याम चौधरी, ऋषभ साहू, महेंद्र राणा, नारायण चौधरी, नरेश चौधरी, संजू भोई, रत्ना बाई, रोशन नाग, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तिल्दा–नेवरा में गरबा की धूम : विकास मित्र मंडल के पहल से सितारे हो रहे शरीक

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com





आश्विन नवरात्रि के पर्व पर तिल्दा-नेवरा नगर भक्ति से सरोबार है । सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा माता की जगराता के साथ गरबा महोत्सव भक्तों को सहसा ही आकर्षित कर रही है । रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर में इन दिनों विकास मित्र मंडल गरबा महोत्सव को लेकर काफी चर्चा में है । नव दिन की माता के भक्ति में भक्तगण डूबे हुए हैं , रोजाना सैकड़ों की संख्या में भक्तगण गरबा महोत्सव में शरीक होकर माता सेवा में जुटें हुए हैं,वहीं बालीवुड के सितारों के अलावा अन्य कलाकार ?भी माता सेवा के लिए तिल्दा-नेवरा नगर में शिरकत कर रहे हैं । विकास मित्र मंडल द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में पिछले दिनों बालीवुड कलाकार अभिषेक ने शरीक होकर समां बांधा वहीं आज म्यूजिक एम जी के नाम से शुमार पंजाबी गायक, संगीतकार मिलिंद गाबा गरबा महोत्सव में प्रस्तुति देंगे, संगीत के क्षेत्र में धुम मचाने वाले मिलिंद गाबा के तिल्दा-नेवरा आगमन को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है,चुंकि इन्होंने अपनी प्रभावी संगीत के माध्यम से देश विदेश में खास पहचान बनाया है । विकास मित्र मंडल के अध्यक्ष विकास सुखवानी के द्वारा गणेशोत्सव पर्व से लेकर देवी माता की पर्व नवरात्रि तक विभिन्न आयोजन कर तिल्दा-नेवरा नगर का एक पहचान बनाया है , विकास मित्र मंडल के धार्मिक , सामाजिक कार्यो के प्रति रूझान को लेकर काफी सराहना किया जा रहा है। राजस्थान हार्डवेयर के पिछे सौरब पार्क में आयोजित गरबा महोत्सव में रोजाना भक्तगण बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं ।वहीं आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जा रहा है ।

# रूंगटा कॉलेज के छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए किया गया जागरूक

## नेहरू नगर के कैफेज के यंगस्टर साइबर प्रहरी अभियान में हुए शामिल

- जिला दुर्ग के समस्त थाना क्षेत्र में वॉल पेंटिंग, पोस्टर, बैनर, एलईडी, सोशल मीडिया, डेमो के माध्यम सहित अन्य नए माध्यमों से लगातार किया जा रहा है जागरूक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ पुलिस के राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत, दुर्ग जिले में निरंतर साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के पर्यवेक्षण में यह अभियान पूरे जिले में नए-नए माध्यमों का उपयोग कर आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। रूंगटा कॉलेज कोहका में आयोजित कार्यक्रम में 400 से अधिक छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल, थाना प्रभारी जामुल कपिल देव पांडे, उप निरीक्षक डॉ. संकल्प राय, एवं सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर ने छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए और बताया कि किस प्रकार ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर ने बताया कि डर और लालच साइबर अपराधों के मुख्य कारण होते हैं, जिनसे सतर्क रहना आवश्यक है। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल ने नए ट्रेंडिंग साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी और उनसे जागरूक रहने की अपील की। थाना प्रभारी जामुल कपिल देव पांडे ने उपस्थित छात्रों को 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर और संबंधित पोर्टल की जानकारी दी। साइबर प्रहरी नोडल अधिकारी डॉ. संकल्प राय ने छात्रों को साइबर प्रहरी अभियान से जुड़ने का आह्वान किया और टेक्निकल जानकारी साझा की। साथ ही रक्षा टीम प्रभारी ने महिलाओं से जुड़े साइबर अपराधों पर जागरूकता फैलाते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। इसी अभियान के अंतर्गत नेहरू नगर के कैफेज एवम शॉप में उपस्थित यंगस्टर्स को साइबर प्रहरी अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साइबर प्रहरी टीम द्वारा उन्हें इस अभियान से जुड़ने और सोशल मीडिया पर सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। यंगस्टर्स ने इस अभियान की सराहना की और इसमें भाग लेने का संकल्प लिया।

दुर्ग पुलिस के इस प्रयास को जिले भर में सराहना मिल रही है, और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने के इस अभियान को सफल बनाने में विभिन्न संस्थानों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो रही है।

# हत्या के आरोपियों को 24 घंटे के अंदर उतई पुलिस ने किया गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त लोहे के राड, धारदार कटर एवं मोटर सायकिल को आरोपियों के कब्जे से किया गया बरामद

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




सुशीला सिन्हा निवासी ग्राम पुरई थाना उतई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09.10.2024 को अपने पति द्वारिका प्रसाद सिन्हा के साथ दुर्गा देखकर पंडाल से रात्रि करीबन 08.00 बजे अपने घर वापस आयी और अपने पति को बताकर खाना बनाने लगी तभी प्रार्थिया का पति द्वारिका प्रसाद सिन्हा पीछे तरफ से आ रहा हूँ बोलकर घर से निकल गया। कुछ देर बाद प्रार्थिया भी अपने पति के पीछे गई तो देखी कि इनके पति और किशन उर्फछोटू राजपूत के साथ बहसबाजी हो रहा था, इनके पति द्वारिका प्रसाद सिन्हा किशन उर्फ छोटू राजपूत से कह रहा था कि तुम मेरी पत्नी को फोन मत लगाया करो, मेरे घर के आसपास बिना मतलब के मत आया करो, इसी बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद होने लगा, वाद विवाद लड़ाई झगड़े में बदल गया और किशन उर्फछोटू राजपूत ने पुरानी रंजीश की बात को लेकर द्वारिका को धमकी दिया कि आज तुझे जान से खतम कर दूंगा और अपने पास पड़े लोहे के सरिया को उठाकर अपने अन्य साथीगण गणेश और जयसिंग को बोला कि द्वारिका को पकड़ो फिर तीनों ने एक राय होकर द्वारिका प्रसाद सिन्हा को लोहे के सरिया, धारदार कटर व बेल्ट से ताबड़ तोड़ हमला कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये, जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल उतई ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 296/2024 धारा 103, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) देवव्रत सिरमौर एवं SDOP पाटन आशीष कुमार बंछोर के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश पर प्रकरण के आरोपियों के पता तलाश हेतु विशेष टीम का गठन कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, लगातार पता तलाश करने पर आरोपी किशन उर्फ छोटू राजपूत, गणेश नायक एवं जयसिंग बांधे को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर बताया कि घटना के पूर्व तीनों आरोपी पुरई में प्लाट के पास शराब पी रहे थे, तभी द्वारिका प्रसाद सिन्हा आकर मेरी पत्नी से क्यू बात करते हो कहने लगा। इसी बात को लेकर पूर्व में भी मृतक द्वारिका प्रसाद सिन्हा एवं आरोपी किशन उर्फछोटू राजपूत के मध्य विवाद हो चूका था। दोनों के मध्य बात बढ़ जाने से लड़ाई झगड़ा में बदल गया और तीनों आरोपियों ने जान से मारने की नियत से एक राय होकर किशन उर्फ छोटू राजपूत अपने पास में पड़े लोहे के सरिया से, जयसिंह बांधे ने अपने पास रखे धारदार कटर से व गणेश नायक ने अपने बेल्ट से द्वारिका प्रसाद सिन्हा के उपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे द्वारिका प्रसाद सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। फिर तीनों आरोपी अपने मोटर सायकिल से मौके से फरार हो गये।

# किसान आंदोलन 19वां दिन नवरात्रि पर्व उपवास और व्यस्तता के बाद भी डटे रहे किसान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवरात्रि पर्व की अष्टमी की व्यस्तता के बाद भी लगातार 19वे दिन भी उपवास के साथ ग्रामीण किसान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे धरना स्थल पर डटे हुए है। एथेनाल प्लांट बंदी की मांग को लेकर ग्राम पथर्रा में ग्रामीण 23सितंबर से लगातार धरने में बैठे हुए है।इस समय शासन, प्रशासन, और उद्योग पति के तरकश से चलने वाले हर तीर और हर चाल को किसान अपने अकाट्य तर्कों से नाकाम कर दे रहे है।प्रशासन की कोई रणनीति सफल नही हो पा रही है।बेमेतरा जिला में किसानो का शांति पूर्ण इतना लंबा आंदोलन पहली बार देखा जा रहा है।हर परिस्थिति से निपटने के लिए किसानों में गजब का जज्बा दिखाई दे रहा है,आंदोलन को आगे बढ़ाने हर दिन हर व्यक्ति अपने अपने हिसाब से सलाह दे रहा है। उनका जुनून और आक्रोश इनकी सफलता की ओर इशारा कर रहा है।किसानो का गुस्सा भी गुजरते दिन के साथ बड़ता ही जा रहा है।नवरात्रि के इस महत्वपूर्ण पर्व के समय धरना प्रदर्शन के लिए समय निकालना इस बात का संकेत है की किसान अपनी मांग पर कितना अडिग हैं।जिस तरह हर दिन हर किसान शासन प्रशासन पर धरना स्थल पर जिस तरह अपनी भड़ास निकाल रहे उससे उनकी भावनाओं को समझा जा सकता है।

# विधायक दीपेश साहू ने माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि के लिए की कामना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक दीपेश साहू ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर क्षेत्र व अंचल के विभिन्न मंदिर दीवाल्यो मे जाकर शक्ति की देवी माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियो के सुख, समृद्धि शांति और मंगलकामना के लिए मातारानी से प्रार्थना किया द्य इस दौरान विधायक साहू जिले के सुप्रसिद्ध मंदिर सिद्धि माता मंदिर संडी सहित क्षेत्र एवं अंचल के विभिन्न ग्रामो के मंदिर दीवाल्यो और दुर्गा पंडालो मे पहुंचकर ज्योति ज्वारा दर्शन कर मातारानी से आशीर्वाद प्राप्त किया द्य और समस्त क्षेत्र व अंचल वासियों को शारदीय नवरात्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दिए द्यद्य इस मौके पर विधायक दीपेश साहू ने कहा की यह पावन पर्व माँ दुर्गा के स्तुति स्मरण का समय है द्य माँ भगवती की कृपा भारत के समस्त नागरिकों पर बनी रहे द्य जीवन मे सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति के लिए हमें भगवान की स्तुति सदैव करते रहना चाहिए द्यद्य इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, युगल देवांगन, देवराम साहू पार्षद, गौरव साहू, परमेश्वर साहू, नरेश साहू, ओमकार साहू, टिकेंद्र साहू , लक्ष्मीनारायण यादव, राहुल साहू ,साकेत साहू ,समस्त क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# सराईभद्दर में तलवारनुमा हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

## जूटमिल पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्रवाई



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जूटमिल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सराईभद्दर निवासी तोषराम साहू पिता सुरित राम साहू, उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सराईभद्दर इलाके में तलवारनुमा हथियार लेकर लोगों को डराते-धमकाते हुए पाया गया। उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में पेट्रोलिंग पार्टी ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ा और उसके कब्जे से एक नग लोहे का तलवारनुमा हथियार जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफथाना जूटमिल में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी, त्यौहार को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रालिंग बढ़ा दी है।

# पुलिस कप्तान दिव्यांग पटेल ने दो आरक्षको को किया निलंबित

## पद का दुरूपयोग कर पैसे मांगने का मामला




पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाने में पदस्थ दो आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर लाईन अटैच कर दिया है। उक्त दोनों शिकायत के खिलाफएक व्यक्ति को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे मांगने का आरोप था। मिली जानकारी के मुताबिक संजीत कुमार ने एसपी कार्यालय में शिकायत करते हुए कहा था कि वह पलामू झारखण्ड जिले के दंडीलाखुर्द का रहने वाला है। पीड़ित ने बताया था कि पूंजीपथरा थाने में पदस्थ आरक्षक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं आरक्षक डोमन सिदार के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देते हुए वाहन को थाने में रखने और पैसे की मांग की गई थी। इस शिकायत के बाद आधार पर रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जांच उपरांत शिकायत को सही पाये जाने के बाद आरक्षक 624 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं आरक्षक 80 डोमन सिदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उक्त अवधि में उक्त दोनों आरक्षक रक्षित केन्द्र में रहेंगे और उन्हें जीवन निर्वा भत्ता देय होगा।

# डांडिया इवेंट में साइबर सुरक्षा की शपथ

- रोटरी क्लब खरसिया के डांडिया उत्सव में साइबर सेल रायगढ़ पुलिस एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में विभिन्न साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ आम जनता और समाजसेवी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी है। इसी क्रम में रोटरी क्लब खरसिया के डांडिया उत्सव में साइबर सेल रायगढ़ पुलिस एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित ग्रैंड डांडिया इवेंट के दौरान विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खरसिया के स्पाइस ऑफ पंजाब हॉटल में आयोजित हुआ, जहाँ डांडिया खेलने आए प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साइबर सेल के डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को समसामयिक साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डांडिया प्रतिभागियों को अनजान कॉल्स, ओटीपी शेयरिंग, और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी। रोटरी क्लब खरसिया के अध्यक्ष अनिल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष रुपेश सराफ, राकेश गर्ग और विन्नी सलूजा, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, विकास शारदा, निलेश अग्रवाल, साहिल शर्मा, लोकेश गर्ग , हिमांशु अग्रवाल, अविचल अग्रवाल, अंबर अग्रवाल, राहुल डनसेना ,शुभम अग्रवाल, विनय कबूलपुरिया के साथ डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई।

उन्होंने सभी से अपील की कि वे रायगढ़ पुलिस की अभियान से जुड़ें और खुद जागरूक होकर अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी हुआ पति गिरफ्तार

- आरोपी पति ने गमछे से गला घोटकर की थी अपनी पत्नी की हत्या

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




पुरूर पुलिस को बड़ी सफलता मिली हैं। अपनी ही पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति अर्जुन राम मंडावी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। आरोपी पति ने गमछे से गला घोटकर अपनी पत्नी की हत्या की थी। दरअसल ग्राम के कोटवार मुकेश कुमार टाण्डे ने पुरूर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम चिटौद निवासी अर्जुन राम मण्डावी पिता स्व. धन्नू राम मंडावी (उम्र 33) ने 10 अक्टूबर 2024 को करीबन 11 बजे अपनी पत्नी अंजलि मंडावी को चरित्र शंका पर अपने घर के कमरे में पलंग में लेटाकर उसके हाथ पांव बांधकर अपने पास रखे गमछे से उसका गला घोट कर हत्या कर दिया है। जिसकी सुचना पर ग्राम चिटौद के ग्रामीणों के साथ घटनास्थल घर जाकर देखा, तो अर्जुन की पत्नी कमरे में पलंग पर मृत हालत में पडी थी, उसके हाथ व पैर साडी से बंधा हुआ था। अर्जुन मंडावी के द्वारा अपनी पत्नी अंजली मंडावी की चरित्र शंका पर गमछे से गला घोटकर हत्या की गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुरूर थाने में अपराध क्रमांक 115/2024 घारा 103 (1) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। एसपी एसआर भगत के निर्देश प्राप्त होने पर पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा द्वारा आरोपी का पता तलाश कर तत्काल पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा आरोपी पति अर्जुन राम मंडावी द्वारा अपने बयान में अपनी पत्नी की घटना को अंजाम देना स्वीकार करने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। तथा मृतिका के शव को पंचनामा कार्यवाही कर गुरुर शासकीय अस्पताल से मृतिका के शव का पीएम कर शव के अंतिम संस्कार करने हेतु उसके परिजनो को सुपुर्वनामा में दिया गया। उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी पुरूर निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा एवं प्रआर कमलेश रावटे, प्रमोद नाविक आरक्षक थनेन्द्र देवांगन, किशोर साहू, संदीप यादव, सुरेश पटेल, पुष्कर तिवारी, की सराहनीय भूमिका रही।

## शिवनाथ नदी में विसर्जन के लिए निगम की तैयारी पूरी,माता दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान निगम के अधिकारी और कर्मचारी रहेंगे तैनात

# आयुक्त ने जनता से कहा-निर्धारित किये गये तालाबों पर ही करें विसर्जन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com







माता दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर दुर्ग निगम की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा शारदीय नवरात्रि उत्सव के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजे माता दुर्गा की प्रतिमाओं को पूर्ण विधि-विधान के साथ विसर्जित कराने के लिए नगर निगम द्वारा विसर्जन शिवनाथ नदी सहित शहर के कुछ तालाबों को चिन्हित कर व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। उक्त व्यवस्था के संपादन के लिए विसर्जन समाप्ति तक निरंतर सुनिश्चित कराने के लिए प्रभारी कार्यपालन अभियंता आर.के. जैन को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।विसर्जन कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिवनाथ नदी मूर्ति विसर्जन हेतु पहुंच मार्ग, समतलीकरण, अस्थाई कुण्ड निर्माण, शमियाना एवं कुर्सी, टेबल की व्यवस्थाएं देखेंगे।महापौर धीरज बाकलीवाल ने माता दुर्गा विसर्जन को लेकर नागरिकों से अपील की हैं कि नदी व वार्डो के तालाबों में निगम द्वारा बनाये गए कुंड में ही पूजन सामग्री के एकत्रीकरण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वार्डो के तालाबो में चिन्हित स्थानों पर अस्थायी पर्यावरण हितेषी कुण्ड रखें गए है।साथ ही नागरिको को पर्यावरण सुरक्षा व जल प्रदूषण को रोकने की दृष्टि से विसर्जन से पूर्व भगवान गणेश प्रतिमा की पूजन सामग्री यथा माला,वस्त्र, नारियल, फूल व पत्ती को एक कुंड पर विसर्जन करने की अपील भी की गई है।उन्होंने कहा कि माता दुर्गा प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किये गये वही पर विसर्जन करें। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर निगम व पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तैनात किया है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं विधिवत पारम्परिक रूप से समय सीमा में पूर्ण कराने का दायित्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारियो को सौंपा है।

यह अधिकारी/कर्मचारी इन पुलगांव वार्ड 55 शिवनाथ नदी गुरुद्वारा के निकट, महमरा घाट, शक्ति नगर, सतरूपा शीतला कसारीडीह तालाब वार्ड 29,वार्ड 57 व 58 पॉन्ड के पास तालाब पर तैनात रहेंगे।

# राज्यपाल कालीबाड़ी वैशाली नगर में दुर्गा पूजा उत्सव में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका आज कालीबाड़ी वैशाली नगर भिलाई के दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल डेका ने कालीबाड़ी में महाकाली मंदिर परिसर पर पंडाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। महामहिम डेका लोकांगन में भी दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका, विधायक रिकेश सेन, संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## संपादकीय

### विधानसभा चुनाव जनता का निर्णय

विधानसभा चुनाव में जनता ने अपना निर्णय देते हुए जहां हरियाणा में फिर से भाजपा को सत्ता सौंपी है, वहीं जम्मू कश्मीर में क्षेत्रीय दलों को सफलता मिली है। जनता का निर्णय एक्ज़िट पोलों में लगाए अनुमान से एकदम उलट रहा। भाजपा ने हरियाणा पर अपना कब्जा बनाए रखा, जबकि जम्मू कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेंस को सत्ता मिली। इन परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि जम्मू कश्मीर की जनता 'विकास और शांति' चाहती है, जबकि हरियाणा की जनता ने कृषि कानूनों पर विरोध के बावजूद जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय विकास कार्यों के चलते भाजपा पर विश्वास व्यक्त किया है। हरियाणा तथा जम्मू कश्मीर चुनाव के परिणामों का राष्ट्रीय राजनीति पर काफी असर होगा। भाजपा की सफलता से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय नेता वोट बटोर सकते हैं, पर स्थानीय नेताओं को भी कारगर प्रदर्शन करना होगा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लिए ये परिणाम भविष्य में रणनीतिक परिवर्तनों की आवश्यकता स्पष्ट करते हैं। खासकर जम्मू कश्मीर में क्षेत्रीय पार्टियों के उभार से भारत के विविधतापूर्ण राजनीतिक परिदृश्य में स्थानीय मुद्दों और 'पहचान की राजनीति' की प्रासांगिकता के संकेत देते हैं। इन परिणामों से न केवल स्थानीय राजनीतिक स्थितियों में परिवर्तन आया है, बल्कि इसका राष्ट्रीय राजनीति पर व्यापक प्रभाव होगा। इससे भाजपा और कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियों के साथ क्षेत्रीय पार्टियां भी प्रभावित होंगी। महत्वपूर्ण रूप से चुनाव परिणाम एक्ज़िट पोलों के अनुमानों के एकदम विपरीत आए जिन्होंने दोनों राज्यों में अलग परिदृश्यों की कल्पना की थी।



जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद चुनावों पर सबकी नजर थी जिसका इस क्षेत्र में प्रतीकात्मक महत्व था। जहां भाजपा ने खासकर जम्मू क्षेत्र में अपनी पकड़ काफी मजबूत की है, वहीं उसे नेशनल कान्फ्रेंस-एनसी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों से कड़ा मुकाबला करना पड़ा। परिणामों ने क्षेत्रीय पार्टियों के उभार के संकेत दिए जिनमें फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कान्फ्रेंस ने कश्मीर घाटी की सीटों पर बहुमत प्राप्त किया। भाजपा को जम्मू क्षेत्र में काफी सफलता मिली, पर कश्मीर घाटी में विस्तार न कर पाने के कारण वह महत्वाकांक्षी लक्ष्य से दूर रह गई। ऐसा लगता है कि मतदाताओं के एक हिस्से ने भाजपा के राष्ट्रवादी एजेंडे की तुलना में क्षेत्रीय मुद्दों, जैसे स्वायत्तता, पहचान तथा आर्थिक परेशानियों पर ज्यादा ध्यान दिया। चुनाव परिणामों ने भाजपा के समक्ष चुनौतियों को रेखांकित किया क्योंकि वह अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद इस क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डालने में पूरी तरह सफल नहीं हुई। इससे स्थानीय राजनेताओं की मजबूती भी स्पष्ट होती है जिन्होंने घाटी के राजनीतिक विमर्श पर अपना प्रभुत्व लगातार बनाए रखा है। भले ही कांग्रेस हरियाणा में बहुमत तक पहुंचने में विफल रही, पर चुनाव में वह भाजपा से मुकाबले में बनी रही। उसका मत प्रतिशत 39.04 प्रतिशत रहा, जबकि भाजपा का मत प्रतिशत 39.94 प्रतिशत था। भाजपा ने लगातार तीसरी बार हरियाणा में सत्ता पर कब्जा करने में सफलता पाई तथा उसकी सीटों व मत प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी हुई। भाजपा की विजय इसलिए भी अभूतपूर्व है कि हरियाणा राज्य गठन के बाद पहली बार किसी दल को लगातार तीसरा कार्यकाल मिला है। भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में स्वाभाविक रूप से हरियाणा चुनाव में अभूतपूर्व विजय से भारी उत्साह है। उम्मीद है कि पार्टी हरियाणा विजय से मिले उत्साह को महाराष्ट्र, झारखंड व दिल्ली विधानसभा चुनावों में बनाए रख कर विपक्षियों पर भारी पड़ेगी।

# जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र बहाल

**जम्मू कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण परिघटना हैं। इससे लोगों की सामान्य स्थिति तथा राज्य दर्जे की बहाली की इच्छा प्रकट होती है।**



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जम्मू कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण परिघटना हैं। इससे लोगों की सामान्य स्थिति तथा राज्य दर्जे की बहाली की इच्छा प्रकट होती है। संघशासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर में इस दशक के पहले विधानसभा चुनाव हुए हैं। इससे दशकों तक उग्रवाद के बाद पिछले सप्ताह लोकतंत्र बहाली की जनता की इच्छा शांतिपूर्ण ढंग से प्रकट हुई है। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के बाद राज्य को जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के संघशासित क्षेत्रों में विभाजित कर दिया गया था। भाजपा ने दावा किया था कि यह कदम राज्य को अलगाववाद से मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक था। इससे इस क्षेत्र में आर्थिक विकास सुनिश्चित हुआ तथा यह देश के साथ पूरी तरह जुड़ गया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि 1989 के बाद से जम्मू कश्मीर राज्य पूरी तरह उग्रवाद, हिंसा तथा अलगाववादी तत्वों द्वारा चुनाव बहिष्कार के आह्वानों से प्रभावित रहा। उग्रवादी व अलगाववादी तत्वों को पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था। हालिया विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव कराने में सफलता मिलने पर निर्वाचन आयोग ने खुशी जताई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'शांतिपूर्ण और सहभागी चुनाव ऐतिहासिक हैं।

इससे स्पष्ट है कि पहले के किसी समय की तुलना में लोकतंत्र ने अपनी जड़ें मजबूती से जमा ली हैं और यह जम्मू कश्मीर की जनता की इच्छा से संचालित है।' विधानसभा चुनाव का उल्लेखनीय तत्व व्यापक चुनाव प्रचार, शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया तथा मतदाताओं की भारी संख्या में चुनाव में सहभागिता है। पहले उग्रवादी व अलगाववादी तत्व मतदाताओं को भयभीत करते थे, पर इस बार वे शांतिपूर्ण मतदान के लिए भारी संख्या में मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। यह न केवल राजनीतिक कारणों से, बल्कि विकास के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। दस साल में पहली बार विधानसभा चुनाव हुए हैं, अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ है तथा लोकतंत्र की बहाली सुनिश्चित हुई है। इस बार हिंदू-बहुल जम्मू तथा मुस्लिम-बहुल कश्मीर की जनता ने एकजुट होकर राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। केन्द्र सरकार ने पहले ही राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था। विधानसभा चुनाव में भारी मतदान से जनता की लोकतंत्र के प्रति इच्छा प्रकट होती है।

जम्मू कश्मीर की जनता दशकों से राज्य में व्याप्त गोलीबारी, बम धमाकों, हड़तालों, चुनाव बहिष्कार तथा पत्थरबाजी की घटनाओं से थक चुकी थी और वह शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहती थी। 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था कठोरता से बहाल करने से राज्य की स्थितियों में व्यापक परिवर्तन आया है। इसका परिणाम विधानसभा चुनाव में भारी मतदान के रूप में दिखा है। पहले उग्रवादियों, अलगाववादियों व आतंकवादियों की चुनाव बहिष्कार के आह्वानों तथा मतदान करने वाले नागरिकों को धमकी देने से मतदान बहुत कम होता था, पर इस बार स्थिति पूरी तरह बदल गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस संघशासित जनता की प्रशंसा की कि वह बड़ी संख्या में मतदान के लिए सामने आई। इस बार रिकार्ड 58.46 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले 35 साल में सर्वाधिक है। सुरक्षा बलों ने हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कारण इस बार मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा, कहीं से भी हिंसा व मतदान में बाधा की खबरें नहीं आईं तथा किसी मतदान केन्द्र पर पुनः मतदान की नौबत नहीं आई। सुरक्षा बलों ने अलगाववादियों के आवागमन को पूर्णतः रोक दिया। ये चुनाव पहले हुए चुनावों से इस अर्थ में भी अलग हैं कि अब यह क्षेत्र केवल चार परंपरागत पार्टियों तक सीमित नहीं रहा जिनमें नेशनल कान्फ्रेंस-एनसी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी-पीडीपी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रीय पार्टियां शामिल हैं। नया परिवर्तन अलगाववादी तत्वों की चुनावों में सहभागिता के रूप में सामने आया जिसे संबोधित किया जाना चाहिए क्योंकि अब उन्होंने 'बुलेट के बजाय बैलेट' का रास्ता अपना लिया है। अनेक चुनावी मुद्दों, जैसे विकास की कमी तथा बेरोजगारी आदि के बावजूद जनता राज्य का दर्जा बहाल करने तथा जम्मू कश्मीर के एकीकरण की मांग कर रही है। अन्य प्रमुख मुद्दों में अनुच्छेद 370, कानून-व्यवस्था, आतंकवाद तथा सामाजिक-आर्थिक स्थायित्व शामिल हैं।

परिसीमन आयोग ने जम्मू को 6 तथा कश्मीर को 1 सीट अतिरिक्त दीं। इस पर विपक्ष का कहना था कि संतुलन हिंदू-बहुल जम्मू के पक्ष में झुक रहा है। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए नौ सीटें आरक्षित की गईं। जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव पर सारी दुनिया की नजरें थीं। अनेक देशों के राजनयिकों ने राज्य में चुनाव प्रक्रिया पर जमीनी स्तर पर नजर रखी। राज्य की यात्रा कर उन्होंने सीधे जमीनी सूचनायें प्राप्त कीं। इस बार शांतिपूर्ण चुनाव के अनेक कारण रहे। पहला, पाकिस्तान का हस्तक्षेप न्यूनतम था क्योंकि वह अपनी ही आंतरिक समस्याओं में उलझा है। भारत ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह इस्लामवादी उग्रवादियों के प्रशिक्षण, फंडिंग तथा उनको भारत भेजने के लिए जिम्मेदार है। ऐसे तत्व मुस्लिम-बहुल कश्मीर घाटी के बजाय हिंदू-बहुल जम्मू क्षेत्र पर ज्यादा निशाना लगाते हैं। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों से इनकार किया है।

दूसरा, कश्मीरी हिंसक और अराजकता वाली स्थितियों में रहने से परेशान हो चुके थे। यहां बच्चों की दो पीढ़ियों का सामान्य बचपन नष्ट हुआ है। तीसरा, इस बार उग्रवादियों ने चुनाव बहिष्कार का आह्वान नहीं किया। इसके उलट अलगाववादी स्वयं चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो गए। पहले आतंकी गतिविधियों से सर्वाधिक प्रभावित रहे क्षेत्रों में इस बार भारी मतदान हुआ। उग्रवादियों को संभवतः यह अहसास हो गया है कि उनको पैसे और संरक्षण की जरूरत है जो अब उन्हें नहीं मिल रहा है। इसलिए उन्होंने चुनाव का रास्ता अपनाने का निर्णय किया। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा है कि लोगों ने बंदूकों को अस्वीकार कर मतदान का रास्ता अपनाया है। जम्मू कश्मीर में इस बार 90 सीटों के लिए बहुकोणीय मुकाबला हुआ जिसमें नेशनल कान्फ्रेंस व कांग्रेस ने गठबंधन किया था। इसके अलावा भाजपा और पीडीपी की महत्वपूर्ण सहभागिता थी। भाजपा की महत्वाकांक्षा व्यापक थी, पर उसका राजनीतिक आधार जम्मू में मजबूत होने के बावजूद घाटी में कमजोर था। पार्टी ने घाटी की 47 सीटों में से केवल 19 पर उम्मीदवार उतारे। भाजपा को घाटी की असलियत पता थी और उसे वहां ज्यादा वोटों की उम्मीद नहीं थी। घाटी में इंजीनियर राशिद, सज्जाद लोन, अल्ताफ बुखारी व गुलाम नबी आजाद भी मैदान में थे। कश्मीरी पंडित अभी अपने घर लौटने से डर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के लोगों को राज्य को दो संघशासित क्षेत्रों में बांटे जाने का दुःख है। यहां अब भी बेरोजगारी तथा नशे के व्यापार जैसी गंभीर समस्यायें बनी हुई हैं। चुनाव परिणामों में नेशनल कान्फ्रेंस-कांग्रेस गठजोड़ को पूर्ण बहुमत मिला है।

कश्मीर घाटी में भाजपा की उपस्थिति लगभग नगण्य थी, इसलिए उसने कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों को इस आशा से समर्थन दिया था कि वह जम्मू में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही थी। केन्द्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग को निश्चित रूप से इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने चुनाव प्रक्रिया पूरी करने में सफलता पाई है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर की जनता की प्रशंसा की जानी चाहिए कि वे निर्भय होकर मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए आए। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भी अपनी इसी निर्भीकता का परिचय दिया था। इसे देखते हुए कोई संदेह नहीं कि जम्मू कश्मीर की जनता लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार चाहती है। जम्मू कश्मीर की जनता ने एक्ज़िट पोलों और राजनीतिक विश्लेषकों की राज्य में त्रिशंकु विधानसभा के अनुमानों को भी गलत साबित कर पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाई है।

# कार्य और जीवन में संतुलन

> कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता देकर, हम देश के नागरिक के रूप में न केवल अपने कल्याण में बल्कि अपने समुदायों के स्वास्थ्य में भी योगदान देंगे।

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



एक स्वस्थ कार्य-जीवन गतिशीलता न केवल व्यक्तियों को लाभ पहुँचाती है, बल्कि समुदायों को भी मजबूत बनाती है। हाल के वर्षों में, दुनिया ने कोविड-19 महामारी से लेकर चल रहे सामाजिक-आर्थिक व्यवधानों तक, अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना किया है। इन संकटों ने न केवल लोगों की जान ली है, बल्कि हमारी दैनिक दिनचर्या और कार्य वातावरण के मूल ढांचे को भी बदल दिया है। इन उथल-पुथल भरे समय के बीच, कार्य-जीवन संतुलन की अवधारणा एक महत्वपूर्ण आवश्यकता के रूप में उभरी है, जो पेशेवर जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व पर जोर देती है। वैश्विक संकटों से जुड़ी बढ़ती मौतों और व्यापक भय ने मानसिक स्वास्थ्य पर भारी असर डाला है। आज, दुःख, चिंता और अनिश्चितता आम बात हो गई है क्योंकि लोग नुकसान और व्यवधान से जूझ रहे हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि तेज गति वाली तकनीकी प्रगति के लिए निरंतर अनुकूलन और सीखने की आवश्यकता होती है, जो भारी पड़ सकता है और तनाव में योगदान दे सकता है। कई भारतीय कंपनियों में, अधिक काम करने की संस्कृति है, जहाँ छुट्टी लेना अच्छा नहीं माना जाता है। कई अधिकारी अपने समय और स्वास्थ्य का त्याग करते हुए लंबे समय तक काम करते हैं, जो शारीरिक और मानसिक थकावट दोनों में योगदान देता है। इसके अलावा, यह एक विषाक्त वातावरण को भी जन्म दे सकता है, जहाँ कर्मचारियों को न केवल यह महसूस होता है कि उन्हें लगातार अपनी योग्यता साबित करनी है, बल्कि असफलता से जुड़ा कलंक उन्हें सफल होने के लिए खुद को अस्वस्थ सीमा तक धकेलने के लिए प्रेरित कर सकता है।



खराब आहार, व्यायाम की कमी और उच्च तनाव के स्तर ने जीवनशैली से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप को जन्म दिया है, जो उच्च-स्तरीय अधिकारियों में आम हैं।

आर्थिक मंदी और बाजार में उतार-चढ़ाव अधिकारियों पर प्रदर्शन करने का दबाव बढ़ाते हैं, जिससे तनाव और संबंधित स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। ऐसे माहौल में, काम और निजी जीवन के बीच संतुलन हासिल करना लचीलापन बढ़ाने और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हो गया है। एक स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन व्यक्ति को आत्म-देखभाल, परिवार और समुदाय के लिए समय समर्पित करने की अनुमति देता है, जो भावनात्मक सुधार और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। महामारी के कारण दूरस्थ कार्य और लचीले शेड्यूल में बदलाव ने पारंपरिक कार्य संरचनाओं के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता को रेखांकित किया है। अगर रिमोट वर्क लचीलापन प्रदान करता है, तो साथ ही इसने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच की रेखाओं को भी धुंधला कर दिया है, जिससे काम के घंटे बढ़ गए हैं और तनाव बढ़ गया है। संगठनों के लिए यह समय की मांग है कि वे इसे पहचानें और ऐसी नीतियों को बढ़ावा दें जो कर्मचारियों को सीमाएँ निर्धारित करने, ब्रेक लेने और व्यक्तिगत समय को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करें। भारतीय कंपनियों में अधिकारियों के बीच उच्च मृत्यु दर को संबोधित करना, उदाहरण के लिए पुणे सीए की मृत्यु, जिसके बाद एनबीएफसी के लिए काम करने वाले एक प्रतिष्ठित भारतीय ने इसी तरह की वजह से आत्महत्या कर ली - यानी वरिष्ठों से काम का दबाव और मानसिक परेशानी, एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। संगठनों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता को प्राथमिकता देनी चाहिए, एक स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देना चाहिए, और एक ऐसी संस्कृति बनानी चाहिए जो कर्मचारी कल्याण को महत्व देती हो। ये कदम उठाकर, कंपनियाँ न केवल उच्च-तनाव वाले वातावरण से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद कर सकती हैं, बल्कि एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ कार्यस्थल को भी बढ़ावा दे सकती हैं। कार्य-जीवन संतुलन को महत्व देने वाले वातावरण को बढ़ावा देकर, नियोक्ता उत्पादकता और कर्मचारी संतुष्टि को बढ़ा सकते हैं, जिससे टर्नओवर दरें कम होंगी और अधिक व्यस्त कार्यबल होगा। कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करना केवल एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है, बल्कि समाज के लिए इसके व्यापक निहितार्थ भी हैं। जब व्यक्ति अपने काम और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं, तो वे अपने समुदायों में शामिल होने, स्वयंसेवक बनने और स्थानीय पहलों का समर्थन करने की अधिक संभावना रखते हैं। यह सामुदायिक जुड़ाव सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देगा और समाज के ताने-बाने को मजबूत करेगा, जिससे यह प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में अधिक लचीला बनेगा। कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता देकर, हम देश के नागरिक के रूप में न केवल अपने कल्याण में बल्कि अपने समुदायों के स्वास्थ्य में भी योगदान देंगे।

## आप की बात

### कांग्रेस की पराजय

हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने उसके द्वारा लोकसभा चुनाव में अर्जित चमक को खो दिया है। इससे राहुल गांधी के कद पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है जिसके रुझान भी आना शुरू हो गए हैं। इससे कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के साथी दलों की सीट वितरण में अधिक हिस्सा बटोरने की लालसा बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी-आप का दिल्ली और पंजाब के अलावा कहीं कोई खास प्रभाव नहीं है पर उसके नेता भी अब कांग्रेस को ज्ञान बांटने और उपदेश देने लग गए हैं। हरियाणा की शिकस्त पर जम्मू-कश्मीर में पार्टी की जीत भी मरहम नहीं लगा सकी। हालांकि, यहां भी कांग्रेस की संख्या घट कर आधी रह गई है और वह पूरी तरह नेशनल कान्फ्रेंस पर निर्भर हो गई है। ऐसा लगता है कि यदि नेशनल कांफ्रेंस ने कांग्रेस से चुनावी गठबंधन न किया होता तो वह अकेले सरकार बनाने लायक सीटें ले आती। सर्वाधिक चिन्ता की बात यह है कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस द्वारा खड़े किए सारे हिंदू उम्मीदवार चुनाव हार गए। इससे कुछ राजनीतिक विश्लेषक व्यंग्य कर रहे हैं कि क्या कांग्रेस केवल मुसलमानों की पार्टी बन कर रह जाएगी। हरियाणा में भी उसे तुलनात्मक रूप से मुसलमानों का ज्यादा समर्थन मिला है। कहा जाता है कि परिणाम आने वाले दिन राहुल विदेश चले गए।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### ईवीएम का जिन्न

कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर चुनाव आयुक्त को सात शिकायतों वाला प्रतिवेदन सौंपा है। उसने कहा, हमें हरियाणा के कई जिलों से ये शिकायतें मिली हैं कि वहां ईवीएम के साथ छेड़छाड़ हुई है एवं इसी कारण हमारे लिए यह अप्रत्याशित परिणाम रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का कहना है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे हमारे लिए बिल्कुल ही अप्रत्याशीत रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को आशंका है कि ईवीएम में जरूर कुछ न कुछ गड़बड़ी कर हमारी विजय को हार में बदला गया है। इस प्रकार कांग्रेस ने एक बार फिर ईवीएम का राग छेड़ा है क्योंकि चुनाव हारने के कारणों पर वह गंभीर चिंतन कर कमियों को ठीक नहीं करना चाहती अथवा ऐसा करने की स्थिति में नहीं है। मजेदार बात है कि इस बार ईवीएम राग में कोई अन्य विपक्षी दल भी कांग्रेस का साथ नहीं दे रहा है। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि जब कांग्रेस जीतती है तो ईवीएम ठीक होती है, पर अपनी हार का ठीकरा वह ईवीएम पर फोड़ देती है। देश की सबसे पुरानी 138 साल की कांग्रेस के लिए राजनीति का ऐसा शार्ट कट उसका लगातार कद घटाने का काम कर रहा है।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

### एक्ज़िट पोल की विश्वसनीयता

एग्जिट पोल के नतीजे पिछले कुछ समय से विफल हो रहे हैं और वे नजदीकी संभावनाओं के निकट भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कहीं न कहीं वैचारिक स्वार्थ तो इनसे नहीं जुड़ता जा रहा है? इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हर व्यक्ति प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी विचारधारा से जुड़ा हो सकता है, फिर चाहे वह राजनेता, पत्रकार, सरकारी, गैर-सरकारी कर्मचारी हो या किसी तरह की संस्था से संबद्ध हो। बहुत से लोग किसी खास पार्टी के काम को तवज्जो देते हैं, पर समय व परिस्थितियां बदलने पर अपने विचार बदलने में ज़रा भी देर नहीं लगाते हैं। इसलिए चुनाव के परिणाम के बारे में सही या निरपेक्ष अनुमान लगाना आसान नहीं है। एक्ज़िट पोलों का नमूना-आकार भी सवालों के घेरे में रहता है क्योंकि अधिकांश पोल करवाने वाले महानगरों व नगरों के आसपास ही मतदाताओं से सवाल पूछ कर खानापूरी कर लेते हैं। इस प्रकार वे ग्रामीण क्षेत्रों तथा कस्बाई इलाकों के लोगों की राय नहीं जान पाते हैं। विफलताओं को देखते हुए अपनी विश्वसनीयता बहाल करने के लिए एक्ज़िट पोल कराने वाली संस्थाओं को गंभीरता से सारी स्थितियों का गहन विश्लेषण करना चाहिए।

-शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

### रतन टाटा को श्रद्धांजलि

विख्यात उद्योगपति, टाटा संस के मानद प्रमुख तथा पद्म विभूषण से सम्मानित रतन नवल टाटा का निधन समूचे उद्योग जगत व देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। रतन टाटा सचमुच में देश के अनमोल रतन थे। उन्होंने न केवल टाटा संस को नई ऊंचाई दी, बल्कि देश को भी गौरवान्वित किया। आज भी उनका उद्योग समूह लाखों परिवारों की रोजी-रोटी का साधन है। अविवाहित, शांत व सौम्य स्वभाव के धनी रतन टाटा सादगी से रहना पसंद करते हैं जो उनकी खास पहचान थी। बड़े उद्योगपति होने के बावजूद उनमें लेशमात्र भी घमंड नहीं था। जब भी देश में कोई संकट या आपदा आती है तो दान देने में भी वे पीछे नहीं हटते थे। कोरोना काल में भी उन्होंने करोड़ रूपए का दान दिया था। आर्थिक तंगी के शिकार छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके द्वारा स्थापित ट्रस्ट स्कॉलरशिप देता रहा है। उन्होंने नैनो कार के माध्यम से मध्यवर्गीय परिवारों को कार दिलाने का वादा पूरा किया था। ऐसे नेकदिल, ईमानदार, दूरदर्शी तथा सच्चे देशभक्त को शत-शत नमन एवं श्रद्धा सुमन।

-हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिनका मानना है जीवन संघर्ष है, ऐसे लोगों के पास भगवान नहीं है- रुचिता तिवारी

## महादेव भवन में श्रीमद् देवी भागवत कथा के अंतिम दिन रुचिता तिवारी ने कही अनेक प्रसंगों पर कथा-



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के 9वें दिन कथा वाचक रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया। शुक्रवार को कथा का अंतिम दिन था। कथा में तुलसी शालिग्राम विवाह के अलावा तुलसी की महिमा का बखान किया। रात्रि में रुचिता तिवारी द्वारा भजन की प्रस्तुति भी दी गई। उन्होंने कहा कि हरि कथा में बहुत आनंद है। जहां हरि कथा हो रही हो वहां आप पहुंच जाएं तो तन और मन के सारे कष्ट अपने आप दूर हो जाते हैं। जो व्यक्ति कठिन समय के बाद भी भगवान को भजता है वह अपने सारे उद्देश्यों में सफल हो जाता है। जीवन का वृतांत सुनाते हुए कहा कि अलग-अलग लोगों के लिए जीवन का अलग-अलग महत्व हो सकता है। कुछ का मानना है कि जीवन संघर्ष है, ऐसे लोगों के पास भगवान नहीं है। वही जो गुरु के पास है जो भगवान को मानते हैं उनके लिए जीवन एक खेल है। इसके अलावा जो अपने बड़ों के आज्ञा का पालन करता है भगवान को नित्य प्रति पूजता है उनके लिए यह उपहार है। उन्होंने कहा कि भगवान सामर्थवान हैं। उसके दरबार में आने पर अपार शांति मिलती है।

### त्रिकालदर्शी हैं भगवान-

एक कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि भगवान कण कण में विराजते हैं, एक अंधेरी गुफा में दिए की रोशनी जहां तक जा सकती है उससे दूर तक भगवान देख सकते हैं, अर्थात वे त्रिकालदर्शी हैं। भगवान राजा को रंक और रंक को राजा बना सकते हैं। कथा में उन्होंने बताया कि भगवान की लीला अपरंपार है। भगवान ने मनुष्यों के लिए लीला करी, जिसमें उन्होंने स्वयं अपने लिए कष्ट भी चुना। व्यास पीठ से रुचिता तिवारी ने आगे कहा कि लोगों को अच्छा कार्य करना चाहिए, अच्छा सोचना चाहिए, बुरे कार्य नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसका फल इसी जन्म में ही भोगना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि जो भगवान को पूजता है वह भगवान का ही हो जाता है। भगवान उन लोगों को मिलता है जो सरल और सहज होते हैं, अभिमानी व्यक्ति को भगवान कभी नहीं मिलते। भगवान की सेवा आशा रहित होकर करना चाहिए हम अपेक्षा पालकर भगवान की सेवा करते हैं यह गलत है क्योंकि आकांक्षा ही दुख का सबसे बड़ा कारण है।

### माँ गंगा को भी आ गया था अभियान

कथा में उन्होंने कहा कि गंगा के अवतरण की कथा को और विस्तार करते हुए उन्होंने बताया कि गंगा मइया के अवतरण के समय मां गंगा को भी अभिमान आ गया था। अभियान के चलते ही उन्होंने कहा कि मैं धरती में जाऊंगी तो पूरी धरती मेरे प्रवाह से फट जाएगी। इस अभियान को तोड़ने के लिए भगवान शंकर ने उसे अपने जटा में धारण कर लिया। गंगा मइया जटा में इस तरफ फंसी कि निकलने के लिए छटपटाने लगी और जब उसका अभियान टूटा तब भगवान शंकर ने उसे मुक्त किया। इसी प्रकार आगे जाते-जाते मां गंगा को एक बार फिर अभियान आ गया और उन्होंने एक महात्मा की कुटिया को बहा लिया। ेध में आकर महात्मा ने पूरे गंगा को पी लिया। भागीरथ की विनती करने पर महात्मा ने उसे कान के रास्ते प्रकट किया। कथा के दौरान मां सरस्वती मइया की उत्पत्ति की भी कहानी बताई।

### तुलसी व शालिग्राम की पूजा करने से मिलता है कई पुण्यों का फल

तुलसी माता की उत्पत्ति की कथा बताते हुए कथावाचक रुचिता तिवारी ने बताया कि तुलसी मइया की उत्पत्ति भी भगवान की ही एक लीला है। तुलसी मइया की इच्छा भगवान के साथ विवाह करने की थी इसको पूर्ण करने के लिए भगवान शालिग्राम के रूप में तुलसी के पास ही विराजमान हुए। इस दौरान संख चूर्ण नामक दैत्य के साथ तुलसी का विवाह फिर उसके बाद संघ चूर्ण के वध की कथा भी बताई। इस कथा में उन्होंने कहा कि तुलसी माता को कई वरदान प्राप्त हैं, तुलसी माता और शालिग्राम की पूजा करने से कई पुण्यों का फल मिलता है। तुलसी दल को किसी भी पूजा में शामिल किया जा सकता है इसके आशीर्वाद से घरों में भी सुख शांति बनी रहती है।

### अनेक लोगों ने किया कथा का रसपान

गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा पर मुख्य जजमान गोवर्धन चांडक सहित काफी संख्या में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल, जगदीश पटेल, राजा टावरी, पप्पू रघुवंशी, यज्ञदत्त शर्मा, मोहन शर्मा, अमृत भाई पटेल, बाबू भाई पटेल, विश्राम भाई पटेल, राम रतन टावरी, भुवनेश्वर शर्मा, ललित पटेल, जीतू पटेल, गौतम बाफना, तोरण साहू, राम रतन टावरी, सतीश यादव, रामस्वरू टावरी, धीरज पटेल, जगदीश पटेल, प्रदीप पांडे, देवेंद्र साहू, शंकर पटेल, मधुसूदन देशमुख, संजय सोनवानी, प्रजापिता ब्रहमाकुमारी की बहने आदि बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

### भजन संध्या में झूमे लोग

श्री दुर्गा मंदिर में दोपहर 3 बजे हवन पूर्णा आहुति दी गई। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या 'लाडली रुचिता तिवारी के मधुरवाणी से प्रस्तुत की गई। महादेव भवन में कथा पंडाल में ही आयोजित भजन संध्या में देर रात तक श्रद्धालुओं ने भगवान के भजन का आनंद लिया। आज 12 अक्टूबर शनिवार को सुबह साढ़े 9 बजे कन्यापूजन एवं कन्याभोजन श्री दुर्गा मंदिर गंजपारा बालोद में रहेगी। इसके अलावा शनिवार को दोपहर 12 बजे से सभी भक्त ों के लिए महाप्रसादी(भंडारा) श्री महादेव भवन में रखा गया है। श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद ने सभी धर्म प्रेमी बन्धु एवं सभी भक्त परिवार से पहुंचकर धार्मिक आयोजन का अमृत रसपान ग्रहण करने अपील की है।

# पूर्व मंत्री ने दुर्गा पंडाल में किया पूजा अर्चना



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम डुंडेरा में दुर्गा अष्ठमी के अवसर पर विभिन्न दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शंकर नगर व पुराना बाजार चौक में विराजित माँ दुर्गा के पंडाल में प्रदेश पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना किये एवं सभी ग्रामवासियों को नवरात्रि व दशहरा पर्व की बधाई दी।साथ मे प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र साहू,नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे शामिल हुए।इस दौरान समिति के सदस्य सुरेश साहू, पिंटू वर्मा,रमेश साहू,टोमन साहू व लोमन सोनी, ईश्वर साहू,मोनू तिवारी,छंगा लाल साहू,होमेन्द्र साहू,किशन देवांगन,,कीर्तन कोसरे,चुनुराम, श्रीराम साहू, टीकाराम बंजारे,अमोली राम,तोषण कुर्रे, रोहित धीवर, बहादुर साहू सहित समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी स्थित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय का निरीक्षण कर लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में स्थित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक केन्द्र डौण्डी में अधिगम निःशक्तता वाले बच्चों के अध्ययन-अध्यापन कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित फिजियोथेरेपिस्ट से बच्चों के समुचित अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिगम निःशक्तता वाले बच्चों से कविता पढ़कर सुनाने को कहा। बच्चों के द्वारा सही-सही कविता पढ़कर सुनाए जाने पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने इसकी सराहना की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित फिजियोथेरेपिस्ट मती खुशबू डोंगरे एवं अधिकारियों से अधिगम निःशक्तता वाले बच्चों को प्रदान की जाने वाली पाठ्य सामग्री एवं उपकरण आदि के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा इन बच्चों के पाठ्य सामग्री एवं उपकरण आदि प्रदान की जाती है। इस दौरान कलेक्टर ने संकुल स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में निर्माणाधीन भवन निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान तहसीलदार नायक, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सिरसिदा में तालाब में तैरते हुए रावण का होता हैं दहन, आदर्श राम लीला मंडली आज तालाब के बीचो बीच 40 फीट रावण का करेगा दहन



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

राक्षसो के जमीन अथवा आसमान में नहीं मरने जैसे चतुराई वाले वरदानो के किस्से तो जरूर सुने होंगे पर अपने यहाँ सिरसिदा में इसे देखा भी जा सकता हैं। उतई से 12 किलोमीटर दूर सिरसिदा में दशहरा पर जमीन अथवा आसमान में नही बल्कि तालाब के बीचोबीच तैरते हुए रावण का दहन किया जाता हैं रावण दहन के दौरान तलाब के बीच आकर्षक अतिशबाजी भी होती है तब गाँव के कुछ लोगो का अलग करने का जूनून और अब तालाब के बीच रावण दहन कि परम्परा आगे बढ़ रही है।

### 27 सालो से जल रहा 40 फीट का पुतला

सिरसिदा के समिति के सदस्यगण खेमन ,अक्षय, प्रहलाद, लवण , रामगोपाल, चंद्र प्रकाश, ढालसिंह , टोमेन्द्र ,डोगेन्द्र ,बालगोविंद ,तोरण गिरधर, प्रेमलाल, धर्मराज, खिल्लु ,गुलाब, कोमेंद्र, रितेश ,जितेश्वर, तानुपटेल, धन्ना ,गौरव, यशवंत ,चंदन ,आशीष ,तुलेश्वर, रामकृष्ण ,मिलन, दीपक, खिलेंद्र ,छन्नु ,किशन, भगत बिष्णु ,ओंकार ,निर्घत ,राजा, खोमलाल, ईशु ,राज ,बिरेंद्र ने बताया कि कुछ अलग करने के जूनून में वर्ष 1994 में पहली बार तालाब के बीच रावण का पुतला खड़ा कर जलाया गया बताया कि शुरुआत के कुछ सालो को छोड़ कर हर बार 35 से 40 फिट का पुतला जलाया जा रहा हैं। ऐसे हुई शुरुआत प्रेमलाल चंद्राकर , पूर्व सरपंच खेमन चन्द्राकर, बाल गोविंद साहू,तुलेश्वर पटेल ,और स्वास्थ्य कर्मचारी जी.आर .शर्मा ने साइकिल के ट्यूब पर पानी के भीतर वजन लटका कर 10 फिट के खंभे को बैलेंस करने का जुगाड़ किया था फिर ट्रैक्टर के ट्यूब के सहारे रावण का पुतला खड़ा किया। रावण दहन के पहले तालाब किनारे रामलीला का मंचन होता है इसके लिए 12 पिलर पर मंच तैयार किया जाता है मंजिल से भगवान राम की भूमिका निभा रहे पात्र बारूद के राकेट से रावण के पुतले की नमी को भेदते हैं नमी पेट्रोल भरा होता हैं। मशाला से जलाया प्रेमलाल ठाकुर ने बताया कि 27 साल में दो बार विपरीत मौसम वह बारिश के कारण रावण का पुतला बारूद के राइट के सहारे जलाया जा सका वर्ष 2002 व 2014 में ऐसी स्थिति बनी तो तालाब में उतार कर मसालों के सहारे पुतला दहन किया गया तलाब में पुतला खड़ा करने में कभी भी परेशानी नहीं हुई है । चन्द्र प्रकाश साहू ने बताया कि 12 अक्टूबर को आदर्श राम लीला मंडली सिरसिदा के तालाब के बीचो बीच 40 फीट रावण दहन। दशहरा के दिन रात्रि में राम लीला रावण दहन के पश्चात 10 बजे रात्रि में नाचा पार्टी कवर्धा कबीरधाम वाले का कार्य म रखा गया हैं।'

# सार्वजनिक दुर्गा समिति द्वारा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

रेलवे कालोनी वार्ड 26 में दुर्गा सार्वजनिक समिति द्वारा भक्ति एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। , जिसमें दीपक सोना ने माता देवी गीत में प्रथम स्थान,द्वितीय स्थान रोशनी यादव व तृतीय स्थान श्रीनिवास राव हासिल किए व ख्याति पटेल को जूनियर सिंगिंग परफॉर्मेंस में सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया, कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत वर्मा लोको पायलट द्वारा किया गया, सर्वप्रथम संगीत राग यमन विद्यालय के शिक्षक हेमन्त कुमार साहू का टी.ज्योति पार्षद द्वारा शाल व श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे लोको पायलट संतोष डडसेना ने किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेशन मास्टर जी.के.आर्या थे, प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन हेमन्त कुमार साहू द्वारा किया गया अति विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद टी.ज्योति, रॉक स्टार मार्तंड सिंग, टी रमना राव चालक नियंत्रक, इलेक्ट्रिक इंचार्ज प्रशांत बोखड़े थे। प्रतियोगिता में राजेंद्र यारदा, तेजस्वी नेताम, पूजा तेजवानी, श्रीनिवास राव, दीपक सोना, रोशनी यादव,ख्याति पटेल , विकास पटेल, शशिकांत, कुमकुम, गीतांजलि गीतिका पटेल, दिव्यांजलि, बिट्टू व अन्य प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। टी.ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि दल्लीराजहरा को कला व खेल की नगरी कहा जाता है प्रतियोगिता में कलाकारों की कला और भी उभरता हुआ दिखता है सभी कलाकारों ने अपनी बहुत सुंदर भक्ति गीत की प्रस्तुति प्रतियोगिता के आधार पर दी। संगीत प्रतियोगिता के सफल कार्यक्रम के लिए टी ज्योति पार्षद द्वारा समस्त सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के विजय बिहारी, रूबी एंथोनी, लक्ष्मण राव, बिट्टू, राहुल मेश्राम व अन्य सभी सदस्यों को बधाई दिया व समस्त आए हुए अतिथियों का अपना कीमती समय देने के लिए धन्यवाद दिया व गायन प्रतियोगिता के विजेता दीपक सोना को बस्तरियां कर्मा एल्बम में अपने साथ डुएट सॉन्ग में गाने का मौका दिया।

# पुरई में युवक की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

थाना उतई अंतर्गत ग्राम पुरई में पुरानी रंजिश एवं अवैध संबंध को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गई। उतई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि ग्राम पुरई निवासी द्वारिका सिन्हा 36 वर्ष की पत्नी एक व्यक्ति के यहां सिलाई सीखने जाती थी। द्वारिका को शक था कि छोटू नाम का आरोपी और उसकी पत्नी के बीच अफेयर चल रहा है। बताया जाता है कि छोटू अक्सर महिला के घर के पास मंडराते रहता था। मृतक की पत्नी को छोटू कॉल भी करता रहता था। द्वारिका की पत्नी पर वह गलत दृष्टि भी रखता था। जब द्वारिका को पता चला तो वह छोटू को समझाने के लिए तालाब के पास गया हुआ था। द्वारिका ने छोटू उर्फ किशन राजपूत से कहा कि वह उसके घर के पास घूमना बंद कर दे और उसकी पत्नी से दूरी बनाकर रखे। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। तभी छोटू उर्फ किशन राजपूत के दोस्त जय सिंह बांधे और गणेश नायक भी वहां पहुंच गए। उन्होंने भी द्वारिका से मारपीट की और राड व डंडे से उस पर हमला किया। इससे द्वारिका के सिर, पेट, पैर आदि में गंभीर चोटे आई। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुछताछ पर आरोपीगणों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने से तीनों आरोपी किशन उर्फ छोटू राजपूत पिता ईश्वर सिंह राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी गोवर्धन चौक नेवई थाना नेवई जिला दुर्ग, गणेश नायक पिता हुरमी नायक उम्र 26 वर्ष निवासी स्टेशन मरोदा एचएसीएल कालोनी वार्ड 17 थाना नेवई जिला दुर्ग एवं जयसिंग बांधे उर्फ थाडू पिता घनश्याम बांधे उम्र 24 वर्ष निवासी स्टेशन मरोदा एचएसीएल कालोनी वार्ड 17 थाना नेवई जिला दुर्ग को अपराध सबुत पाये जाने से बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरी0 कमल सिंह सेंगर, प्रमोद सिन्हा, सउनि अश्वनी कुमार, नेमन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक महेश देवांगन, आरक्षक भूपेन्द्र साहू, कृष्णा बंजारे, ध्रुव नारायण चन्द्राकर, अंकित सिंह, हुलेश्वर साहू, छगन लाल तथा एसीसीयू से आरक्षक अजय ढीमर, शिव मिश्रा एवं उपेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# युक्तियुक्तकरण उपरांत जिले में 3 नये मतदान केन्द्र बनाये गये

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के अनुमोदन उपरांत 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण जिले के विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा में 01 एवं 70 नवागढ़ में 02 नये मतदान केन्द्र बनाये गये है तथा विधानसभा 68 साजा के 01 एवं 69 बेमेतरा के 05 मतदान केन्द्र में अनुभाग परिवर्तन किया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के पूर्व निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की गई है। इसके अंतर्गत 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के मतदान केन्द्र 239 धमधा के अनुभाग क्रमांक 02 एवं 03 को मतदान केन्द्र क्रमांक 241 धमधा में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 13-बेमेतरा के अनुभाग 01 की मतदान केन्द्र क्रमांक 12 में, मतदान केन्द्र क्रमांक 26-बेमेतरा के अनुभाग 06 एवं 07 को उसी परिसर में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 27 में, मतदान केन्द्र क्रमांक 32-कोबिया के अनुभाग 03 एवं 04 को मतदान केन्द्र 33 में, तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 191 बेरला क के अनुभाग 13 एवं 14 को उसी परिसर में स्थित मतदान केन्द्र 192 बेरला ख में तथा मतदान केन्द्र 194 बेरला ग के अनुभाग 1 एवं 02 को मतदान केन्द्र 193 बेरला में स्थानांतरित किया गया है। मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 28 मोहभट्ठा को विभाजित कर 01 नये मतदान केन्द्र 29 मोहभ?ट्ठा बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मतदान केन्द्र 148 नवागढ़ में छीतापार के ग्रामीण मतदाता शामिल थे, जिसे विभाजित कर नये मतदान केन्द्र 150 छीतापार बनाया गया है। निर्वाचन आयोग से नये मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव को अनुमोन प्राप्त होने के उपरांत जिले के विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा मतदान केन्द्रों की संख्या कुल 268 एवं 70 नवागढ़ में 300 मतदान केन्द्र हो गई है।

# सभी ठेका श्रमिकों को मिले स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ : यूनियन

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा खदान समूह के सभी पंजीकृत यूनियनों के नेताओं ने सामूहिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सभी पंजीकृत यूनियनों के नेताओं ने मुख्य महाप्रबंधक खदान को हड़ताल नोटिस दिया था कि अगर तत्काल ठेका श्रमिकों की मेडिकल ओपीडी सेवा को बहाल नहीं किया जाता है तो 14 अक्टूबर से खदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा क्योंकि बीएसपी प्रबंधन द्वारा नगर के दो निजी अस्पताल जहां ठेका श्रमिकों का ओपीडी ईलाज किया जाता है जिसके लिए सभी यूनियनो ने बीएसपी प्रबंधन से बातचीत कर मेडिकल सुविधा ठेका श्रमिकों का शुरू करवाया था ठेका श्रमिकों को परिवार सहित मेडिकल सुविधा मिलें यह सभी यूनियनो की मांग थी और इसपर अंततः बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपनी सहमति प्रदान किया था किन्तु ठेका श्रमिकों को जिन अस्पतालों में इलाज किया जाता है बीएसपी प्रबंधन द्वारा उन अस्पतालों का समय से भुगतान नहीं करने के कारण अस्पतालों ने अधिक बिल लंबित होने के कारण ठेका श्रमिकों का ईलाज करना बंद कर दिया था और सभी यूनियनो को भी इसकी लिखित सूचना अस्पतालों द्वारा दी गई थी और तब सभी यूनियनो के प्रतिनिधियों ने आपस में बैठक कर एकमत से तत्काल निराकरण करने का निश्चय किया और सभी यूनियनो के नेताओं ने इस संबंध में मुख्य महाप्रबंधक खदान से उनके सभागार में बैठक करी और मुख्य महाप्रबंधक खदान को स्पष्ट कर दिया कि सबसे पहले बीएसपी प्रबंधन तत्काल निजी अस्पतालों का लंबित भुगतान करें जिससे सभी ठेका श्रमिकों का परिवार सहित ईलाज बिना किसी रूकावट के चलता रहें अन्यथा सभी यूनियन मिलकर खदान के कार्य को पूर्ण रूप से ठप्प कर देगें तब आनन-फानन में बीएसपी प्रबंधन द्वारा त्वरित कार्रवाई किया गया और यूनियन के नेताओं को मुख्य महाप्रबंधक खदान ने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों से भुगतान लंबित था और इसके लिए पैसा बीएसपी द्वारा पहले ही रिलीज कर दिया गया था किंतु कुछ तकनीकी कारणों से भुगतान नहीं किया जा सका था और उसके लिए बीएसपी का वित्त विभाग , कार्मिक विभाग और स्थानीय खदान के जिम्मेदार अधिकारीयों के सामूहिक प्रयास से दोनों निजी अस्पतालों का भुगतान कर दिया गया है और इसमें बीएसपी प्रबंधन, राजहरा खदान समूह के अधिकारी और सभी यूनियनो के नेताओं ने प्रयास किया है उसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। यूनियन के नेताओं ने बताया कि आज ठेका श्रमिकों को परिवार सहित मेडिकल सुविधा प्रारम्भ हुए लगभग 18 माह से अधिक समय बीत चुका है मगर बहुत ही खेदजनक है कि बीएसपी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारीयों ने इसमें कोई रूचि नहीं दिखाई जिसका परिणाम है कि खदान के लगभग 15 से 20 प्रतिशत ठेका श्रमिकों को ही इसका लाभ मिल रहा है और बीएसपी प्रबंधन द्वारा इस पर ध्यान न देना उनकी नियत और निती को स्पष्ट करता है। इसलिए 14 तारीख की प्रस्तावित हड़ताल होकर रहेगी जब-तक 100 प्रतिशत ठेका श्रमिकों को परिवार सहित मेडिकल सुविधा प्रारम्भ नहीं किया जाता है। सभी यूनियनों के नेताओं ने बताया कि जब ठेका श्रमिकों के लिए मेडिकल सुविधा प्रारम्भ करने की बात चल रही थी तब ही सभी यूनियनो के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया था कि सिर्फ ओपीडी सुविधा चालू करने से ठेका श्रमिकों को परिवार सहित मेडिकल सुविधा का पूर्ण रूप से लाभ नहीं मिल सकता है इसलिए सभी ठेका श्रमिकों को परिवार सहित आई पी डी की सुविधा भी चालू किया जाए जिसपर सभी ने अपनी सहमति दी थी और बीएसपी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों ने कहा था हर 06 माह में ठेका श्रमिकों को मिलने वाले मेडिकल सुविधा के संबंध में बैठक किया जाएगा और जो राशि ठेकेदारों के भुगतान से ठेका की राशि का 3.25 प्रतिशत काटा जा रहा है उससे कितना फंड तैयार होता है और फिर हम ठेका श्रमिकों को परिवार सहित ओ पी डी सुविधा भी चालू करेंगे मगर आज सालों बीतने के बाद भी आजतक बीएसपी प्रबंधन द्वारा एक भी बैठक नहीं किया गया जोकि बीएसपी प्रबंधन की वादाखिलाफी है। साथ ही उस समय बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारीयों ने यह भी कहा था कि माइनिंग ठेकों पर ठेका श्रमिकों को जिस तरह मेडिकल सुविधा का लाभ मिल रहा है वह चालू रहेगा जतक आई पी डी सुविधा शुरू नहीं हो जाती है।

# रेंगाखार कला और पिपरिया में हुआ नि :शुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर वनांचल क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन 07 अक्टूबर को तरेगांव जंगल, 08 अक्टूबर को रेंगाखार कला और 09 अक्टूबर को पिपरिया में किया गया। रेंगाखार कला में निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर के साथ साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 1002 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा किया गया। इन तीन दिनों तक 349 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया और बीपी, सुगर, मलेरिया तथा मौसमी बिमारी के संबंध में जागरूक भी किया गया। वनांचल क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच किए गए। शिविर में कुल 108 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। इस दौरान 88 गर्भवती महिलाओं का शिविर स्थल पर सोनोग्राफी किया गया। उच्च जोखिम वाले 31 गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकन कर संस्थागत प्रसव के लिए विशेष निगरानी में रखा गया है। शिविर में 90 बीपी और 90 सुगर की जांच किया गया। जांच के दौरान 15 बीपी और 01 सुगर के मरीज पाएं गए। शिविर में 79 लोगों का लैब जांच, 50 लोगों का एचआईवी जांच, 10 लोगों का मलेरिया जांच, 57 लोगों को वीडीआरएल जांच, 07 लोगों का टीबी जांच किया गया।

# नव दिन की यह पावन रात, माँ दुर्गा का हो सदा साथ, माँ दुर्गा, तुम हो सबकी सहारा न्यारी...

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नव दिन की यह पावन रात, माँ दुर्गा का हो सदा साथ, माँ दुर्गा, तुम हो सबकी सहारा न्यारी...शबरीधाम की पवन धरा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग प्रदेशाध्यक्ष अशोक केशरवानी बिलासपुर, कराकर की अध्यक्षता कर रही छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष विभा केशरवानी बलौदाबाजार, प्रदेश महामंत्री महिला सभा आरती गुप्ता कोरबा, केशवानी तरुण सभा प्रदेशाध्यक्ष सोमेश केशरवानी शिवरीनारायण, बलराम केशरवानी अध्यक्ष नगर वैश्य सभा, अपर्णा केशरवानी अध्यक्ष नगर महिला सभा के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को प्रदेशस्तरीय गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश की बारह नगर एवम ग्राम महिला केशरवानी सभाओं ने भाग लिया । इस प्रादेशिक गरबा प्रतियोगिता कार्यक्रम का सुंदर और सफल संचालन राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री जया गुप्ता द्वारा किया गया । जिसमे निर्णायक मंडल शरद पांडे शिवरीनारायण, अनामिका राजपूत कवर्धा, शुभांगी केशरवानी बिलासपुर ने विजेताओं को उनकी प्रतिभा का आंकलन कर प्रथम स्थान भाटापारा, द्वितीय शिवरीनारायण, तृतीय मुंगेली नगर केशरवानी महिला सभा को घोषित किया और। इस जीत से मुंगेली नगर महिला समिति ने समाज का नाम रोशन किया । इस गरबा नृत्य को सांस्कृतिक सचिव रिंकी गुप्ता ने हमेशा की तरह अपने अथक मेहनत और लगन से सदस्यो को गरबा नृत्य तैयार कराया और जिसके फलस्वरूप नगर महिला समिति ने प्रदेश शिवरीनारायण मेला ग्राउंड में सुंदर और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना स्थान बनाया। विजेताओं के इस पंद्रह सदस्यीय समूह रिंकी गुप्ता, ज्योति गुप्ता, सीमा गुप्ता, सपना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, संध्या दीवान, पदमा केशरवानी, विभा केशरवानी, सुरेखा गुप्ता, सरोज गुप्ता, तनु केशरवानी, रानू केशरवानी, कविता गुप्ता, श्वेता, दीप्ति को प्रदेशाध्यक्ष विभा केशरवानी एवम प्रदेश महामंत्री आरती गुप्ता के द्वारा स्मृति चिन्ह, मैडल व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया । विजेताओं को उनकी शानदार उपलब्धि पर छग प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा अनिता गुप्ता, राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री जया गुप्ता, अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, प्रदेश पदाधिकारी प्रमिला गुप्ता, मनोरमा गुप्ता, अंजनी केशरवानी एवम महिला सभा, वैश्य एवम तरुण सभा ने ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाईयां प्रेषित कर खुशी जाहिर किया ।

# विविध आयोजनों के साथ सेवा सप्ताह का समापन

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com




अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सेवा सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा लगातार सात दिनों तक विभिन्न सेवाभावी गतिविधियां एवं कार्यक्रम संचालित किये गये।यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि सेवा सप्ताह के पहले दिन 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लायंस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय चांपा में साफ सफाई की गयी। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन 3 अक्टूबर को लायंस स्कूल में सुबह 11 बजे से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 400 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से लायंस स्कूल में डांडिया एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। सेवा सप्ताह के चौथे दिन 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से बी.डी.एम. शासकीय चिकित्सालय एवं हेमिन बाई राठौर नर्सिंग होम चांपा में भर्ती 83 मरीजों को फल वितरण किया गया। सेवा सप्ताह के पांचवे दिन 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से लायंस भवन में निःशुल्क शुगर जांच एवं एच.बी.-1 सी टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 63 लोग लाभान्वित हुए। सेवा सप्ताह के छठवें दिन 7 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से लायंस भवन में बच्चों में कैंसर जागरूकता हेतु सुझाव तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन 8 अक्टूबर को शाम 7 बजे से डोंगाघाट स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। लायंस क्लब द्वारा गांधी जयंती पर 2 से 8 अक्टूबर तक किये गये विविध आयोजनों में मुख्य रूप से लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन शैलेश बाजोरिया, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल के अलावा लायन बजरंग अग्रवाल, लायन संतोष कुमार अग्रवाल, लायन बैजनाथ देवांगन, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन नारायण सोनी, लायन मोहन गुलाबानी, लायन खूबचंद देवांगन, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन संगीता अग्रवाल, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन सी. ए. सुरेश अग्रवाल, लायन वासुदेव चंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्य शामिल हुए।

# महाकाली संगठन की नवीन कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com




दक्षिणेश्वर महाकाली आश्रम नूतन कॉलोनी जांजगीर में आहूत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक एवं संगठन प्रमुख डॉक्टर सार्थक राठौर की उपस्थिति में संपन्न हुआ बैठक में सर्व समिति से कोरबा के अभिलाष पुरी गोस्वामी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोकेश राठौर ने नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और कहा कि हम सबको मिलजुल कर सेवा कार्य को आगे बढ़ाना है बैठक के समापन अवसर पर संगठन के संरक्षक सनत गुरु जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि महाकाली संगठन केवल सेवा कार्य है संगठन का मूल मंत्र ही है सेवा सर्वत्र साध्यते, सेवादानम् जगत्सुखम् भगवान के भक्ति करने से जो आनंद और पुण्य मिलता है वही लाभ सच्ची सेवा करने से मिलता है गुरु जी ने कहा सच्ची सेवा वह खिलता हुआ गुलाब है जिसकी पत्ती पत्ती में भरी हुई मिठास है कार्यक्रम का संचालन संगठन संस्थापक डॉ सार्थक राठौर ने किया उन्होंने बताया कि रायपुर,दुर्ग, बेमेतरा, बलौदा बाजार, मुंगेली, रायगढ़, जांजगीर, सक्ति में जिला कार्यकारिणी का टीम तैयार है शेष जिला की शीघ्र पूरा किया जाएगा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जांजगीर जिला के अध्यक्ष लेख राम देवांगन ने किया उक्त मौके पर प्रवीण राठौर, नितेश राठौर, अनुराग शर्मा और भी सदस्यगण उपस्थित थे।

# चरण दास महंत ने अपने विधानसभा क्षेत्र में की नए प्रतिनिधियो की नियुक्ति

## आनंद,उगेंद्र, अमित, घनश्याम, राजीव,गुलजार, रूपनारायण बने विधायक प्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्तियां की है, जिसके अंतर्गत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं संरक्षण विभाग में विधायक प्रतिनिधि के रूप में शक्ति जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, तथा पूर्व में महंत जी के नगर पालिका शक्ति में प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुके तथा अविभाजित जांजगीर- चांपा जिले में जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रहे आनंद अग्रवाल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है,तो वहीं उपजेल शक्ति में विधायक प्रतिनिधि के रूप में कट्टर महंत समर्थक उगेद्र अग्रवाल पप्पू विधायक प्रतिनिधि होंगे, इसके अलावा नगर पंचायत बाराद्वार में विधायक प्रतिनिधि के रूप में कृषि उपज मंडी शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य रूप नारायण साहू को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शक्ति में पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, जनपद पंचायत शक्ति में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं शक्ति जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित राठौर को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, तो वहीं श्रम विभाग में जोगरा के कांग्रेस नेता राजीव जायसवाल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, उपरोक्त समस्त नियुक्तियों का पत्र स्वयं विधायक डॉ चरण दास महंत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सौपा है।

# भारतीय पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय महासचिव बने सलूजा

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com



देश में पत्रकारों की सबसे अग्रणी संस्था भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का विगत दिनों प्रयागराज में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पत्रकारों के हितों की रक्षा करने और पत्रकारों पर आए दिन होने वाली विभिन्न समस्याओं और अत्याचार से लड़ने और पत्रकार कल्याण हेतु कार्य करने के लिए देश भर में संस्था का विस्तार करने जा रहा है। इसी उद्देश्य से वरिष्ठ पत्रकार कुलवन्त सिंह सलूजा को भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया, वहीं बैठक में ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में संस्था का प्रसार करते हुए मूलचन्द गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं विक्रम तिवारी को प्रदेश महासचिव का दायित्व दिया गया है। पत्रकारिता जगत का एक जाना पहचाना नाम है, देश के विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए हैं और महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं, इसके अलावा रेल्वे सलाहकार समिति, दूरसंचार विभाग व अन्य कई शासकीय विभागों के सलाहकार समिति के सदस्य रहे हैं। ऐसे वरिष्ठ पत्रकार कुलवंत सिंह सलूजा के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर निश्चित ही देश में संगठन को मजबूती मिलेगी। पत्रकारिता जगत में कम समय में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले ऊर्जावान पत्रकार मूलचन्द गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर तथा अपनी समाचारों के माध्यम से अपनी लेखनी से सब को प्रभावित करने वाले ऊर्जावान नवयुवक पत्रकार विक्रम तिवारी के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर नगर, जिले तथा प्रदेश भर से शुभचिंतकों तथा पत्रकारों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# पुलिस ने दुष्कर्म मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, आरोपी की दो स्कूटी भी जप्त

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली थाने में एक युवती द्वारा दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुर्गा प्रसाद किसान (26 साल), निवासी बोंदाटिकरा जुटमिल, को गिरफ्तार कर रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती ने बताया कि करीब 4 वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से दुर्गा प्रसाद से उसकी जान-पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत मैसेन्जर और फोन के माध्यम से होने लगी, जिसके बाद वे अक्सर मिलने लगे। 02 जुलाई 2021 को दुर्गा प्रसाद ने युवती को स्टेशन चैक बुलाकर होटल में ले जाकर शादी करने का विश्वास दिलाया और शारीरिक संबंध बनाया। इसके अलावा, दुर्गा प्रसाद ने अपनी पीकअप गाड़ी की किस्त चुकाने के नाम पर युवती से लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये भी लिए। 25 सितंबर को आरोपी ने घर आकर शादी से इंकार कर दिया और उसके बाद से युवती के प्रयासों के बावजूद उससे संपर्क नहीं कर रहा था। युवती की शिकायत पर थाना कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस ने त्काल कार्रवाई कर आरोपी दुर्गा प्रसाद किसान के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया जिससे घटना में प्रयुक्त दो वाहनों, स्कूटी प्लेजर और सुजुकी एक्सेस को भी जप्त कर लिया है, जिसका प्रयोग आरोपित द्वारा अपराध में प्रयुक्त किया गया था।

# अतिरिक्त कलेक्टर पुलिस अधीक्षक ने लिया दशहरे मैदान का जायजा, व्यवस्था और तैयारी देख जताई प्रसन्नता

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com



शहर के भालेराय में 12 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर 45 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। इस दौरान 30 फिट कुम्भकरण और 25 फिट मेघनाथ पुतले का भी दहन किया जाएगा। जिसको लेकर 10 अक्टूबर गुरुवार को अति.कलेक्टर एस.पी.वैध, एसपी विवेक शुक्ला एडी एसपी राजेन्द्र जायसवाल, एसडीएम नीरनिधि नैन्देहा एसडीओपी यदुमणि सिदार सीएमओ भोला ठाकुर चांपा दशहरा उत्सव समिति के सदस्य नपाध्यक्ष जय थवाईत और संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा सहित रावण दहन समिति की पदाधिकारियों और सदस्यों ने भालेराय मैदान के व्यवस्थाएं देखी। 12 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर शाम को भालेराय ग्राउंड में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इससे पहले जबलपुर की सुप्रसिद्ध जसगीत गायिका रिया खान, बाली ठाकुर द्वारा जागरण,जूनियर गोविंदा, सलमान खान और अजय देवगन का भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।चांपा के लिए यह एक अद्भुत आयोजन होगा।रावण दहन के लिए क्षेत्रीय कलाकार रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार कर रहे है।रावण दहन के इस आयोजन में करीब हजारों की संख्या में लोगों के जुटने का अनुमान है। वहीं शानदार आतिशबाजी भी की जाएगी। यातायात व्यवस्था को लेकर नए ट्रैफिक डायवर्ट के तहत मैदान के चारों की रास्ता वन वे रहेगा ,मैदान में एंट्री-एग्जिट सेहत और अन्य व्यवस्थाओं को स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने देखा और जहां कमी लगी वहां उचित निर्देश दिए है।समिति के चौक चौबन्द व्यवस्था व तैयारी देख अधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर की और कार्यक्रम के सफल होने की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर चांपा दशहरा उत्सव आयोजन समिति के सदस्य एवं पत्रकार बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गबेल दंपति ने किया दुर्गा पूजा में भक्त जनों को प्रसाद का वितरण

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com




वर्तमान में शारदीय नवरात्रि के चल रहे पावन पर्व पर खरसिया में मां दुर्गा महा महोत्सव का आयोजन जोरों से चल रहा है, इस श्रृंखला में जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूर-दराज से लोग आकर दुर्गा पंडालो में मां जगदंबा भवानी की आराधना कर रहे हैं, तो वहीं शाम होते ही खरसिया शहर की सड़के देवी भक्तों की भीड़ से सरोबार हो जा रही है, तथा इस दर्शन के लिए जहां माताएं,बहने, बच्चे, बूढ़े जवान सभी पहुंच रहे हैं,तो वहीं शक्ति जिले के डोंगिया सुलोनी वाले गबेल परिवार के वरिष्ठ भाजपा नेता,पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य रामकुमार गबेल एवं जनपद पंचायत मालखरौदा की सदस्य गीता गबेल ने 10 अक्टूबर को सद्गुरु की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से देवी दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों, देवी भक्तों को 50 किलो सूजी के हलवे का वितरण किया तथा यह सूजी का हलवा शुद्ध देसी घी एवं काजू बादाम से बनाया गया था, जो की बहुत ही स्वादिष्ट था।

एवं रामकुमार गबेल एवं गीता देवी गबेल ने बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सतगुरु के सेवक के रूप में उपरोक्त प्रसाद को दर्शनार्थियों को वितरण किया गया तथा यह वितरण का कार्यक्रम चंदन तालाब के पास सेवा आश्रम के सामने परम पूज्य गुरु जनों की उपस्थिति में किया गया तथा शाम से ही प्रसाद लेने वालों की भीड़ लगी रही एवं देर रात तक यह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस अवसर पर रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य का विषय है की मां जगदंबा भवानी की नवरात्रि के पावन पर्व पर उन्हें सेवा का मौका मिला है,तथा वे चाहते हैं कि उन्हें जीवन भर ऐसे काम करने के लिए सतगुरु जी की प्रेरणा मिलती रहे तथा 10 अक्टूबर को सेवा आश्रम खरसिया में आयोजित इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम में आश्रम के कोठारी रमता साहेब, महंत महेश्वर साहेब, संत गौतम साहेब, टुकेश्वर साहेब, दिनेश साहेब, मुन्ना गबेल,हेमंत गबेल, हरीश गबेल, मोती गबेल, वीर सिंह गबेल, नवल प्रकाश गबेल सहित सेवा आश्रम के सभी संत जन एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर साहब के निर्देश पर DEO एन के चंद्रा ने ली बैठक

# जिले में परीक्षा गुणवत्ता को लेकर जिला शिक्षा विभाग की संपन्न हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com



हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा गुणवत्ता अभियान 2024 - 25 के तहत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त की उपस्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने परीक्षा गुणवत्ता बैठक आयोजित की, इस बैठक में सक्ती जिले के चारों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तथा सभी सेजेस स्कूल के प्राचार्य उपस्थित थे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिले का परीक्षा परिणाम लक्ष्य अनुरूप लाने के लिए सबको मिलकर प्रयास करना है एवं अधिक से अधिक बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हो इस दिशा में कार्य करना है। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने जिले के हाईस्कूल में 80 एवं हायर सेकंडरी में 85 परीक्षा परिणाम लक्ष्य प्राप्त करने हेतु 25 बिंदुओं की रूपरेखा जारी की है एवं इसके अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया। शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों की टीम बनाकर उन्हें विद्यालय आबंटित किया एवं निर्देशित किया कि संबंधित स्कूल के प्राचार्यो,शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से समन्वय स्थापित कर परीक्षा गुणवत्ता अभियान के लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु कार्य करें। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के नोडल एवं पीएम स्कूल के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। परीक्षा गुणवत्ता की समीक्षा बैठक से पूर्व शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने जिला मिशन समन्वय / सहा. जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला सक्ती,सर्व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी / सहा. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला सक्ती, (छ.ग),सर्व विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक, जिला सक्ती (छ.ग.),सर्व प्राचार्य, सेजेस जिला सक्ती (छ.ग.),सर्व संस्था प्रमुख, पीएम स्कूल जिला सक्ती (छ.ग.) को पत्र प्रेषित कर सन्दर्भ- कलेक्टर महोदय जिला सक्ती का निर्देश दिनांक 04.10.2024 के परिपालन में सन्दर्भित विषयान्तर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 10.10.2024 को समय दोपहर 03.00 बजे, कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष सक्ती में आहुत किया गया है। जिसमें संचालित योजनाओं की एजेण्डावार विस्तृत जानकारी के साथ स्वयं उपस्थित होंन3 निर्देशित कर दिया था,एवम उक्त बैठक का एजेण्डा-01. निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, सरस्वती सायकल वितरण की समीक्षा, 02. प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना/न्यौता भोजन एवं आनलाईन प्रविष्टि की समीक्षा,03. शाला निरीक्षण की समीक्षा, 04 . पीएम शालाओं में अधोसंरचना की स्थिति एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा, 05. सेजेस शालाओं में अधोसंरचना की स्थिति एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा,06. हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी परीक्षा गुणवत्ता अभियान पर चर्चा,07. कक्षा 06 से 12 तक के बच्चों की बनाये गये जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा,08. मेगा पीटीएम के आयोजन पर चर्चा,09. मुख्यमंत्री स्कूलजतन योजना/ लघु मरम्मत कार्यों की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा,10. समग्र शिक्षा (प्रारंभिक / माध्यमिक) के तहत संचालित योजना / चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा, 11. शालाओं में मलभुत सुविधाओं की स्थिति पर चर्चा,12. जर्जर / मरम्मत योग्य शाला भवनों की जानकारी,13. अपार आई.डी/यूडाईस पर चर्चा,14. उल्लास कार्यक्रम की समीक्षा,15. अन्य बिंदु पर चर्चा की बात कही थी।

# रायगढ़ में अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे 157 हाथी

## 40 नर, 79 मादा और 38 बच्चे शामिल, ग्रामीणों में दहशत



**रायगढ़।** जिले में इन दिनों 157 जंगली हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। गुरूवार की शाम धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में 36 हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज के लोटन-एडूकला परिसर कक्ष क्रमांक 483 त्थ् में हाथियों का एक बड़ा दल विचरण कर रहा है। बताया जा रहा की यहां एक साथ 36 हाथी एक ही दल मे मौजूद हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत है। त्योहार के सीजन के तहत ग्रामीणों का अक्सर गांव से बाहर आना-जाना लगा रहता है, ऐसे मे वे डर के साये मे आवागमन करने पर विवश हैं। वन विभाग के आलावा हाथी मित्र दल के सदस्य हाथियों के मूवमेंट पर नजर बनाये हुए हैं और लोगों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ जिले के जंगलों में 157 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं, जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 143 हाथी तो वहीं रायगढ़ वन मंडल में 14 हाथी शामिल हैं। हाथियों के इस दल में 40 नर हाथी, 79 मादा हाथी के अलावा 38 बच्चे शामिल हैं। हाथियों के इस दल ने बीती रात उत्पात मचाते हुए 37 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्णानंद मिश्रा को नई दिल्ली में किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बीआरसी बसना एवं राष्ट्रीय संस्थापक शिक्षा अंजोर भारत पूर्णानंद मिश्रा को शिक्षा, खेल प्रोत्साहन, साहित्य, समाज सेवा सहित कला व संस्कृति के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक एवं सृजनात्मक उत्कृष्ट कार्य करने के कारण देश की राजधानी नई दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ वृन्दावन धाम मथुरा उत्तरप्रदेश द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विद्यापीठ स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल एवं प्रमाण-पत्र, विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर बसना विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल ने एक शिक्षक सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह, शॉल श्रीफल,प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर बधाई प्रेषित किया,डॉक्टर संपत अग्रवाल ने कहा कि पूर्णानंद मिश्रा इस उपाधि के वास्तविक हकदार हैं, इससे शिक्षा के क्षेत्र में और दृढ़ संकल्प के साथ काम आगे बढ़ेगा। इस सम्मान समारोह के अध्यक्ष एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य रमेश कुमार खरे ने पूर्णानंद को सम्मानित करते हुए गले लगा लिया और कहा कि वे



उनके शिष्य हैं और एक गुरु के लिए अपने शिष्य को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करते हुए देखना बड़े गौरव का विषय है,,श्री खरे ने कहा कि पूर्णानंद विद्यार्थी जीवन से बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहे हैं,वे उनके पुत्र अनुराग खरे के कक्षा मित्र रहे हैं और पूर्णानंद के पिता हरिवंश मिश्र उनके स्वयं के कक्षा मित्र रहे हैं यह उनके लिए और शिक्षा जगत के लिए गर्व की बात है।मंच पर शिक्षा अंजोर भारत के बैनर में संस्था के पदाधिकारी एवंअन्य विद्वजनों के पावन सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ,,विदित हो कि बी आर सी डॉक्टर पूर्णानंद मिश्रा1996में शिक्षा के क्षेत्र में जुड़ने के बाद लगातार बच्चों की शिक्षा,शिक्षक हित,भारत स्काउट एवं गाइड संघ के विभिन्न पदीय दायित्व निर्वहन के साथ प्री ए एल टी प्रशिक्षित होते हुए जिस तरह से शिक्षा, समाज सेवा, खेल, कला, संस्कृति साहित्य, सहित कुशल वक्ता,कुशल मंच संचालक के रूप में क्षेत्र में अपनी एक खास पहचान बनाई है, वह सच में काबिले तारीफ है। पूर्णानंद मिश्रा जीअपने विकासखंड के अंतर्गत पढ़ने वाले समस्त बच्चों को ही नही पूरे महासमुंद जिले के विभिन्न विकास खंडो में में पढ़ने वाले बच्चों की भी हर संभव सहायता करते हैं और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाह करते हुए लोगों के लिए काम किया करते हैं, उससे उनकी शख्सियत में चार चांद लग गए। डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने के बाद अब पूर्णानंद मिश्रा से डॉ. पूर्णानंद मिश्रा कहलाएंगे। इससे बसना नगर ही नहीं अपितु पूरे अंचल में हर्ष व्याप्त है। वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश अग्रवाल,जितेंद्र त्रिपाठी,अनिल अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, प्रकाश सिन्हा,संजय भोई, शीत गुप्ता, कामेश बंजारा,मोहित पटेल,शिक्षा अंजोर भारत के डॉक्टर विवेकानंद दास , अनिल सिंह साव,डॉक्टर वीरेंद्र कर,संतराम बंजारा, डीजेंद्र कुर्रे,प्रेमचंद साव,राजू साहू,रीता पति, विद्याधर साव, विनय पात्र,देवेंद्र साहू,मयंक गुप्ता ,खिरोद्र पुरोहित,वारिस कुमार,सालिक राम टंडन,वीरेंद्र साहू,छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशीशन बसना के अध्यक्ष गजेंद्र नायक,संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीलांबर नायक,सहायक शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष शरण दास,शिक्षक संघ के पिरीताराम पटेल,संकुल समन्वयक संघ के अध्यक्ष तिरिथ राम पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग अधिकारियों शिक्षक शिक्षिकाओं, पत्रकारों सहित लोगों ने डॉ. पूर्णानंद मिश्रा के उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर छात्रों को निजी प्रेक्टिस, सेवा अथवा नौकरी करना प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्र पाठ्यक्रम अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस, सेवा अथवा नौकरी नही कर पाएंगे। चिकित्सा शिक्षा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश नियम एवं विवरणिका 2021 अनुसार इसको प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश के अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें। सभी छात्र-छात्राओं से इस संबंध में एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गये है। जो इस बात का आश्वासन देगा कि वे अपनी पाठ्यक्रम अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनाधिकृत निजी प्रेक्टिस, सेवा अथवा नौकरी नही करेंगे।

## मन की शक्ति एवं तनाव से मुक्ति के लिए, ध्यान को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कलेक्टोरेट परिसर में योगा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि मन की शक्ति एवं तनाव से मुक्ति के लिए ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएं। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि हम लोग आजीविका के लिए काम करते हैं और हमें तनाव भी होता है। यह तनाव कभी कम होता है, तो कभी ज्यादा। इसके लिए हमें तनाव को दूसरों के साथ बांटना चाहिए। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हम सबसे अधिक समय कार्यालय में बिताते हैं, तो हमें एक.दूसरे का तनाव का भी ध्यान रखना चाहिए। अगर आपके आसपास कोई तनावग्रस्त दिखे, तो उससे प्यार से दो बातें कर लें। उनसे पूछ लें किसी तरह की दिक्कत तो नहीं हैं। उन्हें आश्वस्त करें कि थोड़ी देर आराम कर लें, काम है चलता ही रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के जरिए सकारात्मक कोट्स काफी मिल जाते हैं, उन कोट्स को पढ़कर हम उन पर आधा भी अमल कर लें, तो तनाव वैसे ही कम हो जाएगा। आप कोशिश करें कि दिन में कम से कम एक घंटा परिवार के व्यक्तियों के साथ बैठें और उनसे आंख में आंख मिलाकर बातें करें। इसके साथ अपने बच्चों पर भी विशेष ध्यान दें। उनके मानसिक स्थिति को समझकर बच्चों के तनाव को दूर करें। बच्चों के साथ स्कूल में हो रहे गतिविधियों, पढ़ाई, खेल और दिनचर्या के बारे में चर्चा करें। इससे बच्चों में आत्मविश्वास तो बढ़ेगा ही, साथ ही वे किसी भी बात को आपके साथ बेझिझक साझा करेंगे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि कलेक्टोरेट में 15 प्रकार के अलग.अलग योग का अभ्यास योग सहायिका रूचि साहू द्वारा कराया गया। इसमें प्राणायाम में अनुलोम.विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी शामिल है। वहीं विभिन्न खेल भी अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा खेला गया। साथ ही सेल्फी प्वाईंट में उपस्थितों ने सेल्फी भी लिया।

## भारत की गौरव बनी दर्री की डॉक्टर रीता रानी सिंघानिया विश्व के दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में अपनी दर्ज कराई उपस्थिति

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के दर्री निवासी स्वर्गीय विजय सिंघानिया एवं शारदा देवी सिंघानिया की सुपुत्री डॉक्टर रीता रानी सिंघानिया ने विश्व पटल पर भारत को गौरवांनित करते हुए लगातार पांचवें वर्ष में साल 2020 से 2024 तक विश्व के दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सफलता अर्जित की है, डॉक्टर रीता रानी सिंघानिया की सफलता पर जहां समाज बंधुओ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है, तो वही डॉक्टर रीता रानी सिंघानिया के भाई मनोज सिंघानिया अमर सिंघानिया ने भी कहा है कि डॉक्टर रीता रानी सिंघानिया प्रारंभ से ही इस क्षेत्र में ऊंचाइयों पर अग्रसर होने कार्य कर रही है,तथा आज उनकी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प से यह सफलता संभव हुई है। ज्ञात हो की के व्ही एस फ्यूल्स बम्हनीनडीह,व्ही एस एनर्जी अकलतरा,व्ही एस पेट्रोलियम अकलतरा,व्ही एस सॉल्यूशन दर्री एवम मनोज इंटरप्राइजेज दर्री के संचालक परिवार की सदस्य है डॉ रीता रानी सिंघानिया, डॉ रीता रानी सिंघानिया ने अपनी सफलता पर अपने परिवारजनों का भी सहयोग बताते हुए कहा है कि उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जो प्रोत्साहन मिला, आज यह उसी का प्रतिफल है

# लोगों को जागरूक करने 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा यूरोलॉजी जागरूकता दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफइंडिया ने 13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरूकता दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य सामान्य जनता को यूरोलॉजी की जानकारी देने के साथ ही यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों के होने पर एक यूरोलॉजिस्ट से ही उचित परामर्श लेकर जांच व उपचार करने के लिए जागरूक किया जाएगा। आमतौर पर देखा जाता है कि लोगों को यह जानकारी ही नहीं रहती की किसी भी तरह की बीमारी होने पर उनके विशेषज्ञ डॉक्टर के पास ही जाना चाहिए ताकि समय में उचित इलाज प्राप्त किया जा सके। 13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरुकता दिवस के माध्यम से आमजनों को मूत्र संबंधी रोगों के बारे में समझाने और जागरूक करने के लिए मूत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा महती भूमिका निभाई जाएगी। इंटरनेट क्रांति के इस युग में लोगों में जागरूकता का आभाव है। मूत्र संबंधी बीमारियां लोगों के जीवन प्रभाव डाल सकती हैं। इस सम्बंध में आज जागरूकता सीमित है। इस क्षेत्र में पेशेवरों के रूप में, हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता को विभिन्न मूत्र संबंधी विकारों के बारे में सूचित करें, जिनमें मूत्र पथ के संक्रमण जैसे सामान्य मुद्दों से लेकर प्रोस्टेट कैंसर या गुर्दे की पथरी जैसी अधिक जटिल स्थितियां शामिल हैं। रोगियों के लिए योग्य विशेषज्ञों से समय पर उपचार लेने के महत्व को समझना आवश्यक है। यूरोलॉजी जागरूकता दिवस उन योग्यताओं को भी स्पष्ट करने के लिए है जो एक सक्षम मूत्र रोग विशेषज्ञ की पहचान कराती है। हममें से जो लोग यूरोलॉजी में एमसीएच या डीएनबी या एफआरसीएस रखते हैं, उन्होंने कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अपने रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे जनता तक पहुंचाएं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें पता हो कि उन्हें अपनी मूत्र संबंधी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए किसके पास जाना है। यूरोलॉजिस्ट या यूरोसर्जन नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी पूर्व में एमसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर होते हैं। इसके लिए एमसीएच यूरोलॉजी या डीएनबी यूरोलॉजी की डिग्री अनिवार्य है। यूरोलॉजिस्ट यूरोसर्जन महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के गुर्दा,यूरेटर, पेशाब की थैली या मसाना,पेशाब के रास्ते, एड्रिनल ग्रंथि एवं पुरुषों के प्रजनन तंत्र के अंगों जैसे प्रोस्टेट, अंडकोष, लिंग अंगों की बीमारियों का इलाज ऑपरेशन करते हैं। उपरोक्त अंगों के कैंसर, गांठ, पथरी, इंफेक्शन,रुकावट खराबी ,चोट, जन्मजात बीमारियों व अन्य बीमारियों के इलाज एवं ऑपरेशन के लिए यूरोलॉजिस्ट से मिलना चाहिए। अप्रशिक्षित एवं अल्प प्रशिक्षित लोगों से इलाज न कराकर अपने व अपने प्रि जनों के लिए सही डॉक्टर का चयन करें। ये संदेश यूरोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के द्वारा सभी तक पहुंचाने के लिए मीडिया से आग्रह किया गया है। प्रेसवार्ता में डॉ. प्रशांत भागवत प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसायटी, डॉ योगेश बारापात्रे सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसायटी, डॉ आशीष शर्मा,डॉ अमित शर्मा, डॉ राहुल कपूर, डॉक्टर अजय पाराशर, डॉ हर्ष जैन, डॉ दीपक बिस्वाल, डॉ सत्यदेव शर्मा, डॉ मलय, डॉ राजेश अग्रवाल, डॉक्टर संदीप अग्रवाल, डॉक्टर सूरज जाजू, डॉक्टर सुरेश सिंह, डॉक्टर तुषार दानी, डॉक्टर वरुण शर्मा उपस्थित रहे।

## मोतियाबिंद से मुक्त हुआ बेमेतरा

### सभी 440 मरीजों का हुआ दोनों आँखों से ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला बेमेतरा में मार्च 2024 की स्थिति में कुल 440 दोनो आंख से मोतियाबिंद के सभी मरीजों का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया है। जिला बेमेतरा को दोनो आंखों से मोतियाबिंद मुक्त ग्राम सरपंच, ग्रामीण स्वास्थ्य सयोजक, सेक्शन प्रभारी/सेक्टर प्रभारी/नेत्र सहायक अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के द्वारा घोषणा पत्र प्राप्त हुआ है. तत्पश्चात् जिला बेमेतरा को दोनो आंख से मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित किया जाना है। इस संबंध में आम नागरिक जो दोनो आंख से मोतियाबिंद पिड़ित मरीज को कोई आपत्ति है तो इस कार्यालय को दिनांक 25 अक्टूबर 2024 तक सूचित कर सकते है।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। और आंगनबाड़ी के नन्हें - मुन्ने बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। विगत दिवस फरसाबहार विकास खंड के सेक्टर तपकरा के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य चेकअप किया गया और डाक्टरों ने उनके पालकों को उचित परामर्श दिया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना के तहत कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाने और कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# विष्णु के सुशासन में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक और बड़ा कदम

### राज्य के चार नवीन मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए 1020 करोड़ रूपए का ई-टेंडर जारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। तरक्की और सुशासन का ये सफर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में भी नजर आ रहा है। । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया है। इसी बात के मद्देनजर मुख्यमंत्री साय की पहल और और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राज्य के चार नवीन मेडिकल कालेजों के भवन के लिए निविदा जारी कर दी गयी है। राज्य में जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में चार नवीन मेडिकल कालेज बनेंगे। इनकी प्लानिंग, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग और निर्माण कार्य के लिए 1020.60 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। 11 अक्टूबर से बिड डाक्यूमेंट आनलाइन उपलब्ध होंगे तथा इन्हें जमा करने की अंतिम तारीख 7 नवंबर होगी। ई- टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि उनकी पहली प्राथमिकता राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना है ताकि राज्य के युवाओं के साथ ही प्रत्येक वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके और स्थानीय लोगों को इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके।

## भव्य दशहरा महोत्सव कुम्हारी में आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अक्टूबर दिन शनिवार विजय दशमी के सुअवसर पर सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति कुम्हारी द्वारा सायं 5 बजे भव्य दशहरा महोत्सव एवं रावण दहन का आयोजन महामाया मंदिर परिसर में सम्पन्न किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम सम्बन्धित जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष नोबल सिन्हा विष्णु देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सम्मिलित होंगे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुम्हारी पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर करेंगे । विशेष अतिथि के रूप में, प्रमोद सिंह राजपूत, मनहरण यादव, थनेश पटेल, महेश सोनकर होंगे। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी के साथ 50 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। साथ ही रामलीला का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष नोबल सिन्हा विष्णु देवांगन, उपाध्यक्ष सालिक राम धीवर, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू अमर यादव, सचिव किशोर सोनकर धनेश्वर खैरवार, एवं सहसचिव सुशील साहू, अंचल गुप्ता हैं ।

## यात्री अधिक किराया वसूलने पर कर सकते है शिकायत

**बेमेतरा ।** छ.ग. राजपत्र (असाधारण) 01.10.2021 को प्रकाशित प्रक्रम वाहनों पर निर्धारित किराया दर एवं किराया से छूट प्राप्त योग्य व्यक्तियों की जानकारी के संबंध में फ्लैक्स बनाकर जिले के मुख्य नगरों के बस स्टैण्ड बेमेतरा, साजा, नवागढ़, बेरला, थानखम्हरिया, देवकर, नांदघाट, संबलपुर में दृष्टिगत स्थल पर लगाया गया है। साथ ही समस्त प्रक्रम वाहनों में किराया सूची से संबंधित रेडी रेकनर चस्पा किया गया है। साथ ही परिवहन विभाग की वेबसाईट httpsÑ//cgtransport.gov.in में बस फेयर कैल्कुलेटर ऑप्शन में जाकर दिये गये लिंक https//cgtransport.gov.in/BusFairCalculator.asp के माध्यम से दूरी के हिसाब से किराया का गणना की जा सकती है।

# राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान का छठवां दिन

### बालोद पुलिस द्वारा दूरस्थ क्षेत्र ग्राम मंगचुवा, रेंगाडबरी में पहुंचकर ग्रामीणजनों को साइबर अपराध से बचने के तरीके की जानकारी की गई साझा




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

गुरुवार को राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान का छठवां दिन रहा। बालोद पुलिस द्वारा दूरस्थ जिले के क्षेत्र ग्राम मंगचुवा, रेंगाडबरी में पहुंचकर ग्रामीणजनों को वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध के बारे में बताकर साइबर अपराध से बचने के तरीके की जानकारी साझा की गई। सभी थाना-चौकी के स्टाफ लगातार शहर, गांव, सार्वजनिक स्थान, धार्मिक स्थल, बस स्टैण्ड, बाजारो में जाकर राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत् आम नागरिको को जागरूक कर पाम्पलेट वितरण, बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया गया। ऑनलाइन सायबर फ्रॉड होने पर नेशनल साइबर काइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल व ेबसाइट httpsÑ//www.cyber crime.gov.in/ पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फलो करने संबंध में भी जानकारी दी गई। दरअसल पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा, रायपुर के निर्देशन पर दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं एसपी एसआर भगत, एएसपी अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी देवांश राठौर के नेतृत्व में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों, साइबर सेल प्रभारी जोगेन्द्र साहू द्वारा राज्य व्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया।

## छात्र छात्राओं को दी गई जानकारी

अभियान के छठवां दिन शु वार को बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा, थाना दल्लीराजहरा ग्राम चिखलाकसा दुर्गा पंडाल, थाना महामाया महामाया मंदिर, थाना रनचिरई कलामंच ग्राम तिलोदा, थाना गुरूर- ग्राम टेंगना, परपारा, नारागांव ग्रामिण पंडाल, थाना पुरूर-ग्राम अलोरी, पोंड, बोरिदकला, थाना सनौद ग्राम पल्लारी, थाना गुण्डरदेही ग्राम माहुद, थाना अर्जुन्दा ग्राम तिलखैरी भिलाई दुर्गा, थाना सुरेगांव कसही, गंधरी, जवरतला, थाना देवरी- ग्राम राणाखुज्जी बमलेश्वरी मंदिर, थाना मंगचुवा ग्राम रेंगाडबरी बाजार चौक, थाना डौण्डी-बोरगांव, ठेमाखुर्द, भर्रीटोला, चौकी कंवर-परसुली दुर्गा पंडाल, चौकी संजारी ग्राम-गारका, चौकी पिनकापार-ग्राम महराजपुर में ऑनलाइन सायबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर इम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट httpsÑ//www.cyber crime. gov.in/ पर सेल्फकंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फलो करने संबंध में दी गई जानकारी साथ ही साथ साइबर ाईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आम नागरिको तथा छात्र/छात्राओं को आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्प साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फाड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्प का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई, साथ ही साथ बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारें में जानकारी देकर नशा नही करने की अपील की गई।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 22-10-2024 TIME : 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://egold.auctiontiger.net
Contact No. 9099013705/9099013705

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

**Bagbahara**: 63230000284331, 296668, 377706, 401253, 75230000865891, 1455345, 1510033, 1796093, 1810648, 1929824 **Baikunthpur**: 75230001883369, 1911628 **Bhilai**: 63230000393815, 395422, 403769, 403779, 75230001800987 1876203, 1916769, 1950273 **Bilaspur**: 75230001966313, 1966903 **Champa**: 75230000258543, 1043561 **Chandigarh**: 75230001871722 **Dhamdha**: 63230000402101, 75230001959417 **Dhamtari**: 75230001851600 **Durg**: 63230000191355, 390551, 409288 **Kawardha**: 75230001912706, 1978021 **Kharsia**: 75230001940093 **Korba**: 63230000404307, 414238, 414898 **Mahasamund**: 75230000714636, 714686 **Mungeli** : 75230001793708 **Pithora**: 63230000282894, 396010, 397398, 404117, 419819, 75230001925382 **Raigarh**: 63230000394153, 404637, 416154, 75230001788998, 1808263,1981844 **Raipur**: 63230000406713, 75230001949846 **Rajnandgaon**: 75230001807344, 1834793 **Shivrinarayan**: 75230001864255.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 12-10-2024
Sd/-
Authorized Signatory

# दो रातों तक फंदे में फंसे रहने के चलते घायल तेंदुए की मौत, वन विभाग ने ग्रामीण को हिरासत में लिया

## रेस्क्यू में हुई देर, व्यवस्थाओं की कमी के चलते वन्य जीव की जान गई, वन संधारण और संरक्षण में भी विभाग की बड़ी चूक, जिम्मेदार चुप

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com

मानपुर के करीब ग्राम मेंढ़ा-ढब्बा के बीच जंगल में पकड़ा गए नर तेंदुए की मौत हो गई। तीन दिनों तक घायल तेंदुआ दर्द से जूझता रहा। दो रातों तक वह फंदे में ही फंसा रहा जिससे उसकी स्थिति नाजुक हो गई थी। जब तक उसका रेस्क्यू किया गया वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हो चुका था। डीएफओ दीपक पटेल ने इसकी पुष्टि की थी। इस मामले में एक ग्रामीण को हिरासत में लिया गया है। रेस्क्यू में हुई देरी तेंदुए की मौत का सबसे बड़ा कारण है। धारदार तार के फंदे में उलझने और 48 घंटों तक उस स्थिति में संघर्ष करने के चलते वन्यजीव को काफी चोटें आने की बात सामने आ रही है। वन्यजीव बहुल इलाके में विभाग के पास रेस्क्यू के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न हो पाना भी इस पूरे मामले का एक बड़ा पहलू है।

रायपुर स्थित जंगल सफारी में 10 अक्टूबर की शाम इलाज के दौरान घायल तेंदुए ने दम तोड़ दिया। 9 अक्टूबर को रेस्क्यू कर उसे रायपुर भेजा गया था। इस पूरे मामले में स्थानीय विभागीय अधिकारियों की बड़ी चूक और वन्य जीव संरक्षण को लेकर लापरवाही सामने आ रही है। वन्य जीव की मौत के बाद वनविभाग ने कार्रवाई करते हुए फंदा लगाने वाले ग्रामीण मेंढ़ा निवासी नवल सिंह को हिरासत में ले लिया है। उसके पास से शिकार संबंधी सामग्रियां भी जप्त की गई है। तेंदुआ मानपुर उत्तर वन परिक्षेत्र से बरामद किया गया था। डीएफओ दीपेश पटेल ने पुष्टि करते हुए बताया कि, मानपुर उत्तर वन परिक्षेत्र में ग्रामीण के कोठार के पास लगे फंदे से तेंदुए का रेस्क्यू किया गया था। उसे ट्रेंकुलाईज कर रायपुर भेजा गया था। यहीं उसकी हालत ठीक नहीं लग रही थी। उसके शरीर के पिछले हिस्से में चोट की आशंका थी। 10 अक्टूबर को रायपुर के जंगल सफारी में करीब 3 साल के नर तेंदुए की मौत हो गई। मामले में आगे की जांच की जा रही है। फंदा लगाने वाले एक ग्रामीण को हिरासत में लिया गया है।

पायनियर
लगातार



### तीन दिन तक जूझता रहा

गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाले क्लच वायर से ग्रामीण ने फंदा बनाया था। यह तार काफी पतला होता है। इसकी सख्त पकड़ आसानी से शरीर को चिर सकती है। बताया गया कि तेंदुआ 7 अक्टूबर को इस जाल में फंसा था। पूरी रात वह उसमें उलझकर निकलने के लिए संघर्ष करता रहा। ग्रामीणों ने 8 तारीख को दोपहर में विभाग को सूचना दी। अधिकारियों के वहां पहुंचने के बाद काफी देर हो चुकी थी। 9 अक्टूबर को उसे ट्रेंकुलाईज किया गया तब जाकर देर शाम तक तेंदुआ रायपुर स्थित जंगल सफारी पहुंचा। दो रातों तक फंदे में फंसे रहने से तेंदुए को काफी अंदरुनी चोटे आई जो कि उसकी मौत का कारण बना। तेंदुआ तीन दिन तक दर्द से जूझता रहा।

### लाखों खर्च, फिर भी जंगल असंतुलित

इस पूरे मामले ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के वन्य जीव बहुल इलाके में वन विभाग की तैयारियां और संरक्षण में खामियों को सामने ला दिया है। जंगल में वन्य जीवों हेतु की जाने वाली व्यवस्थाएं नहीं की जा रही है। जबकि इसके लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कूप की अंधाधुन कटाई में तय मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते वन का घनत्व कम होने से वन्यजीवों का भोजन चक्र प्रभावित हो रहा है। जंगल में शिकार न मिलने से जंगली-जानवर आबादी की ओर बढ़ रहे हैं। इसके अलावा भी वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था किए जाती है लेकिन इसमें भी लारपवाही बरती जा रही है।

### नहीं सामने आए वन विभाग के अफसर

तेंदुए के फंसने, रेस्क्यू किए जाने और उसकी मौत हो जाने के बाद भी रेंजर और दूसरे संबंधित वन अधिकारी-कर्मचारी चुप्पी साधे हुए हैं। बीते दो दिनों से मामला सामने आने के बाद से सभी ने इस प्रकरण से दूरी बनाए रखी है। दरअसल, स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही को वन्यजीव की मौत का बड़ा कारण माना जा रहा है। जंगल के हिस्सों में शिकार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भी अधिकारियों का रवैया बेहद सुस्त है। इसके अलावा जंगल में संधारण, संरक्षण की योजनाओं का सच सामने आ जाने के डर से भी संबंधित स्टॉफ मुंह छिपा रहा है।

# भंडारे के लिए खरीदी सूजी में निकली इल्लियां शुभम के मार्ट में फूड डिपार्टमेंट की दबिश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शुभम के मार्ट के उत्पाद में इल्लियां निकली हैं। यहां बेचे जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर मार्ट प्रबंधन की बड़ी चूक सामने आई है। यही नहीं ऐसे खतरनाक उत्पाद बेचे जाने के बाद मार्ट प्रबंधन ने इन्हें वापस लेने से भी इंकार किया है। ऐसे ही मामले की शिकायत पर फूड विभाग ने कार्रवाई की है। कई उत्पादों के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। मंडी परिसर में मौजूद शुभम के मार्ट से खरीदी गई सूजी के पैकेट में इल्लियां मिलने की शिकायत सामने आई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि, उसने 4 किलो का पैकेट मोहल्ले में आयोजित भंडारे के लिए खरीदा था। लेकिन इसमें इल्लियां भरी हुई दिखी। जब इसे लौटाने कहा गया तो शुभम के मार्ट प्रबंधन ने इससे इंकार कर दिया। फूड विभाग के अधिकारी और उनकी टीम ने यहां दबिश दी। जिसमें शिकायत सहीं पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेंद्र ध्रुव ने मौके पर बताया कि, उत्पाद में अशुद्धियां मिलने की शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें खराबी दिख रही है उसके सैंपल लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्टोर में रखे अन्य उत्पादों की भी जांच और नमूने इकट्ठे कर गुणवत्ता जांच के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है। शिकायतकर्ता उपभोक्ता हरिश सोनवानी ने कहा कि, उसने मार्ट से सूजी खरीदी जो कि भंडारे में प्रसाद के लिए इस्तेमाल होने वाली थी। बड़ी बात यह है कि प्रबंधन ने उत्पाद लौटाने के बजाए साफ तौर पर कह दिया कि यह अनाज वाली वस्तुएं जिसमें यह चीज़ें होती रहती है। उन्होंने उसे वापस लेने से इंकार कर दिया।



# बर्फानी धाम की ज्योत विसर्जित



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्र में अष्टमी-नवमीं तिथि के बीच शुक्रवार को बर्फानी धाम स्थित मां पाताल भैरवी मंदिर में स्थापित ज्योत कलश का विसर्जन किया गया। वैदिक विधि-विधान से यज्ञ उपरांत यह प्रक्रिया पूरी की गई। विसर्जन के दौरान जस सेवा जारी रही। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।दूसरी ओर नगर की शीतला मंदिर में शुक्रवार की शाम अष्टमी का हवन संपन्न हुआ। आज सुबह यहां ज्योत विसर्जित किए जाएंगे।

# आदतन अपराधी ने युवक को किया घायल, आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आदतन अपराधी की नवरात्र मेले में गुंडागर्दी पर पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक को हाथ में पहने कड़े से घायल करने वाले आरोपी अरशद खान (24) को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले के पुलिस गुंडा फाइल खोलने की तैयारी कर रही है। अरशद के खिलाफ पहले भी कई संगीन वारदातों पर जुर्म दर्ज है।

रविंद्र वैष्णव (19) मेला घूमने डोंगरगढ़ पहुंचा था। मेला ग्राउंड में झूले पर बैठने को लेकर अरशद ने युवक से दादागिरी की। विरोध करने पर आरोपी ने युवक पर हाथ में पहने हुए कड़े से कई वार किए। पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई और वो लहूलुहान हो गया। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा- 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को पकड़कर घटना में प्रयुक्त कड़ा एवं चाकू को जप्त किया है। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

डोंगरगढ़ पुलिस के मुताबिक आरोपी मोह अरशद खान आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है। 05 वर्षों में ही उसके खिलाफ 08 अपराध एवं 03 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज है। हाल ही में आरोपी के विरूद्ध गणेश विसर्जन दौरान मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। इसके पूर्व रेलवे पुलिस से मारपीट करने के मामला में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।



# कलेक्टर एवं एसपी ने दुर्गा उत्सव समिति और दशहरा उत्सव समितियों की ली बैठक

■ दशहरा आयोजन और विसर्जन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा आयोजन के संबंध में दुर्गा उत्सव समिति और दशहरा उत्सव समितियों की बैठक ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव बहुत बढ़िया शहर है। उन्होंने दशहरा उत्सव समितियों को संस्कारधानी के अनुरूप ही कार्यक्रम आयोजित करने कहा। दशहरा आयोजन समितियों को सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बेरिकेटिंग, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शार्ट सर्किट से बचने के लिए पहले से विद्युत व्यवस्था को अच्छे से जांच करने कहा। साउंड सिस्टम को एक निर्धारित दूरी पर रखने कहा, जिससे सभी को एक जैसे डेसिबल में साउंड मिल सके। उन्होंने दशहरा आयोजन समितियों को पर्याप्त मात्रा में वालिंटियर रखकर उन्हें सेक्टर आबंटित करने के निर्देश दिए। जिससे सारी व्यवस्था अच्छे से हो सके।

कलेक्टर ने मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों से जानकारी ली। उन्होंने मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की साफ-सफाई, क्रेन, गोताखोर और लाईट की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दशहरा कार्यक्रम के लिए जारी पास में गेट नंबर अवश्य दर्शाने को कहा। जिससे किसी को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दशहरा आयोजन समिति को स्टेज और उसके आस-पास पर्याप्त मात्रा में फायर सिलेण्डर रखने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा सहित दशहरा उत्सव समितियों के पदाधिकारी और दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# आज मनाया जाएगा दशहरा, तैयारियां जारी



**राजनांदगांव।** शनिवार की शाम विजयादशमी का पर्व मनाने की तैयारियां अंतिम चरणों में है। म्यूनिसिपल स्कूल, कमला कॉलेज मैदान में बड़े आयोजन की तैयारियां की जा रही है। दोनों ही स्थानों पर रावण के विशाल पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान शानदार आतिशबाजी और संगीत आयोजन की भी तैयारियां की गई है।

## पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित सपरिवार शामिल हुए अधिकारीगण

# रास गरबा उत्सव में सम्मानित हुए समाजसेवी, रंगारंग समापन के साथ पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों को राज गरबा उत्सव में उनके श्रेष्ठ कामों के लिए सम्मानित किया गया है। उत्सव के अंतिम दिन बंगाली थीम पर आयोजित राज गरबा स्पर्धा की जबरदस्त धूम रही। कार्यक्रम के अंतिम दौर तक दर्शकों ने रास गरबा का आनंद लिया। वहीं रंगारंग समापन के साथ आयोजन में हिस्सा लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है।

श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में ऑडिटोरियम में आयोजित चार दिवसीय रास गरबा उत्सव का गुरुवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को राजपूताना शौर्य के प्रतीक साफा और तलवार देकर श्री राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद बंगाली थीम पर आयोजित रास गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें रोहिणी देशमुख, जया पटेल, लक्ष्य शर्मा, मोनिका ठाकुर, शारदा अग्रवाल, सार्थक अम्बादे, ईशानी शर्मा, शौर्य सोनी, रतिका सोनी, धर्मेन्द साहू, सुप्रिया, लक्ष्मी वासनिक, विश्रुति मिश्रा, अल्का राजपूत, स्वान्जिल सिंह, प्रमय सोनी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। चार दिन तक चले इस गरबा उत्सव में अलग-अलग थीम पर आयोजित स्पर्धा में विजेता रहे प्रतिभागियों को दीपाली झा, निकिता अग्रवाल, जागृति गर्ग, शीतल बंसल ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया।



### राजपूत ने देश को जोड़ा : अभिषेक सिंह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने हमेशा समाज के हितों में काम किया है समाज ने देश को जोड़ने में कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी इतिहास से लेकर आज तक राजपूत समाज केवल सामाजिक हितों के लिए ही काम करता आ रहा है उन्होंने राजनांदगांव की छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की महिला इकाई को भी समाज सेवा के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सम्मानित किया और उनके कामों की सराहना भी की। इस अवसर पर राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, विनोद गोस्वामी, अशोक पांडे, अशोक जैन, विजय बहादुर सिंह, अजय सोनी, सूरज यदु, नीरा साहू, विजेता यदु , पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कृष्णा समिति और दुर्गा समिति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# 2028 तक गरीबों को मिलेगा मुफ्त अनाज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त अनाज वितरण की योजना को चार साल और बढ़ा दिया है। यानी गरीबों को 2028 तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। इसको लेकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। सांसद संतोष पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को मुफ्त अनाज वितरण को 4 साल तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। जिसके चलते अब केंद्र सरकार देश की गरीब जनता को 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज देगी। दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को कैबिनेट में मंजूरी दे दी है। बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति को दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। मोदी सरकार ने इसके अलावा और कई योजनाओं को हरी झंडी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिड डे मीलए मुफ्त राशन, योजना, पीएम पोषण योजना, आईसीडीएस, आकांक्षी की सभी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति को जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

योजना के लिए केंद्र ने 17,082 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इससे 80 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।

# कांग्रेस का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, जीत के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बनाया प्लान, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव पर विशेष फोकस

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस वर्ष नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव होने वाले हैं उक्त चुनाव को लेकर अपने नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने में जुटी है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस अपनी रणनीति पर काम कर रही है नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस का फोकस अपनी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने में लगीं हुई है। यही कारण है कि पार्टी जिला स्तरीय सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कोशिश कर रही हैं। जिला मुख्यालय बलरामपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव जिला कांग्रेस कमेटी भवन में पहुंचे जहां जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ जयकारा लगाते हुए माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के निवेदन पर गुरुवार के दिन नवरात्र के अष्टमी तिथि पर विधवत



पूजा अर्चना कर जिला अध्यक्ष चेंबर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात उन्होंने हाल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे सिंहदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं को सम्मेलन के माध्यम से जोड़ने का काम किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच कर हम कार्यकर्ताओं के साथ कार्य योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को सम्मेलन के माध्यम से फिर से रिचार्ज करने का काम कर रही है। साथ ही सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लेने का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ बूथ स्तर पर भी कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि साल 2024 एवं 2025 के नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में जीतने के लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे इसके लिए कार्यकर्ताओं का एक जुट होना जरूरी है। वहीं चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में गत दिनों गिरौदपुरी से रायपुर तक लगभग 130 किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की थी। जिसमें हर सप्ताह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश में जनसमस्याओं से लेकर शासन की विफलताओं के संबंध में लगातार धरना-प्रदर्शन किया गया। आगे भी पद यात्रा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी सरकार की विफलताओं को आम जनता के बीच बताने का भरपूर प्रयास करेंगी। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, मेडिकल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ.प्रीतम राम,के.पी.सिंहदेव, जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह,हरिहर यादव, अजय गुप्ता,दिनेश यादव,रिपुजीत सिंह, हरीश मिश्रा,मधु गुप्ता,विजय पैकरा,खोरेन खलखो,अशोक सिंह,महिला कांग्रेस की अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह,महामंत्री जितेंद्र गुप्ता,लालसाय मिंज, नन्हेंलाल गुप्ता,मुन्ना गुप्ता संजीव गुप्ता,अजय सोनी सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष भरे हुए थे।

**छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 9 महीने में जनता के लिए कुछ अच्छा नहीं कर पाई** -उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पिछले 9 महीना में छत्तीसगढ़ के जनता के हितों में कुछ अच्छा नहीं कर पाई है। हमें सरकार के काम में कमियों और खामियों को जनता के बीच लेकर जाना है और नगरीय निकाय से लेकर पंचायत चुनाव में अपने पक्ष के प्रतिनिधियों को जीतने का प्रयास करना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार रहने के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मनमर्जी की जा रही है। बलरामपुर में वोटर लिस्ट को लेकर जो कुछ भी हुआ है उस पर राज्य निर्वाचन आयोग से लेकर स्थानीय कलेक्टर से भी चर्चा कर समस्या का निराकरण करेंगे। परंतु कार्यकर्ता हर मोर्चे पर सरकार के नाकामियों को आम जनता तक लेकर जाएं तभी हमें सफलता हासिल होगी। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सामरी प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की और जो ताकत दिखाई उसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद जिम्मेदारियों से मुक्त होकर आपके साथ आने वाले समय में काम करता रहूंगा हर ब्लॉक में दो से तीन बार दौरा कर लोगों से संगठन के साथ मेल-जोल बढ़ाकर मिलजुल कर सब एकजुट होकर कार्य करेंगे।

**मेरे लिए सौभाग्य की बात है जो आप हमें अपना मुखिया मानते हैं**-उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में हम अपनी सरकार नहीं बना सके लेकिन पंचायत और नगरीय निकाय में एकजुटता से लड़ेंगे और अपनी सरकार पंचायत जनपद पंचायत जिला पंचायत नगरीय निकाय में हम बना कर रहेंगे।आगे उन्होंने कहा कि उम्मीदवार मैं या कोई वरिष्ठ तय नहीं करेंगे,उम्मीदवारों का चयन आप सबों को करना है मिल बैठकर आप तय करें। मेरा या सौभाग्य है कि आप सब मुझे अपना मुखिया मानते हैं।

**संगठन से ही है हम सबों का पहचान-डॉ. तिर्की** -अंबिकापुर नगर निगम के महापौर डॉ.अजय तिर्की ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं,पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि कार्यकर्ता की बात पदाधिकारी सुने उनके समस्याओं का समाधान करें और उनका निराकरण करें। डॉ अजय तिर्की ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराज साहब का विरोध हर उस निष्ठावान कार्यकर्ता का विरोध है जब कोई महाराज साहब का विरोध करता है तो वह कांग्रेस के हर कार्यकर्ता का विरोध करता है और ऐसे व्यक्ति जब रामानुजगंज आते हैं तो उनका माला से स्वागत होता है,महाराज साहब हम सबके मुखिया हैं और मुखिया की बात जब परिवार के लोग नहीं मानते हैं तो घर बिखरने लगता है हमें संगठन मजबूत करना है तो हमें अपने मुखिया की बात माननी चाहिए संगठन है तभी हम सब हैं।

**प्रेरणादायक है टी.एस.सिंहदेव-राजेंद्र तिवारी** -जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने स्वागत उद्बोधन में कहा की हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ में अति विशिष्ट रखने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री हमारे मार्गदर्शक हैं हम सबों को इनसे प्रेरणा मिलती है आने वाले समय में बेहतर परिणाम के लिए हम सबको अपनी एकजुटता दिखानी होगी और जब हम सब एकजुट होकर काम करेंगे तो बेहतर परिणाम ही आएंगे, जिला कांग्रेस कार्यालय के लिए सुविधा मुहैया कराने के लिए टी.एस.सिंहदेव जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि 2 लाख रुपए की बड़ी राशि देकर उन्होंने कार्यालय के लिए निर्माण पक्ष आवश्यक सुविधाओं को जताने में बड़ा योगदान दिया है जिसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी उनके आभारी है।

## 'महामाया मंदिर में कन्या भोजन' : महामाया मंदिर में कन्या भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया





पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही मंदिरों में अठवही चढ़ाने के लिए लोग मंदिरों में पहुंचने लगे। यह धार्मिक उत्साह देर शाम तक जारी रहा। 'महामाया मंदिर में कन्या भोजन' महामाया मंदिर में कन्या भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां छोटी बच्चियों को नवदुर्गा स्वरूप में पूजा कर भोजन कराया गया और उन्हें यथासंभव उपहार दिए गए। 'नगर के लोगों का उत्साह' नजर आया । महास्टमी पर्व का महत्व - महास्टमी पर्व नवरात्रि के आठवें दिन मनाया जाता है, जिसे महागौरी की पूजा और आराधना के लिए विशेष महत्व है ख। इस दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है, जिसमें महागौरी का विशेष महत्व है। महास्टमी पर्व की खबर के लिए यह स्क्रिप्ट आपको एक अच्छा आधार प्रदान कर सकती है। सुबह से ही नगर के सोनार पारा स्थित महामाया मंदिर, दाउपारा स्थित बडकी दाई महामाया, पंडरिया रोड स्थित शक्ति माई मंदिर, अंगार मोती मंदिर में लोग प्रसाद की थाल लिये घंटो कतारो में खडे अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये ।

## 55 फीट ऊंचे रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण का दहन किया जाएगा

### 40 वर्ष से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा







पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बीआर साव स्कूल में दशहरा उत्सव के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले के द्वारा श्रीराम लक्ष्मण की झांकी की पूजा अर्चना पश्चात शनिवार शाम 6 बजे 55 फीट ऊंचे रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण का दहन किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति में संजय वर्मा ने बताया कि दशहरा उत्सव समिति के द्वारा पिछले 40 वर्ष से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नगर के इस मुख्य आयोजन में इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहेंगे। वे श्रीराम व लक्ष्मण की झांकी की पूजा अर्चना करेंगे इसके पश्चात श्रीराम लक्ष्मण द्वारा तीर चला कर शाम 6 बजे रावण दहन किया जाएगा। इसके पूर्व भव्य आतिशबाजी सिराज ब्रदर्स के द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गोवर्धन परिवार की परंपरा के अनुरूप मिट्टी के रावण का वध टोली के द्वारा लाठियों से पीट कर किया जाएगा। इसमें मान्यता है कि रावण के पुतले की मिट्टी घर ले जाकर अपने तिजोरी या चूल्हा आदि में उपयोग करने से समृद्धि बढ़ती है। बहरहाल दशहरा उत्सव समिति के सदस्य तैयारी में लगे हुए हैं। इसके साथ ही नगर के बड़ा बाजार व रेस्टहाउस मैदान में भी रावण दहन किया जाएगा।

## राजा कुंभकार के परिवार द्वारा इको फ्रैंडली रावण का निर्माण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली के गोवर्धन परिवार के द्वारा मिट्टी के बने रावण का सबसे पहले पूजा किया जाता हैं उसके बाद यादव समाज के द्वारा मिट्टी से बने रावण का लाठी से पीट पीट कर वध किया जाता हैं। यह वर्षो पुरानी परंपरा हैं जिसका आयोजन मुंगेली के वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम बीआर साव स्कूल में प्रत्येक वर्ष किया जाता हैं। गोवर्धन परिवार के सदस्य श्रीकांत गोवर्धन ने बताया कि सबसे पहले इसकी शुरुआत 1896 में की गई जिसमें आज भी राजा कुंभकार के परिवार द्वारा शुरू से ही इको फ्रैंडली रावण का निर्माण किया जाता हैं और साथ ही यह परंपरा हैं कि सर्वप्रथम मिट्टी से बने रावण की गोवर्धन परिवार द्वारा पूजा की जाती हैं उसके बाद यादव समाज के लोगों द्वारा लाठियों से पीट पीट कर मिट्टी के रावण का वध किया जाता हैं साथ ही पीटने के बाद जो अवशेष बच जाता हैं उसे लोग अपने अन्न भंडार में तथा तिजोरी में रखते हैं और साथ ही इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए पुणे, नागपुर, बड़ोदरा गुजरात, रायपुर, बिलासपुर से पूरा गोवर्धन परिवार एकत्र होता हैं। मिट्टी के रावण के वध वाले इस आयोजन को पूरे भारत में अनेकों जगहों जैसे कोटा राजस्थान, कांकेर, वैष्णव संप्रदाय के लोगों के द्वारा मनाया जाता हैं।

## विधायक साहू के नेतृत्व मे माँ भद्रकाली मंदिर परिसर मे चलाया सदस्प्ता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा में विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व मे आज नगर के प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर प्रांगण मे नागरिकों को परिसर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। दर्जनों लोगों ने शिविर में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की द्य इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ को मजबूत करना है द्य कार्यकर्ता हर मोहल्ले, हर गांव, हर घर में जाकर पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दे द्य जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिल सके द्य उन्होंने लोगों से विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा से जुड़ने की अपील की।साथ ही विधायक साहू ने



कार्यकर्ताओ से कहा की अधिक से अधिक संख्या मे आम नागरिकों क्व बीच पहुंचकर शासन की योजनाओं की जानकारी पहुचाये जिससे आमनागरिक भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं तक जुड़ सके और सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ पा सके द्य इस दौरान शहर मण्डल अध्यक्ष सहित,धर्मेंद्र साहू, योगेश वर्मा, संतोष वर्मा,विनय साहू, राजू देवांगन, परमेश्वर साहू, रेवाराम निषाद,गोपी देवांगन दीनानाथ साहू, बिरेंद्र साहू, देवराम साहू, सावित्री रजक, राजीव तम्बोली, उमेशवरी साहू, लक्ष्मी साहू, हेमलता नेमा, ओमकार साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, मीनू पटेल, हेमलता शर्मा, शेखर देवांगन, राहुल साहू,उपस्थित रहे ।

## भाजयुमो की सदस्यता रथयात्रा की शुरुआत

### विधानसभा में एक हजार युवाओं को बनाया जा रहा सदस्य






पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपा युवा मोर्चा की रथयात्रा में युवा को जोड़ने अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह पिपरे ने कहा संगठन महापर्व-सदस्यता अभियान मे जिले के प्रत्येक विधानसभा में एक हजार युवाओं को सदस्यता बनाया जा रहा है। यात्रा का शुभारम्भ भाजपा झंडा दिखाकर माँ अम्बे का पूजा अर्चना कर गुंडरदेही विधानसभा मे रथ खेरथा मंडल के देवरी से प्रारम्भ हुआ। भाजयुमो प्रदेश प्रचार प्रमुख आकाश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, युवा मोर्चा टुमन साहू, अनूप देशमुख, शुभम देवांगन, सूरज यदु देवेंद्र जोशी अर्जुदा मंडल, लवण साहू, देवेंन्द्र साहू, विश्वजीत तिवारी, हरीश साहू, ऋषभ शर्मा, शैलेन्द्र साहू गुंडरदेही मंडल दुष्यंत सोनवानी, सौरभ चोपड़ा, श्रीकांत वर्मा, लेखराम साहू, नेमचंद साहू, मयंक अग्रवाल, देवा सोनकर, मयंक ओस्तवाल, दयाराम सिन्हा, महेश महिलवार, गणेश भारती, सहित युवा मोर्चा के रथयात्रा निकालकर सदस्यता अभियान किया गया। यात्रा के समापन मे जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव ने भाजयुमो को सम्बोधित किया। जिसमें जिला भर मे युवा मोर्चा के अभियान का सराहना करते सदस्यता अभियान मे युवाओं का आभार किया युवाओं ने डिजिटल माध्यम से जिला भर लक्ष्य तक पहुंचने युवा मोर्चा सहभागिता पर जोर दिया।

बालोद जिला के यात्रा प्रमुख पंकज चौधरी ने बताया सदस्यता रथ के माध्यम से जिला के नौ मंडल मे 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक, एक दिन में एक विधानसभा मे रथयात्रा के माध्यम से मंडलो में जाकर शैक्षणिक संस्था, दुर्गा पण्डाल, हाट बाजार, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को सदस्यता दिलाया गया।

## पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में संस्था के व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर एवं संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर के निर्देशन में अभिभावकों की सहमति से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम दिवस - शिविर आयोजन के उद्देश्य, टोली विभाजन, नामकरण नेतृत्व चयन, टोली का निरीक्षण, गणवेश तथा परिचयात्मक बैठक एवं बैठक व्यवस्था, व्यक्तिगत दिनचर्या, आत्मानुशासन एवं समयपालन कब क्यों और कैसे। द्वितीय दिवस- दल, कम्पनी, टोली विधि, पेट्रोलकार्नर, पेट्रोलकाल, टोली एवं दलसभा की बैठक, ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, चिन्ह, सैल्यूट, बाँया हाथ मिलाना, चिकित्सा बॉक्स एवं प्राथमिक सहायता। तृतीय दिवस- योग, व्यायाम, दण्ड चालन, कराते, कम्पास, दिशाज्ञान, खोज के चिन्ह, हाईक, विभिन्न खेल, गीत, कलर पार्टी, गॉड आफ ऑनर तथा कैम्पफायर का प्रदर्शन कर अभ्यास कराया गया। चतुर्थ दिवस-खोज के चिन्हों एवं छिपे हुए पत्रों के माध्यम से हाईक यात्रा में विद्यालय



परिसर से एस.एन.जी. कालेज, हेमूकालाणी चैंक, शंकर मंदिर, गोल बाजार, आगर क्लब से मलाईघाट, बालानी चैंक, महाराणा प्रताप चैंक से नेहरू चैंक, नया बस स्टेण्ड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचा। यात्रा के दौरान जैन मंदिर के समक्ष जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष जेठमल कोटड़िया ने हाईक आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आगर क्लब में सभी ने सामूहिक रूप से सुआ नृत्य कर प्रेम से बोलो जय मातादी का नारा लगाया। तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पट्टिका के समक्ष दो मिनट मौन श्रद्धांजली अर्पित की गई। पंचम दिवस- शिविर स्थल में स्वच्छता अभियान चलाकर लेआउट के साथ टोली का निरीक्षण पश्चात् ध्वज शिष्टाचार किया गया। मुख्य अतिथि एसपी कौशिक प्रधानपाठक कोरबा एवं संस्थान के वरिष्ठ सदस्य जगदीश प्रसाद एवं शत्रुहन कुमार कांत, दण्ड चालक प्रशिक्षक दीनू डहरिया को स्काउट-गाइड के छात्रों द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। उसके बाद विधिवत् शिविर ज्वाल गीत के साथ कैम्पफायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टोलीवार योग, दण्ड चालन, कराते, पंथी, कर्मा, डाण्डिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बीच-बीच में निनाद लगाये गये। शिविर संचालक राजेन्द्र दिवाकर ने शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और अन्त में विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ। संस्था के उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया। अंत में सामूहिक भोज के साथ शिविर का समापन किया गया। शिविर में 60 छात्र/छात्रा एवं शिक्षक-शिक्षिका तथा संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक रूपी रावण से निपटने के लिए पर्यावरण प्रेमियों की अनूठी पहल

# सिर में प्लास्टिक की पन्नी, हाथों में पानी बोतल व जागरूकता तख्ती लेकर दिया संदेश

- दइहान-तरौद के जंगल में स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूकता का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

आज विजयादशमी पर्व है और आज के ही दिन भगवान राम ने रावण का वध कर असत्य पर सत्य का जीत का संदेश दिया था आज पुरे भारत में बड़े धूमधाम से विजयादशमी मनाया जायेगा। वहीं जिले के पर्यावरण प्रेमियों ने दशहरा पर्व के एक दिन पहले दइहान व तरौद जंगल में पहुंचकर जंगले में बिखरे हुए प्लास्टिक, खाली बोतल को एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया व हाथों में पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक रूपी रावण हटाओ जैसे स्लोगन लिखा हुआ तख्ती के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया। यह वही दइहान-तरौद जंगल है, जहां पर सड़क निर्माण करने के







लिए लगभग 7 किमी क्षेत्र के लगभग 30 हजार पेड़ काटकर सड़क चौड़ीकरण होना प्रस्तावित था। जिसे बचाने के लिए पर्यावरण प्रेमियों की टीम ने लगातार विभिन्न तरह के आंदोलन करके पेड़ों को कटने से बचाया था।

**प्लास्टिक से हो था पर्यावरण को नुकसान- भोज**-पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने इस अभियान में बताया कि हम प्रतिवर्ष विजयादशमी पर्व पर रावण को जलाते हैं। लेकिन रावण से भी ज्यादा खतरनाक प्लास्टिक हो गया है। जो कि आज पर्यावरण को प्रदुषित कर रहा हैं। हम इंसान आज आधुनिकता के ओर बढ़ रहे हैं। वैसे वैसे ही हम विनाश की ओर अग्रसर हो रहें हैं। हम जिधर भी नजर डालें प्लास्टिक के झिल्ली पन्नी बिखरे हुए मिलते हैं। प्लास्टिक को खत्म में हजारों वर्ष लग जाते हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। जमीन बंजर हो रही है। इसी संदेश को लेकर इस दशहरा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक रूपी रावण को नष्ट करने के लिए अभियान चलाने की बात कहे हैं।

**करते आ रहे है वृक्षारोपण भी- वीरेंद्र**-ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे पर्यावरण टीम अनेकों वर्ष से पर्यावरण संरक्षण के दिशा में काम कर रही हैं। हम लोग लगातार जन जागरूकता अभियान चलाकर आम जनों को जागरूक करते हैं। आज हमने दइहान-तरौद जंगल में फैले हुई गंदगी प्लास्टिक को एकत्रित कर पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास किए हैं। वहीं हमारे टीम के द्वारा तालाब के साफसफाई से लेकर वृक्षारोपण जैसे कार्य करते आ रहे हैं। आज हर जगह प्लास्टिक के टुकड़े पड़े मिलते हैं जिसे देखकर मन दुखी होता है, हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता है।

**इस अभियान में छोटे छोटे बच्चे भी सहभागिता निभाई**-इस जागरूकता अभियान में पर्यावरण टीम के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी हाथों में तख्तियां लेकर व सिर पर प्लास्टिक की पन्नी पहन कर आमजनों को पर्यावरण के रक्षा करने व स्वच्छ शहर स्वच्छ जंगल रखने का संदेश दिया। इसमें प्रमुख रूप से विनीता, साक्षी, प्राची, भावना पांडेय, तृषा, प्रफुल्ल, भूमि, सुशांत नेहा, प्रियांशी, प्रियंका, प्रियांशु, राहुल, मोहित, कुमकुम उपस्थित थे।

## कोटवार हथियार से हत्या वाले आरोपियो को चंद घंटों में पकडने मे पुलिस हुआ सफल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोटवार को हथियार से हत्या वाले आरोपियो को पुलिस ने चंद घंटों में पकडने में सफ्लता हासिल किया इस के साथ ही हत्या मे प्रयुक्त धारदार गडासा एवं गुफथीनुमा छुरी जप्ती आरोपी से घटना घटित करने हेतू आने जाने मे प्रयुक्त मोटर सायकल भी जप्त किया गया है इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि जिला बेमेतरा अंतर्गत थाना थान खम्हरिया अंतर्गत ग्राम बेलतरा से ठाकुर दास पिता स्व.बुध्दुदास मानिकपुरी के द्वारा पुलिस को सूचना दिया कि 09.10.2024 को ग्राम बेलतरा का ग्राम कोटवार रोहित मानिकपुरी पिता स्व.बुध्दुदास मानिकपुरी उम्र 42 वर्ष का रात्रि 07.00 बजे घर से मोटर



सायकल से निकला था जो प्रातः 03.00 बजे तक वापस घर नही आने पर ग्रामवासियो के साथ पतातलाश करने पर घोर्री खार खेत के रास्ते मे रोहित का मोटर सायकल खडा मिला जिससे शासन द्वारा कोटवार रोहित मानिकपुरी को दिये गये खेत पर बने मकान के छत के ऊपर जाकर देखे कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रोहित मानिकपुरी का धारदार हथियार से ताबडतोड मारकर सिर चेहरा एवं शरीर मे चोट पहुचाकर हत्याकर दिया गया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी की परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक राजेश मूणत ने कहा

# शहरी यातायात को व्यवस्थित करने अंतरविभागीय रणनीति तैयार करें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की पंचम बैठक हुई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया है कि राजधानी रायपुर के आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने नगर निगम, यातायात पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण सहित सभी अनुषंगी विभाग मिलकर रणनीति तैयार कर सुदृढ़ योजना पर काम करें। रायपुर (पश्चिम) विधायक राजेश मूणत सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी.आर. पोर्ते, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी भी इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होकर नगर विकास गतिविधियों, चुनौतियों व आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। विधायक मूणत ने कहा कि परियोजनाओं का लाभ नागरिकों को निरंतर मिलता रहे, इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर नोडल संस्था निर्धारित करें, जो प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद परियोजनाओं के संचालन एवं संधारण की सतत मॉनिटरिंग करेंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में प्रगतिरत व पूर्ण परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद अग्रवाल ने कहा है कि बढ़ते जनसंख्या घनत्व के कारण अन्य महानगरों की तरह यातायात प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती है, अतः ट्रैफिक व्यवस्था पर नये सिरे से ठोस पहल की आवश्यकता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि यातायात नियंत्रण प्रणाली के तहत स्थापित कैमरे व सिग्नल सतत् रूप से कार्य करते रहे, इसकी नियमित निगरानी की जाए, साथ ही यातायात घनत्व व अधिक ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्रों, चौक-चौराहों के व्यापक सर्वेक्षण हेतु एजेंसी नियुक्त करते हुए भावी योजनाओं का निर्धारण किया जाए। उन्होंने आईटीएमएस अंतर्गत संचालित रोड सिग्नल की समयावधि व समय अंतराल का रिव्यू कर इसे सुगम यातायात के अनुरूप संचालित करने के निर्देश स्मार्ट सिटी व यातायात पुलिस को दिए हैं। यातायात उल्लंघन पर आईटीएमएस प्रणाली के स्वचालित चालानी कार्यवाही के अनुरूप निर्धारित अर्थदंड की कम वसूली पर बैठक में असंतोष व्यक्त किया गया एवं कहा कि अर्थदंड की वसूली के लिए व्यापक प्रबंध करें। यातायात पुलिस को यह भी निर्देशित किया गया है कि प्राप्त राजस्व आय का निर्धारित अंश रायपुर स्मार्ट सिटी लि. को उपलब्ध कराएं। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा किए जा रहे विकास, सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों की चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि शहरी तालाबों एवं उद्यानों को एक मॉडल के तौर पर विकसित करें, जो दूसरे शहरों के लिए भी अनुकरणीय रहें। प्रगतिरत कार्यों के संबंध में सांसद अग्रवाल ने निर्देशित किया है कि प्रस्तावित मटन मार्केट, शास्त्री बाजार, जोनल रोड, बूढ़ा तालाब परिक्रमा पथ, रजक गुड़ी, महराजबंध तालाब, नरैया, खो-खो व प्रहलदवा तालाबों के अतिशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश बैठक में दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य योजना तैयार करने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों व गणमान्य नागरिकों के सुझाव शामिल किए जाएं, जिससे कि जन अपेक्षाओं के अनुरूप प्रोजेक्ट का निर्धारण हो सकें एवं इनकी उपयोगिता से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो सकें। उन्होंने परामर्शदात्री समिति में विषय विशेषज्ञ संस्थानों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। चेम्बर अध्यक्ष पारवानी ने भी बैठक में उपयोगी सुझाव दिए। इस बैठक में यह भी कहा गया कि मास-मटन का विक्रय खुले में न हो, इसके लिए नगर निगम अपनी निगरानी बढ़ाए एवं गुमास्ता लाइसेंस की शर्तों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। विधायक मूणत ने सुझाव दिया कि पूर्ण परियोजनाओं के संधारण व संचालन के लिए नोडल विभाग अवश्य तय करें, जिससे परियोजनाओं का लाभ स्थानीय नागरिकों को बिना किसी असुविधा के दीर्घ अवधि तक मिलता रहे। मूणत ने जी.ई. रोड पर बने यूथ हब से चौपाटी स्थानांतरित करने व इस क्षेत्र को विद्यार्थियों अध्ययन हेतु उपयुक्त स्थल के रूप में विकसित करने हेतु निर्देशित किया है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री, उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री ने 125 कन्याओं को कराया कन्या भोज

मां देवी के रूप में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख शांति और समृद्धि के लिए की कामना



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्र में अष्टमी-नवमी के दिन जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में आयोजित आवास मेले अंतर्गत कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने 125 कुंवारी कन्याओं को भोज कराया। उन्होंने सभी कन्याओं को अपने हाथों से खीर पूड़ी, हलवा सहित विभिन्न प्रकार का मिष्टान्न परोसा और उपहार भेंट किया। साथ ही कन्याओं की मां देवी के रूप में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बता दें कि शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जिस तरह से माता दुर्गा की आवभगत और पूजा-अर्चना की जाती है। उसी तरह से नवरात्रि में सप्तमी तिथि से कन्या पूजन का दौर शुरू हो जाता है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कुंवारी कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर उनका स्वागत सत्कार किया जाता है। नवरात्र में कुंवारी कन्याओं के भोजन कराने से पुण्य और कल्याण की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वन मंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति मुर्मु के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर, दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देशानुसार राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एन. आई. टी. रायपुर, आई. आई. टी. भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।


















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403